
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 71
फरीदाबाद, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



नैतिक रूप से बनें अच्छे

पेज - 12



पंचम माता स्कंदमाता

नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की जाती है। स्कंदमाता को सृष्टि की पहली प्रसूता स्त्री माना जाता है।

मंत्र- 'या देवी सर्वभूतेषु मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।'

● विस्तृत सामग्री पेज-12

भोपाल से आ रहीं डरावनी तस्वीरें और खबरें

# एक साथ 112 शवों का अंतिम संस्कार, रिकॉर्ड में सिर्फ चार

**एजेंसी।** भोपाल

**कोरोना** की दूसरी लहर ने मध्यप्रदेश को बुरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया है। राज्य की स्थिति हर रोज बिगड़ती जा रही है। राज्य में मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ मेडिकल संसाधनों की कमी होने लगी है। राजधानी भोपाल में कोरोना से हालात बहुत ज्यादा खराब हैं।

बीते 24 घंटे में भोपाल में 1681 नए मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं 112 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। हालांकि सरकारी रिकॉर्ड में सिर्फ चार लोगों की मौत होने की बात

### कोरोना संक्रमितों की हुई अंत्येष्टि से प्रशासन भी सकते में है

कही जा रही है। पहली बार एक साथ इतने संक्रमितों की हुई अंत्येष्टि से प्रशासन भी सकते में है, और लोग खौफजदा हैं। भोपाल में संक्रमित 29 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है। भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर में अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। श्मशान घाटों पर एक के बाद एक शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है।



भोपाल के सुभाष नगर विश्रामघाट पर गुरुवार को 50 शव पहुंचे, जिसमें 30 शवों को कोविड प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार किया गया। वहीं भदभदा विश्रामघाट पर 88 शव आए, जिसमें 72 को कोरोना के तहत अंत्येष्टि की गई। इसके अलावा झदा कब्रिस्तान में 17 में से 10 शवों को कोविड प्रोटोकॉल के तहत दफनाया गया। यानी 112 शवों को कोरोना प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार किया गया।

### कांग्रेस का सरकार पर आंकड़े छिपाने का आरोप

**कोरोना** से हो रही मौतों के आंकड़े में गड़बड़झाला सामने आया है। लगातार बढ़ रहे मौत के आंकड़ों से प्रशासन की नींद उड़ गई है। वहीं मौत के आंकड़ों ने सरकार पर कई सवाल खड़े किए हैं। विपक्ष लगातार सरकार पर मौत के आंकड़े छिपाने का आरोप लगा रहा है। प्रदेश के कांग्रेस नेता अजय सिंह यादव ने सरकार पर मौत के आंकड़ों में हेराफेरी का आरोप लगाया है। अजय सिंह ने कहा कि सरकार प्रदेश में कोरोना को लेकर गंभीर नहीं है।

# अंबाला में वायु सेना के हवाई अड्डे से शुरू होंगी घरेलू उड़ानें

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**अंबाला** में वायु सेना के हवाई अड्डे से घरेलू उड़ानें शुरू करने की तैयारी हो गई है। हरियाणा गृहमंत्री अनिल विज की मांग पर केंद्रीय रक्षा मंत्री ने हरियाणा और केंद्र के अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाई है। 28 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली बैठक में अंबाला से घरेलू उड़ानें शुरू किए जाने को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के स्तर आम सहमति कायम की जाएगी।

अंबाला में वायु सेना द्वारा पहले से ही हवाई अड्डा संचालित किया जा रहा है। सैन्य क्षेत्र में यहां वायु सेना का अपना रन-वे भी है। इसी रन-वे का इस्तेमाल करते हुए यहां से घरेलू उड़ानें शुरू किए जाने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। गृहमंत्री अनिल विज ने पिछले दिनों इस मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी।

बैठक में अंबाला में घरेलू हवाई अड्डे के संचालन पर चर्चा की जाएगी। रक्षा मंत्रालय के अलावा बैठक में अंबाला उपायुक्त, हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव, रक्षा सचिव भारत सरकार, असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ भारत सरकार, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के चेयरमैन सहित कई अधिकारी भाग लेंगे।

INDER
TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें (मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad.
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,832 | 28.35 |
| निफ्टी | 14,617 | 36.40 |
| सोना | 46,431 | 09 /10 gm |
| चांदी | 67,460 | 53/ kg |

**मौसम** फरीदाबाद

अधिकतम 36.08°C
न्यूनतम 21.02°C

**आज का मैच**
IPL
मुंबई इंडियंस VS सनराइजर्स हैदराबाद

## क्विक न्यूज

### विनेश और अंशु का विजयी दांव, जीता गोल्ड



**अलमाटी।** टोक्यो ओलंपिक का टिकट हासिल कर चुकी भारतीय स्टार पहलवान विनेश फोगाट (53 किग्रा) ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप का अपना पहला गोल्ड मेडल जीत लिया है। उन्होंने शुक्रवार को खिताबी मुकाबले में चीनी ताइपे की मेंग सुआन सीह को हराया। इस टूर्नामेंट में यह विनेश का पहला गोल्ड मेडल है, इससे पहले उन्होंने इस चैम्पियनशिप में अब तक सात पदक हासिल किए थे, जिसमें तीन रजत पदक शामिल थे।

● विस्तृत खबर पेज 11 पर

### गीतकार पंडित किरण मिश्र का निधन

**मुंबई।** मशहूर गीतकार और चुनिंदा फिल्मी गीत लिखने वाले पंडित किरण मिश्र का शुक्रवार को कोरोना के चलते निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई के सेवेन हिल्स अस्पताल में 67 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। पंडित किरण मिश्र ने 15 दिन पहले कोरोना वैक्सीन की पहली डोज ली थी, जिसके दो दिन बाद उन्हें मामूली बुखार आया था और डॉक्टर की सलाह के अनुसार उन्होंने दवाइयां ली थीं।

12 राज्यों में ऑक्सीजन का संकट, पीएम ने अब ली सुध

# 50 हजार मीट्रिक टन ऑक्सीजन इंपोर्ट करेगी केंद्र सरकार

### 100 नए अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगेंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देशभर** में मेडिकल ऑक्सीजन का संकट बढ़ता जा रहा है। समय पर ऑक्सीजन न मिलने के चलते बड़ी संख्या में कोरोना मरीजों की मौत हो चुकी है। केंद्र सरकार ने इससे निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। तुरंत राहत के तौर पर 50 हजार मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन के इंपोर्ट करने का फैसला किया गया है। केंद्र सरकार के इंपॉवर्ड ग्रुप-2 (ईजी2) की बैठक में यह फैसला लिया है। बैठक में यह भी तय हुआ कि पीएम केयर्स फंड की मदद से देशभर में 100 नए अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के अस्पतालों में ऑक्सीजन के संकट को देखते हुए अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने मेडिकल ऑक्सीजन प्रोडक्शन की क्षमता और अन्य मेडिकल इक्यूपमेंट्स की उपलब्धता को लेकर अफसरों को निर्देश दिए।

उधर, देश में कोरोना की दूसरी लहर चल रही है और इस लहर में हर रोज संक्रमण के नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटों में देशभर में कोरोना महामारी के दो लाख 17 हजार से अधिक नए मामलों की पुष्टि हुई है। वहीं इस दौरान 1100 से अधिक लोगों की मौत भी हो गई है। हालांकि इस बीच देश में टीकाकरण अभियान भी तेजी से चल रहा है। देश में अब तक 11 करोड़ 72 लाख 23 हजार से अधिक कोरोना के टीके लगाए जा चुके हैं। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने भी कहा है कि सरकार कोरोना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

दिल्ली में गुरुवार को हुई ईजी2 की बैठक में उन राज्यों के हालात को लेकर चर्चा हुई, जहां कोरोना के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। उनमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं।

महाराष्ट्र में मेडिकल ऑक्सीजन की डिमांड राज्य में कुल ऑक्सीजन मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी से भी ज्यादा हो गई है। कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित देश के 12 राज्यों में मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता जांची जाएगी। प्रेशर स्विंग एडसॉरप्शन वाली 100 अस्पतालों की पहचान की जाएगी और ऐसे अस्पताल खुद की ऑक्सीजन बनाने में सफल रहते हैं, जिससे मेडिकल ऑक्सीजन की नेशनल ग्रिड पर बोझ कम होता है। पीएम केयर फंड ने ऐसे 162पीएसए प्लांट बनाने के लिए फंड जारी किया था।



### लैंसेट जर्नल ने कहा : हवा के जरिए तेजी से फैलता है कोरोना

**कोरोना** वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच दुनिया के प्रमुख हेल्थ रिसर्च जर्नल लैंसेट ने बड़ा दावा किया है। जर्नल में प्रकाशित एक रिव्यू में दावा किया गया है कि कोरोना वायरस हवा के जरिए तेजी से फैलता है। वायरस को लेकर अब तक छपी अलग-अलग स्टडी का रिव्यू कर एक्सपर्ट्स ने अपनी बात को साबित करने के लिए कई कारण भी सामने रखे हैं। रिव्यू की मुख्य लेखक ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की त्रिश ग्रीनहाल का कहना है कि नए खुलासे के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) समेत दूसरी हेल्थ एजेंसियों को वायरस के ट्रांसमिशन होने की परिभाषा को बदलने की जरूरत है। उन्होंने फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क समेत जो अन्य नियम बनाए हैं, वह इस वायरस को रोकने में काफी नहीं हैं। इस रिव्यू को यूके, यूएसए और कनाडा के छह एक्सपर्ट्स ने लिखा है।

### संतों में संक्रमण फैलने पर आपस में भिड़े अखाड़े

**उत्तराखंड** में आस्था के महाकुंभ के बीच अब कोरोना का कुंभ भी शुरू हो गया है। आलम ये है कि कुंभ में संक्रमण फैलने को लेकर अब अखाड़े के साधु-संत आपस में भिड़ गए हैं। एक-दूसरे पर कोरोना फैलाने को लेकर आरोप लगा रहे हैं। बैरागी अखाड़े ने आरोप लगाया कि कुंभ में संक्रमण संन्यासी अखाड़ों से फैला है। निर्मोही अखाड़े के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास ने कुंभ में बढ़ते संक्रमण के मामलों के लिए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि को जिम्मेदार ठहराया है। हरिद्वार में कुंभ मेले का समय 30 अप्रैल तक है। कोरोना के चलते इस साल कुंभ का मेला जनवरी की बजाय एक अप्रैल से शुरू किया गया था। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए निरंजनी अखाड़े ने 15 दिन पहले ही कुंभ मेला खत्म करने का ऐलान कर दिया था। अब इस अखाड़े के 17 साधु-संतों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर कपिल देवदास (65) की मौत भी हो चुकी है।

### सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ ने बाइडेन से मांगी मदद

**देश** की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के सीईओ अदार पूनावाला ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मदद मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर कहा कि अगर हम कोरोना के खिलाफ सचमुच गंभीर हैं तो रॉ मैटेरियल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दें। पूनावाला ने लिखा, आदरणीय राष्ट्रपति अगर हम सचमुच वायरस को हराने को लेकर एकजुट हैं, तो अमेरिका के बाहर के वैक्सीन इंडस्ट्री के आधार पर मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि अमेरिका के बाहर रॉ मैटेरियल्स के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध को हटा दें। ताकि वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाया जा सके। आपके प्रशासन के पास विस्तृत जानकारी है।

### इंडियानापोलिस में एयरपोर्ट के पास फायरिंग में 8 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियानापोलिस शहर में अंधाधुंध फायरिंग हुई है। फायरिंग में 8 की मौत हुई है, जबकि कई घायल हैं। घायलों की संख्या अभी पता नहीं चल पाई है। इंडियानापोलिस मेट्रोपोलिटन पुलिस डिपार्टमेंट की प्रवक्ता जेनी कुक ने बताया कि यह घटना इंडियानापोलिस में एयरपोर्ट के पास मिराबेल रोड 8951 स्थित फेड एक्स कंपनी के वेयरहाउस में गुरुवार रात को हुई।

### गुरुग्राम के भोंडसी में छात्रा ने फांसी लगाई

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के भोंडसी थाना के अंतर्गत घामरोज गांव में एक 16 वर्षीय छात्रा ने प्रधानाचार्य की प्रताड़ना और मारपीट से तंग आकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने प्रधानाचार्य मनोज राघव और उनके भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिव कॉलोनी निवासी समय सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी मोनिका विवेक भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा दस की छात्रा थी।


हरियाणा के पूर्व सीएम को सीबीआई कोर्ट से मिला तेज झटका

# एजेएल प्लाट आवंटन मामले में भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर आरोप तय

**पायनियर समाचार सेवा।** पंचकूला

**एसोसिएटेड** जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) प्लाट आवंटन मामले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सीबीआई कोर्ट से करारा झटका लगा है। पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री पर एजेएल प्लाट आवंटन मामले में आरोप तय कर दिए हैं। सीबीआई कोर्ट ने पूर्व सीएम पर आईपीसी की धारा 420, 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत आरोप तय कर दिए हैं। सीबीआई कोर्ट द्वारा आरोप तय करने के साथ ही अब सात मई से इस मामले में मुख्य ट्रायल शुरू हो जाएगा।

सीबीआई कोर्ट ने एजेएल प्लाट आवंटन मामले में बचाव पक्ष द्वारा लगाई गई डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया है। पंचकूला की सीबीआई कोर्ट में इस मामले में मुख्य आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पेश हुए थे। एजेएल प्लाट आवंटन मामले के दूसरे मुख्य आरोपी रहे एजेएल हाउस के चेयरमैन मोतीलाल वोरा की पहले ही मौत हो चुकी है। अब इस मामले में सीबीआई कोर्ट में गवाहों के बयानों का सिलसिला शुरू होगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर



### सीबीआई कोर्ट ने खारिज की याचिका

आरोप है कि उन्होंने 64.93 करोड़ रुपये का प्लाट एजेएल को 6939000 रुपये में आवंटित करवा दिया। पंचकूला सेक्टर-6 स्थित सी-17 नंबर एजेएल को आवंटित किया था। 2018 में ईडी ने इसे कुर्क कर लिया था। कथित तौर पर नेहरू-गांधी परिवार के सदस्यों समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा संचालित किया जाने वाला एजेएल ग्रुप नेशनल हेराल्ड अखबार निकालता था। ईडी की जांच में पाया कि हुड्डा ने मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान अपने पद का दुरुपयोग कर यह प्लाट नए सिरे से एजेएल को 1982 की दर (91 रुपये प्रति वर्ग मीटर) और ब्याज के साथ फर्जी तरीके से आवंटित कर दिया।

24 अगस्त 1982 को पंचकूला सेक्टर-6 में 3360 वर्गमीटर का प्लॉट नंबर सी-17 तत्कालीन मुख्यमंत्री भजनलाल ने एजेएल प्रकाशन समूह के हिंदी अखबार नवजीवन को आवंटित किया था। कंपनी को छह माह में निर्माण शुरू करके दो वर्ष में काम पूरा करना था, वह 10 साल में भी ऐसा नहीं कर पाई। इसके बाद 30 अक्टूबर 1992 को एचएसवीपी ने आवंटन रद्द करके प्लाट को वापस ले लिया। 14 मार्च 1998 को एजेएल की ओर से आबिद हुसैन ने चेयरमैन हुडा को प्लाट आवंटन की बहाली के लिए अपील की।

14 मई 2005 को एचएसवीपी के चेयरमैन ने अफसरों को एजेएल कंपनी के प्लाट आवंटन की बहाली की संभावनाएं तलाशने को कहा, पर कानून विभाग ने आवंटन बहाली के लिए साफ तौर पर इंकार कर दिया। 18 अगस्त 1995 को नए आवंटन के लिए आवेदन मांगे गए। इसमें एजेएल कंपनी को आवेदन करने की छूट दी गई। 28 अगस्त 2005 को एचएसवीपी ने एजेएल को ही 1982 की मूल दर पर प्लाट आवंटित कर दिया। इसके साथ ही साथ ही कंपनी को छह माह में निर्माण शुरू करके एक साल में काम पूरा करने को भी कहा। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) की शिकायत पर राज्य सतर्कता विभाग ने मई 2016 को इस मामले में केस दर्ज किया।

### टेस्ला जल्द से जल्द भारत में शुरू करें उत्पादन : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार निर्माता और अमेरिकी कंपनी टेस्ला से भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन जल्द से जल्द शुरू करने की अपील की है। गडकरी ने टेस्ला को आश्वासन दिया कि सरकार ईवी निर्माता को देश में औद्योगिक क्लस्टर बनाने में मदद करेगी।

गडकरी ने कहा है कि भारत जिस तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर दे रहा है, उसको देखते हुए इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला के लिए यहां कारखाना लगाने के लिए एक सुनहरा अवसर है।

## हरियाणा में अब पहली से 12वीं तक के स्कूल बंद

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में चल रहे नौवीं से 12वीं तक के स्कूलों को भी बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। शनिवार से अब इन कक्षाओं के स्कूल भी नहीं लगेंगे। स्कूल कब तक बंद रहेंगे। इस बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

हरियाणा सरकार पहली से आठवीं तक के स्कूलों को पहले ही 30 अप्रैल तक बंद कर चुकी है। कोरोना को देखते हुए सरकार ने दसवीं की परीक्षाएं रद्द करते हुए 12वीं की परीक्षाओं को एक माह के लिए टाल दिया है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नौवीं से 12वीं कक्षाओं तक के स्कूल बंद करने का फैसला लिया जा चुका है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। गुर्जर ने कहा कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। क्योंकि हरियाणा में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। ऐसे में स्कूली छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आगे जो परिस्थितियां होंगी, उनके अनुसार निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सरकार के निर्देशों के उलट जाकर, जो भी स्कूल खोलेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भारत आएगा पीएनबी घोटाले का भगोड़ा आरोपी

# ब्रिटिश गृह मंत्रालय ने भी दी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण को मंजूरी

**एजेंसी।** लंदन

**पीएनबी** घोटाले में वॉन्टेड हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण को ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। अब उसका भारत आना तय हो गया है। फरवरी में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर कोर्ट में नीरव के प्रत्यर्पण पर आखिरी सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने भी नीरव को भारत भेजने की मंजूरी दी थी। जज सेमुअल गूजी ने कहा था कि नीरव मोदी को भारत में चल रहे केस में जवाब देना होगा। उन्होंने माना कि नीरव मोदी के



खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। दो साल चली कानूनी लड़ाई के बाद यह फैसला आया था। नीरव मोदी पर पीएनबी से 14 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करके जनवरी 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया था।

जज ने कहा कि नीरव मोदी को भारत भेजा जाता है तो ऐसा नहीं है कि उन्हें वहां इंसाफ न मिले। कोर्ट ने नीरव मोदी की मानसिक स्थिति ठीक न होने की दलील भी खारिज कर दी है। कहा कि ऐसा नहीं लगता उन्हें ऐसी कोई परेशानी है। कोर्ट ने मुंबई की ऑर्थर रोड जेल की बैरक नंबर-12 को नीरव के लिए फिट बताया। हालांकि कानूनविद् बताते हैं कि गृह मंत्रालय की ओर से प्रत्यर्पण के आदेशों पर दस्तखत का मतलब ये नहीं है कि उसे तुरंत भारत भेज दिया जाएगा। गृह मंत्रालय की मंजूरी के बावजूद अभी नीरव मोदी हाईकोर्ट में अपील कर सकता है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में अपील और ब्रिटेन में शरण लेने का रास्ता भी उसके पास है।

# दिल्ली-एनसीआर में तेज धूप के बाद बदला मौसम

**एजेंसी।** नई दिल्ली


**दिल्ली-एनसीआर** में दोपहर तक चिलचिलाती धूप के बाद शाम होते ही धूल भरी तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। जहां धूप की वजह से दिन में काफी गर्मी थी, वहीं अब दिल्ली-एनसीआर का मौसम कुछ सुहाना जरूर हुआ है, हालांकि धूल भरी हवाएं चलने से राहगीरों को परेशानी जरूर हो रही है।

दिल्ली एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला नजर आया। फरीदाबाद में देर शाम हुई बूंदाबांदी और तेज हवा चलने से मौसम खुशगवार हो गया। शहर में देर रात तक बूंदाबांदी होती रही। दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा,

### अगले चौबीस घंटे में तेज हवा, बारिश की संभावना

गाजियाबाद, सोनीपत में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच शुक्रवार से दो दिन के लिए दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत मिलने का अनुमान मौसम विभाग ने पहले ही लगाया था। अगले 24 घंटों में दिल्ली में तेज हवा चलने के साथ शाम तक बारिश की भी संभावना बनी हुई है। इससे अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को मौसम का रुख बदलेगा और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान लगाया गया था जो सही साबित हो रहा है। इसके साथ ही शाम तक हल्की बारिश होने की भी संभावना है। अगले 48 घंटों में भी दिल्ली एनसीआर के आसमान में बादल मंडराते रहेंगे और तेज धूप से लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि इस माह के अंत तक दिल्ली एनसीआर में लू चलने की भी संभावना है।



### ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी

**येलो** अलर्ट के बीच शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। शनिवार को भी मध्य पर्वतीय और मैदानी जिलों में बारिश, अंधड़ और बिजली गरजने की चेतावनी जारी हुई है। 22 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। शुक्रवार को राजधानी शिमला में कई दिनों बाद दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में शुक्रवार को बादल छाए रहने के साथ धूप भी खिली। रोहतांग, कुंजम दर्रा सहित मनाली की ऊंची चोटियों में शुक्रवार को ताजा बर्फबारी हुई।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## कोविड-19 से बचाव की चाबी सरकार के नहीं लोगों के हाथों में है : डॉ. सचिन मित्तल

गत वर्ष जब कोरोनाकाल शुरू हुआ था, तब किसी को बीमारी के बारे में अच्छी तरह पता नहीं था। तब सरकार ने लॉकडाउन लगाकर बीमारी से लड़ने की तैयारी करने के साथ लोगों को जागरूक भी कर दिया था। इसलिए अब कोरोना से बचाव की चाबी लोगों के हाथों में है। देश को लॉकडाउन से बचाने के लिए मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियमों को दृढ़ता से पालन करना होगा। यह कहना है एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. सचिन मित्तल का। ग्रामीण पृष्ठभूमि से संबंधित एवं तिगांव में जन्में व पले बढ़े डॉ. मित्तल जरूरतमंद मरीजों की मदद भी करते हैं। *पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. सचिन मित्तल की बातचीत के अंश :-*



**जीवन परिचय**

नाम : डॉ. सचिन मित्तल
जन्मदिन : 28 दिसंबर 1984
पिता : बृजगोपाल मित्तल
माता : मंजू रानी
पत्नी : डॉ. नूपुर अग्रवाल
परिवार : बेटी लावन्या व बेटा शौर्या
स्कूल : 10वीं - विद्या मंदिर स्कूल, 12वीं-मॉडर्न विद्या निकेतन स्कूल
उच्चशिक्षा : एमबीबीएस, एमएस, एफएनबी (एमएएस), डीएनबी, एमसीएलएस, एमएनएएमएस, एफएमएएस

● **सवाल : आपको डॉक्टर बनने की प्रेरणा कैसे मिली।**

**जवाब :** मैं मूलरूप से तिगांव का निवासी हूं। उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी अभाव था। जिसे देखते हुए मैंने डॉक्टर बनने का फैसला लिया था। जिसके लिए खूब मेहनत की और डॉक्टर बनने में कामयाब हुआ।

● **सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**

**जवाब :** मैं स्कूल और कॉलेज के दौरान बैडमिंटन और क्रिकेट खेलता था। वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेता था।

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 2012 से मैंने एक साल दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल में काम किया। वर्ष 2013 में दिल्ली के एम्स में आ गया। कुछ समय बाद में सुपर स्पेशिलिटी लेप्रोस्कोपी सर्जरी का कोर्स करने के लिए मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज चला गया। वर्ष 2017 में मैंने मेट्रो अस्पताल ज्वॉइंन कर लिया। नवंबर 2020 से एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल में कार्यरत हूं।

● **सवाल : आपके पास किस तरह की सर्जरी के केस आते हैं।**

**जवाब :** आमतौर पर गोली अथवा चाकू लगने, पित्त की थैली की पत्थरी, मोटापा कम करने और अन्य कई तरह के गंभीर ऑपरेशन के मरीज आते हैं।

● **सवाल : पित्त की थैली में पत्थरी बनने के क्या कारण हैं।**

**जवाब :** कोलेस्ट्रॉल के कारण पित्त की थैली में पत्थरी बनती है। पित्त की थैली में पत्थरी जितनी छोटी होगी, उतनी ही खतरनाक होती है। क्योंकि नली में फंस कर यह पीलिया या पैनक्रियेटाइटिस बना सकता है। आगे चलकर कैंसर का खतरा भी रहता है। इसलिए ऑपरेशन कर पित्त की थैली को निकाल दिया जाता है।

● **सवाल : पित्त की थैली निकालने के बाद कोई परेशानी होती है।**

**जवाब :** लोगों का भ्रम है कि पित्त की थैली निकालने से हाजमे की दिक्कत होती है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। पित्त लीवर बनाता है और थैली सिर्फ पित्त को स्टोर करती है। थैली निकलने के बाद पित्त नलियों के द्वारा सीधा आंतों में जाता है। जिससे हाजमें की दिक्तत नहीं होती।

● **सवाल : लॉकडाउन में आप मरीजों का कैसे इलाज कर रहे थे।**

**जवाब :** सर्जरी के मरीजों को फोन पर सलाह देना सम्भव नहीं होता। सर्जरी टालने से बीमारी गंभीर हो जाती है। इसलिए हमने मरीजों को अस्पताल बुलाकर इलाज किया।

● **सवाल : क्या समाज के कल्याण के कार्य भी करते हैं।**

**जवाब :** लॉकडाउन में हम लोगों को फोन पर नि:शुल्क परामर्श और इलाज बता रहे थे। अब मैंने अपने गांव तिगांव में हर रविवार को ग्रामीणों की सहायता के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने का फैसला लिया है।

● **सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के बल पर ही कोरोना को हरा सकते हैं।

● **सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने ठीक समय पर लॉकडाउन किया था। इसी वजह से हमारे देश में स्थिति नियंत्रण में रही है।

**शहर का तापमान**

● अधिकतम 36.00 डिग्री सेल्सियस
● न्यूनतम 21.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- बीके अस्पताल की ओपीडी और कोरोना जांच: सुबह 8 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई और किसानों का धरना: सुबह 10 बजे
- मंदिरों में पांचवें दिन की पूजा: सुबह 5 बजे
- शहर के विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे

**निवेश गुरु**

**राष्ट्रीय** पेंशन योजना (एनपीएस) में 70 साल के बुजुर्ग भी खाता खोल सकेंगे। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने सरकार के पास प्रस्ताव भेजकर इसकी अनुमति मांगी है। नियामक ने कहा है कि एनपीएस खाता खोलने की अधिकतम उम्र सीमा मौजूदा 65 साल से बढ़ाकर 70 साल कर दी जाए। पीएफआरडीए ने प्रस्ताव में यह भी शामिल किया है कि अगर कोई व्यक्ति 60 साल की उम्र के बाद एनपीएस से जुड़ता है, तो उसे 75 की उम्र तक खाता चलाने और रिटर्न पाने की इजाजत दी जाए। अभी एनपीएस खाते पर अधिकतम 70 साल की उम्र तक ही रिटर्न मिल सकता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### एलआईसी कार्यालय में लगा टीकाकरण शिविर

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक करते हुए सेक्टर 12 के एलआईसी कार्यालय में युवा मोर्चा जिला सचिव कार्तिक वशिष्ठ और एलआईसी के सहयोग से आयोजित कोविड-19 टीकाकरण शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नीता खट्टर, निकेश यादव, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, पंकज सिंगला, सचिन ठाकुर गोल्डी अरोड़ा, मंदीप वशिष्ठ, प्रशांत मित्तल, प्रदीप कुमार, राज मदान आदि उपस्थित रहे। कोरोना वैक्सीन कैम्प का शुभारम्भ करने के बाद ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत अभी तक लगभग 12 करोड़ लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

**क्विक न्यूज**

### बीजेपी ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा का चुनाव लड़ रही टीएमसी प्रत्याशी सुजाता मंडल खान द्वारा अनुसूचित जाति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में फरीदाबाद के जिला उपायुक्त यशपाल यादव के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उनके साथ महामंत्री डॉ. आरएन सिंह, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, प्रदेश लीगल सह संयोजक प्रकाश वीर नागर, जिला लीगल संयोजक केएल शर्मा, राज मदान और सुनील आनंद आदि उपस्थित रहे। भाजपाइयों ने ज्ञापन सौंपकर महामहिम राष्ट्रपति से उनके खिलाफ कानूनी करवाई की मांग की है।

# ग्रेटर फरीदाबाद : दबंगों के आतंक के साए में जी रहे हैं सोसायटी वासी

### नहरपार का इलाका ग्रेटर फरीदाबाद तो बना दिया पर नहीं बदली व्यवस्थाएं

राजेश दास। फरीदाबाद

सिटी इश्यू



**प्रदेश** सरकार ने नहरपार इलाके को मॉडर्न नाम देकर ग्रेटर फरीदाबाद तो बना दिया। लेकिन आज भी यहां सुविधाओं का अभाव तो बना ही हुआ है, साथ ही दबंगों का आतंक भी लगातार बरकरार है। मिनी भारत के नाम से पहचाने जाने वाली फरीदाबाद में इन दिनों क्षेत्रवाद का स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। क्षेत्रवाद का फायदा इन दिनों फरीदाबाद के कुछ दबंगों द्वारा जमकर उठाया जा रहा है। ग्रेटर फरीदाबाद के बसने के साथ ही यहां पर क्षेत्रवाद का फायदा उठा कर कुछ दबंग किस्म के लोगों ने अपने पैर जमाने शुरू कर दिए थे।

ग्रेटर फरीदाबाद की कई सोसायटियों में दबंगों का राज चल रहा है। इन दबंगों ने सोसायटियों में छोटे से छोटे व्यवसाय पर कब्जा किया हुआ है। जो इनके खिलाफ आवाज उठाता है, उसे दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है। दबंगों ने आवाज उठाने पर एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर पंकज विश्वामित्र पर कई बार जानलेवा हमला कराया था। हाल में एक सोसायटी के महासचिव को प्रधान ने अपने घर बुला लिया। जहां प्रधान के बेटे महासचिव को इतनी बुरी तरह पीटा की बैट तक टूट गया। पीड़ित ने आरडब्ल्युए के हित में आवाज उठाई थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। लेकिन पुलिस का हर बार की तरह वहीं रवैया है।

**पैसों के लिए दहशत**

**ग्रेटर** फरीदाबाद में दबंगों द्वारा पैसों के लालच में लगातार दहशत फैलाने का काम किया जा रहा है। कहीं बिजनेस के लिए तो कहीं बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए अत्याचार किए जा रहे है। ज्यादातर सोसायटियों में तमाम तरह के व्यवसायों पर दबंगों का पूरी तरह से कब्जा है। इन दबंगों ने सोसायटियों की सुरक्षा, रख रखाव, बागवानी और हाउसकीपिंग के काम को पूरी तरह से अपने कब्जे में लिया हुआ है। इन सोसाटियों में यह दबंग तय करते हैं कि सुरक्षा कर्मचारी किसे नियुक्त किया जाना, रख रखाव के काम कौन करेगा, बागवानी का काम किन लोगों को दिया जाएगा और यहां तक कि कोई व्यक्ति अपने घर में घरेलू नौकर तक इनकी मर्जी के बिना नहीं रख सकता। इन सेवाओं के लिए यहां के निवासी अथवा आरडब्ल्युए किसी तरह का मोलभाव भी नहीं कर सकती है। इन सेवाओं की कीमत भी इन दबंगों द्वारा अपनी मर्जी से तय की जाती है। इन दबंगों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई न होने और पहुंच वाले लोगों का संरक्षण मिलने से इनके हौंसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिसकी वजह से ग्रेटर फरीदाबाद में रहने वाले हजारों लोग इन दबंगों के हाथों लुटने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

**समझौते का दबाव**




**आरडब्ल्युए** की पूर्व प्रधान एवं पीड़ित धीरेंद्र दुबे की बहन इंदिरा कोठारी का कहना है कि इन सोसायटियों में रहने वाले लोग दबंगों की दहशत के साए में जी रहे है। यह लोग कभी भी किसी को भी अपमानित करने से नहीं चूकते। उनके भाई के साथ हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई करने की बजाए समझौता कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**पुलिस का ढुलमुल रवैया**

**ग्रेटर** फरीदाबाद में दबंगों द्वारा हमला करने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दबंग यहां के निवासियों को आए दिन धमकी देकर अपमानित तो करते ही हैं। साथ ही कई बार मारपीट और जानलेवा हमला तक कर चुके हैं। पकंज विश्वमित्र पर दबंगों ने पहले फरीदाबाद में और फिर नोएडा में भी जानलेवा हमला करवाया था। यदि पुलिस पहले ही कार्रवाई कर देती तो दबंग दूसरी बार हमला करवाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। पीड़ित धीरेंद्र दुबे की बहन एवं सोसायटी की पूर्व प्रधान इंदिरा कोठारी का आरोप है कि उन्होंने मामले की शिकायत थाना बीपीटीपी में की है। लेकिन जांच अधिकारी का रवैया ढुलमुल नजर आ रहा है। शिकायत के बाद बीटी करने के दो घंटे बाद जांच अधिकारी थाने में पहुंचा। जिसके बाद भी उसने उल्टा उन्हें तीन घंटे बैठाए रखा। थाने में बुलाए जाने पर आरोपी उल्टा पुलिस के सामने ही उन्हें धमकाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने इस संदर्भ में अभी मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस की तरफ से लगातार समझौता करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**बेरहमी से की मारपीट**



फाइल फोटो

**आईआईटी** डॉ. धीरेंद्र दुबे ग्रेफ की एक सोसायटी में परिवार के साथ रहते हैं। उनका कहना है कि वे सोसायटी की आरडब्ल्युए के महासचिव हैं। पिछले दिनों सोसायटी के प्रधान ने उन्हें, उपाध्यक्ष, सचिव और खजांची को बताए बिना आरडब्ल्युए की नई कार्यकारणी रजिस्टर्ड करवा ली। जबकि पुरानी कार्यकारणी आरडब्ल्युए सदस्यों द्वारा चुनी गई थी। पता चलते ही धीरेंद्र दुबे ने प्रधान से रजिस्ट्रेशन की कॉपी मांगी तो उन्होंने अपने घर बुला लिया। घर पहुंचने प्रधान उन्हें अपने बैडरूम में ले गए। जहां प्रधान के बेटे ने बैट से धीरेंद्र दुबे की बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। उन्हें इतनी बुरी तरह पीटा गया कि बैट तक टूट गया। दुबे का आरोप है कि बुरी तरह घायल करने के बाद प्रधान उन्हें जबरन एक निजी अस्पताल में ले गया। जहां उपचार कराने के बाद रास्ते में कार रोक माफी मांगने का नाटक करते हुए इस बात को न उजागर करने का दबाव बनाने लगे। बाद में घर पहुंच कर उन्होंने परिवार के सदस्यों की मदद से मेडिकल करवाने के बाद पुलिस से शिकायत कर दी।



## ट्रेनी डॉक्टर के भाई शहबाज ने कर दिखाया आईपीएल में कमाल

कविता। फरीदाबाद



**नूंह** में रहने वाले शहबाज अहमद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर आईपीएल में अपना कमाल दिखाया है। शहबाज अहमद फरीदाबाद के बीके अस्पताल में तैनात एक ट्रेनी चिकित्सक डॉ. फरहीन के बड़े भाई हैं। डॉ. फरहीन फिलहाल एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करके बीके अस्पताल में ट्रेनिंग ले रही हैं। शहबाज द्वारा तीन विकेट लेने और 14 रन बनाने पर फरहीन को डाक्टरों ने बधाई दी। फरहीन का कहना है कि क्रिकेट और पढ़ाई की वजह से वह भाई के साथ समय नहीं बिता पाती। लेकिन वह खुश है कि उनके भाई ने हरियाणा का नाम रोशन किया है।

**ऐसे किया कमाल**

**शाहबाज** बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के साथ मैच में दो ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिए। शाहबाज ने तीनों विकेट हैदराबाद की पारी के 17 वें ओवर में लिए और यहीं से मैच का रुख बेंगलौर की ओर पलट गया। इससे पहले उन्होंने 10 गेंदों पर 14 रन भी बनाए थे। शाहबाज के कदम क्रिकेट में बढ़ते देखकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं है।

**पढ़ाई के बजाय क्रिकेट**

**फरहीन** ने बताया कि वह नूंह के सिकरावा गांव की निवासी है। उनके पिता अहमद जान एसडीएम के रीडर हैं। जॉब और हम भाई-बहनों की पढ़ाई के लिए गांव छोड़कर वे हथीन में रहने लगे। फरहीन का कहना है कि अब्बू चाहते थे कि उनके भाई शाहबाज इंजीनियर बने, लेकिन भाई को क्रिकेट खेलना पसंद था। वह अपने दादा की तरह खेलना चाहते थे। अब्बू ने शाहबाज का 12वीं के बाद एडमिशन फरीदाबाद स्थित मानव रचना यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में कराया था। लेकिन यहां वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बजाय क्रिकेट खेलने के लिए चले जाते थे। यूनिवर्सिटी की ओर से अब्बू के पास मैसेज आने पर इसका खुलासा हुआ।

**ऐसे ली ट्रेनिंग**

**शहबाज** को गुरुग्राम में तिहरी स्थित क्रिकेट एकेडमी में भेजा गया। वहां कोच मंसूर अली ने उन्हें ट्रेनिंग दी। वहीं ग्रेजुएशन के बाद उनके दोस्त प्रमोद चंदीला उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए पश्चिम बंगाल लेकर गए। चंदीला भी पश्चिम बंगाल में क्लब क्रिकेट खेलते हैं। शहबाज को वहां घरेलू टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने पर बंगाल 2018-19 में रणजी टीम में जगह मिली। 2019-20 में उनका चयन इंडिया ए टीम में हुआ। 2020 आईपीएल ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुर ने शहबाज को 20 लाख में खरीदा। हालांकि उन्हें यूएई में दो मैच ही खेलने का मौका मिला था। शहबाज रविंद्र जड़ेजा को अपना आदर्श मानते हैं और उनकी तरह ही ऑलराउंडर बनना चाहते हैं।

### भारद्वाज ने लगवाया कैंप

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा के गांव महमदपुर में निशुल्क कोविड वैक्सीनेशन कैंप हरियाणा स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा लगाया गया। कैंप का शुभारंभ भाजपा फरीदाबाद के जिला उपाध्यक्ष लखमीचंद भारद्वाज ने किया। कैंप में लगभव 100 महिलाओं व पुरुषों को कोविशील्ड वैक्सीन के टीके लगाए गए।

लखमीचंद भारद्वाज ने भी कोविशिल्ड वैक्सीन टीका लगवाया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखमीचंद भारद्वाज ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि अपनी पात्रता के अनुसार वैक्सीनेशन जरूर कराएं और कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मस्क पहनकर उचित दूरी बनाए रखकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस मौके हरियाणा स्वस्थ विभाग की ओर से एएनएम बीना, हेल्थ सुपरवाइजर मीना, आगनबाड़ी वर्कर चेतन ने ग्रामीणों को कोविशील्ड वैक्सीन के टीके लगाए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्लेजहैमर ने जीता नौ विकेट से मैच



**फरीदाबाद।** 7वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने श्री एस क्रिकेट अकादमी टीम को नौ विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्यण लिया। श्री एस क्रिकेट अकादमी टीम ने 38.5 ओवर में 10 विकेट पर 190 रन बनाए। साहिल सिंह ने 67 रन, दीपक त्यागी ने 29 रन और जोहित मुंजाल ने 27 रन बनाए। स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज दीपांश कुमार और चंद्रापाल सैनी ने 2-2 विकेट, उज्जवल शुभम बिशनोई और हर्ष कुमार ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी टीम ने 21 ओवर में एक विकेट पर 193 बनाकर मैच जीत लिया। आदर्श शर्मा ने 85 रन, विपुल कुमार कौशिक ने 75 रन और अनुभव आहूजा ने 31 रन बनाए। श्री एस क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाज अभिषेक सिंह ने एक विकेट लिया। लाखन एम्पायर ने मैन ऑफ़ दा मैच का पुरस्कार आदर्श शर्मा को दिया। स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी आदर्श शर्मा ने 56 बॉल में 10 चौके छक्के लगाकर 85 रन बनाए।

### साईधाम ट्रस्ट में लगाया गया कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप



**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टेंपल सोसायटी, सेक्टर 86 फरीदाबाद में कोविड 19 टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ साई धाम ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता द्वारा किया गया। टीकाकरण से पहले सेमीनार हॉल को सेनिटाज किया गया। कैंप में सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई थी। इसमें 143 व्यक्तियों को कोविड से बचाव का टीका लगाया गया। वैक्सीनेशन के बाद आधा घंटा वहीं पर बैठाया। किसी केस में कोई दिक्कत नहीं आई और सभी स्वस्थ हैं। इसमें मुकेश चन्द्रा (आईएएस रिटार्यड), उनकी धर्मपत्नी कविता चन्द्रा, वाईके जैन आदि टीकाकरण शामिल हुए। साई धाम ट्रस्ट हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है। चाहे कोरोना काल जैसे कठिन समय में लोगों को राशन और उपलब्ध कराना हो या फिर गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, भोजन, वर्दी आदि उपलब्ध कराना हो। शिरडी साई बाबा स्कूल गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करता है। इसका शिक्षा स्तर, रहन-सहन और खाना फरीदाबाद के मंहगे स्कूलों से बेहतर है। इस कार्यक्रम को ट्रस्ट के मेनेजर केऐ पिल्ले, प्रिंसिपल बीनू शार्मा व दर्शना गुप्ता ने सुचारू रूप से संभाला। मेडिकल टीम ने टीकाकरण के प्रबंध की सराहना की और टीका लगवाने जो व्यक्ति आये उनकी भी अच्छे से देखभाल की गई। सभी का नंबर से टीकाकरण किया गया। उनके बैठने की उचित व्यवस्था की गई।

### श्रीएस अकादमी ने जीता 110 रन से मैच



**फरीदाबाद।** 7वें ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में थ्रीएस क्रिकेट अकादमी ने एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर टीम को 110 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था। थ्री एस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। थ्री एस क्रिकेट अकादमी टीम के बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 39.4 ओवर में 10 विकेट पर 251 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए नमन शर्मा ने 101 रन, तुषार त्यागी ने 78 रन और प्रिन्स यादव ने 15 रन बनाए। एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर की और से गेंदबाजी करते हुए रोहित सैनी ने तीन विकेट, विक्की सूद और मनन सूद ने 2-2 विकेट, अंकित गुप्ता और केशव कुमार ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर टीम को 30.1 ओवर में 10 विकेट पर 141 बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए शिवांश शर्मा ने 71 रन, विकास ने 28 रन ओर मोहित सैनी ने 9 रन बनाए। थ्रीएस क्रिकेट अकादमी के गेंदबाजी करते हुए आर्यन दिऑल ने 5 विकेट, प्रिंस यादव ने दो विकेट, स्वारीत यादव और कृष्णा त्यागी ने एक-एक विकेट लिए। मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार आर्यन दिऑल दिया गया। आर्यन दिऑल ने सात ओवर में 33 रन देकर पांच विकेट लिए।

### स्कूल में कोरोना टीका उत्सव



**फरीदाबाद।** आइडियल पब्लिक स्कूल, शिव दुर्गा विहार, लक्कडपुर, फरीदाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग, फरीदाबाद के सहयोग से सरकार द्वारा चलाये जा रहे कोरोना टीका उत्सव अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क कोरोना वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारम्भ स्कूल के चेयरमैन फूलचंद भड़ाना के करकमलों द्वारा किया गया। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि अफवाहों पर ध्यान न देकर सभी कोरोना की वैक्सीन लगवाएं। क्योंकि वैक्सीन ही आपको संक्रमण से बचा सकती है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए फूलचंद भड़ाना ने कहा की जिला उपायुक्त के मार्गदर्शन में यह सभी कार्य किए जा रहे हैं। आज तकरीबन डेढ़ सौ लोगों को वैक्सीनेशन लगाई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई को तेज करने के लिए देश में चार दिवसीय 'टीका उत्सव' मनाया जा रहा है। टीका उत्सव का उद्देश्य इस घातक संक्रामक बीमारी के खिलाफ अधिकतम लोगों को टीका लगाना है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रिन्सपल सुदेश भड़ाना ने कहा की कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान मात्र वैक्सीन भी लोगों को जीवन का आधार नजर आ रही है। देखते हुए आज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने ने कहा की वैक्सीनेशन के साथ-साथ सभी जरूरी एतिहात भी बरतें। सावधानी में ही बचाव है।

# चतुर्थ नवरात्रे पर हुई मां कूष्माण्डा की भव्य पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**कोरोना** महामारी के बीच नवरात्रों के चौथे दिन शहर के मंदिरों में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्माण्डा की भव्य पूजा-अर्चना की गई। इनकी पूजा से रोगों का नाश होता है। धन-धान्य और संपदा की प्राप्ति होती है। भौतिक और आध्यात्मिक सुख प्राप्त होता है। शहर के मंदिरों में भी मां की पूजा-अर्चना के लिए भीड लगी रही।

## वैष्णो देवी मंदिर में

**नवरात्रों** के चौथे दिन सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर तिकोना पार्क में मां कूष्माण्डा की भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में प्रात: कालीन आरती के दौरान मां कूष्माण्डा की पूजा और हवन यज्ञ किया गया। श्रद्धालुओं ने मां कूष्माण्डा से मन की मुराद मांगी। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा के लिए पधारे श्रद्धालुओं ने मां से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उनके साथ मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने आए हुए अतिथि और श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

## काली मंदिर में

**तिकोना** पार्क स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में नवरात्रों के चौथे दिन मंदिरों में मां के श्रद्धालुओं ने मां भगवती कूष्माण्डा के स्वरूप में मां की पूजा अर्चना की। श्रद्धालु प्रथम नवरात्रे से ही मंदिरों में सुबह व सायं पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। महंत ने बताया कि मां दुर्गा के चौथे स्वरूप को कूष्माण्डा देवी कहते हैं। मान्यता है कि वे अपनी हंसी से ब्राह्माण्ड को उत्पन्न करती हैं। वे सूर्य मंडल के भीतर निवास करती हैं। सूर्य के समान उनकी दैदीप्यमान कांति हैं। तत्कालेश्वर मंदिर एनएच-पांच स्थित तत्कालेश्वर मंदिर में नवरात्रे के चौथे दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। किसी के हाथ में आरती की थाली थी, तो कोई मइया को चुनरी व नारियल भेंटकर पूजा-अर्चना कर रहा था।

मंदिर में नवरात्रे के चौथे दिन दूर-दराज व शहर से आए भक्तों ने देर शाम तक मां के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज कौशिक ने बताया कि मान्यता है कि माता कूष्माडा की सच्चे मन से पूजा कर अपनी मुराद मांगने वाले भक्तों को निराश नहीं करती। उनकी प्रत्येक मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर भक्तों ने मंदिर में मां कूष्माडा के जयकारे लगाए।

## आज होगी मां स्कंद माता की पूजा

**फरीदाबाद।** नवरात्रों के पांचवे दिन स्कन्द माता की पूजा अर्चना की जाती है। पांच नंबर स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज जी ने बताया कि पांचवें नवरात्रे के दिन मां भगवती के स्कंद माता की स्वरूप की पूजा की जाती है। स्कंद भगवान शिव के द्वितीय पुत्र कार्तिक का नाम है। इनका नाम खंडमुख भी है। मुनिराज महाराज ने बताया कि कर्तिक का नाम भगवान शिव व छह माताओं के कारण खंडमुख पड़ा। जिस समय देवताओं व असुरों में युद्ध हुआ। उस समय देवताओं के सेनापति कर्तिक थे। इन्हीं की अध्यक्षता में देवताओं ने दानवों पर विजय प्राप्त की थी। मां भगवती की गोद में स्कंद यानि कार्तिक भगवान विरजमान हैं। इनके एक हाथ में तीर और दूसरे में अभय स्तंभी है। जिन माताओं के पुत्र नहीं है, वह पुत्र प्राप्ति के लिए स्कंद माता का व्रत करती है। नीले रंग के फूल व कटहल चढ़ाने से माता शीघ्र प्रसन्न होती है।

# कोरोना विस्फोट जारी: पहली बार 910 नए मामले आने से दहशत

## चिकित्सकों समेत बैंक मैनेजर तक पहुंचा कोरोना का सैकेंड स्ट्रेन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में कोरोना का सैकेंड स्ट्रेन काफी तेजी से फैल रहा है। जिले में शुक्रवार को एक दिन में रिकॉर्ड तोड़ 910 मामले सामने आए। जिसमें चिकित्सकों और आम पब्लिक समेत एक बैंक का मैनेजर भी पॉजिटिव पाया गया। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 53763 पर पहुंच गया।

वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 373 पॉजिटिव लोगों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले में कोविड-19 का रिकवरी रेट 91.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में कुल एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 4073 पर पहुंच गया है। लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा लोगों को लगातार एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है। जिले में आईपी कालोनी, धीरज नगर, सेक्टर-23, अशोका इंक्लेव, सेक्टर-37, 35, 63, 2, 62, 65, 19, 16, 17, अंखीर, सेक्टर-49, डबुआ कॉलोनी, एनएच-तीन, 5, 1, सेक्टर-87, 70, भूड कॉलोनी, सूरजकुंड, सेक्टर-29, 18, ग्रीन फिल्ड कॉलोनी, ग्रीन वैली, सेक्टर-10, 11 आदि अन्य एरियों से मरीज शामिल है। वहीं सर्वाधिक मामले सेक्टर-15 से 18 है और एसजीएम नगर से 17 और सेक्टर-89 से 15 मामले शामिल है।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांचें | : 613486 |
| अब तक पॉजिटिव | : 53763 |
| अब तक नेगेटिव | : 556599 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 3124 |
| ऑक्सीजन पर हैं | : 164 |
| वैंटीलेटर पर हैं | : 19 |
| अब तक मौत | : 432 |
| अब तक ठीक | : 49258 |

## चिकित्सक और मैनेजर पॉजिटिव

**बीके** सिविल अस्पताल के दो चिकित्सकों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। जिससे अपातकालीन कक्ष में आने वाले समय में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ नीलम बाटा रोड स्थित केनरा बैंक के चीफ मैनेजर कोरोना की चपेट में आ गए हैं। जिसके चलते शुक्रवार को बैंक की ब्रांच बंद कर दी गई। दोपहर बाद बैंक को सैनिटाइज कराया गया। शनिवार को दोबारा बैंक ब्रांच को सैनिटाइज कराने के बाद खोलने पर विचार किया जाएगा। केनरा बैंक के चीफ मैनेजर शिव कुमार ने बताया हालत खराब होने पर उन्होंने कोरोना की जांच करवाई तो पॉजिटव की रिपोर्ट मिली। उन्होंने बताया कि शनिवार को ब्रांच को खुलवाया जाएगा, ताकि लोग परेशान न हो।

# शहर निर्माणाधीन सड़कों का काम शुरू करने के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि शहर में सड़कों के निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की रुकावट हो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस सड़क के निर्माण में किसी विभाग अथवा एजेंसी से कोई दिक्कत आ रही है उसको लेकर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए जाएं की अपने निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरे करें और जहां रुकावट आ रही है उसकी एक रिपोर्ट तैयार करें ।

उपायुक्त यशपाल शुक्रवार को स्मार्ट सिटी की सीईओ गरिमा मित्तल के साथ शहर मैं स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा कर रहे थे। मीटिंग का आयोजन लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। मीटिंग में उपायुक्त यशपाल ने कहा कि फरीदाबाद स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बनने वाली सड़को के निर्माण में कुछ रुकावट आने की शिकायतें पिछले काफी दिनों से मिल रही थी। इस वजह से कई स्थानों पर सड़कों के निर्माण अधूरे पड़े है और कई स्थानों पर गड्ढे भरने में भी दिक्कत आ रही है । ऐसे में सभी विभागों को निर्देश देने और तालमेल बनाकर कार्य करने के उद्देश्य से यह मीटिंग बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग तालमेल बनाकर कार्य करें ताकि निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जा सके और लोगों को असुविधा का सामना ना करना पड़े।

मीटिंग के दौरान स्मार्ट सिटी की सीईओ गरिमा मित्तल ने बताया की शहर में 30.4 किलोमीटर लम्बी सड़को का कार्य निर्माणाधीन है। परन्तु विभिन्न विभागों की अनुमति ना मिलने के कारन काम में देरी हो रही है। इसके फलस्वरूप सड़कों पे जगह जगह गड्ढे मिल रहे है। इसको तुरंत करने की आवयश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिन विभागों से अनुमति नहीं मिल रही है।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सौंपा मांगों को लेकर ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**आंगनबाड़ी** वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने वोटर कार्ड को डाउनलोड करने हेतु कॉल और डाटा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मौके पर सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल, जिला सचिव मालवती, जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्री, उप प्रधान गीता, ब्लॉक प्रधान ग्रामीण उषा रानी, ओमवती, अविनाश कौर, कविता भी उपस्थित रहे।

ज्ञापन में यूनियन ने मांग की है कि सुपरवाइजरो के द्वारा उन पर नए वोटरों का पूरा डाटा अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के लिए दबाव डाला जाता है। जबकि प्रत्येक वर्कर के पास स्मार्टफोन नहीं है। और जिनके पास है। उन्हें भी उसके पूरे प्रोग्राम की जानकारी नहीं है। अधिकांश वर्कर इतनी अच्छी तरह से मोबाइल फोन को संचालित भी नहीं कर सकती हैं। बहुत सारी वर्कर जब नए वोटरों से अपना ओटीपी मांगती हैं। उनको ओटीपी नहीं दिया जाता है। जिसके कारण उनको इस काम को करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से नए वोटरों का नाम लिस्ट में डालने से पहले उनकी जांच पड़ताल करने के लिए प्रत्येक आंगनवाड़ी वर्कर को स्मार्टफोन और डाटा उपलब्ध करवाने की मांग ताकि नए वोटर कार्ड बनाने का काम सुचारू रूप से पूर्ण किया जा सके।

# नगर निगम को तमाम टैक्स देने के बाद भी विकास शून्य

कविता। फरीदाबाद

**जीवन** नगर भाग दो गौछी में सीवर, सड़क, पानी, सरकारी लाईट आदि की समस्या के समाधान की मांग को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल, हरियाणा को ज्ञापन यहां के परेशान लोगों ने भेजा है। लोगों का कहना है कि 20 से 25 साल यहां रहते हुए हो चुके है।

वह हाउस टैक्स, बिजली बिल, डैवलपमेंट चार्ज सभी देते हैं, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं के लिए उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत पर उन्हें जिला उपायुक्त कार्यालय से जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

## नहीं हो रही सुनवाई

**महेन्द्रपाल** चौहान, रमेश सोलंकी, जतिन यादव, प्रेमपाल सिंह इत्यादी सैकड़ों लोग सेक्टर-12 स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय पर एकत्रित होकर पहुंचे। जहां उन्होंने जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को अपनी समस्याओं के समाधान को ज्ञापन भेजा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि वह नरकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। आरोप है कि पार्षद ललिता यादव, विधायक नीरज शर्मा के अलावा उनकी शिकायतों पर मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी सुनवाई नहीं की। मंत्री को उन्होंने गत 17 दिसंबर 2017 को भी शिकायत दी थी।

## ये की मांग

**जीवन** नगर भाग दो के निवासियों ने राज्यपाल के नाम सौंपे गए अपने पत्र में मांग की है कि उनके इलाके में रुके हुए सीवरेज लाइन के कार्य को शुरू किया जाए। कॉलोनी में पानी की सुविधा दी जाए। गलियों में स्ट्रीट लाइटों की सुविधा की जाए। कच्ची गलियों को पक्का किया जाए। पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए।



## नरकीय जीवन

**लोगों** ने बताया कि उनके यहां जैसे-तैसे पिछले दिनों सीवरेज डालने का कार्य शुरू किया गया था। सभी गलियों को खोद दिया गया। लेकिन इस कार्य को बीच में ही रोक दिया गया। ऐसे में गलियों में गड्ढे हो गए हैं। यहां बरसात में पानी भरने की समस्या के अलावा सीवर और पानी की समस्या है। सड़क पर लाइटें न होने के कारण सीवरेज के गड्ढे दिखाई नहीं पड़ते, जिनमें लोग गिरकर घायल हो जाते है। वहीं यहां बुजुर्गो को घरों से निकलना भी दुर्भर हो गया है। ऊंचे-नीचे रास्तों पर कई बार फिसलकर उन्हें चोट लग चुकी है। घरों के गेट पर सीवरेज का गंदा पानी भर जाता है।

# लोगों की जरूरत के हिसाब से मदद और राहत प्रदान करें : राजन गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**न्यायमूर्ति** राजन गुप्ता, न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में सभी मुख्य न्यायिक मजिस्टेट्स, सचिवों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के साथ पूरे हरियाणा में कोविड मामलों के बढ़ने के मद्देनजर ऑनलाइन मंच के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गयी।

जिला प्राधिकरण की सचिव एवं सीजीएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष, हालसा ने सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को कोविड के मामलों में वृद्धि और राहत जागरुकता कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया, क्योंकि कोविड मामले कई गुना बढ़ रहे हैं। कार्यकारी अध्यक्ष ने उन जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचने पर भी जोर दिया, जो राज्य सरकार द्वारा घोषित वित्तीय राहत पैकेज के हकदार हैं। इसके अलावा, कार्यकारी अध्यक्ष ने मास्क के उचित उपयोग के बारें में लोगों को जागरूक करने, सामाजिक दूरी का पालन करने व हाथों की सफाई और टीकाकरण की जरूरत पर बल दिया।

कार्यकारी अध्यक्ष ने स्वैच्छिक रूप से जनता की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर टीकाकरण अभियान चलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को कहा। टीकाकरण के लाभों और दुष्प्रभावों के बारें में भी सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाना चाहिए और स्वैच्छिक रूप से टीकाकरण को बढ़ावा देना चाहिए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया कि वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग वित्तीय सहायता, आधार कार्ड, वोटर कार्ड और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी अन्य लाभकारी योजनाओं के लाभ के लिए सम्बन्धित विभागों के साथ सहयोग करते हुए जरूरतमंद व्यक्तियों को उचित सहायता प्रदान की जाए। इसके अलावा, माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, हालसा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले के अतिरिक्त उपायुक्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की सभी गतिविधियों में नोडल अधिकारी के रूप में शामिल किया जाए ताकि जिला प्रशासन से और विशेष रूप से महामारी के दौरान आम लोगों को राहत सुनिश्चित करने के लिए समर्थन सुनिश्चित किया जा सके।

## विकास कार्यों का मंत्री ने किया निरीक्षण

**बल्लभगढ़।** परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचन्द शर्मा शुक्रवार को अचानक शहर के सेक्टर-3 में चल रहे विकास कार्यों का निरक्षण करने के लिए निकल पड़े। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सेक्टर- 3 के चौक से लेकर तिगांव रोड तक बनाये जाने वाली 4 लाइन सड़क और सेक्टर- 3 के पार्क के अलावा सेक्टर-3 की ही मार्केट का दौरा किया। मंत्री को मार्किट में देखते ही दुकानदार और वहां मौजूद ग्राहक अपनी समस्याओं को लेकर आये तो मंत्री ने वहाँ मौजूद लोगों को समझाया कि वे कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी से बचें और घरों से विशेष परिस्थितियों में ही बाहर निकले। परिवहन मन्त्री मूलचन्द शर्मा ने उनको यह भी कहा कि वे कभी भी फोन पर अपनी समस्याए मुझे बता सकते है।

मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों और आमजन की सुरक्षा में कोई कमी नहीं आने दूंगा। परिवहन मंत्री ने लोगो से यह अपील की है कि वे शादी और अन्य धार्मिक अनुष्ठान, समारोह जैसे कार्यक्रमों को दिन में ही निपटा लें।

# वेतन की मांग को लेकर अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय का घेराव




**फरीदाबाद।** नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के कारण पांचवें दिन भी लगातार जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नगर निगम मुख्यालय के अतिरिक्त आयुक्त इंद्रजीत सिंह के कार्यालय घेराव कर किया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने की तथा मंच का संचालन कर्मी नेता श्रीनंद ढकोलिया ने किया। कर्मचारियों को सम्बोधित प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि नगर निगम में लगातार पांच दिनों से कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन नगर निगम के आयुक्त डा. यशपाल यादव ने एक भी बार कर्मचारी संगठनों से आकर वेतन के विषय में एक भी शब्द न कहकर कर्मचारियों को आंदोलन करने पर मजबूर कर रहे है। उन्होंने कहा कि लेखा शाखा के अधिकारी विजय धमीजा बार-बार यह बताते आ रहे है कि चण्डीगढ़ से फाईल मंजूर हो चुकी है। फाईल मंजूर हो जाने के बावजूद भी कर्मचारियों का वेतन अभी तक उनके खातों में आ पहुंचाया जा सका है। जिससे नाराज सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के कार्यालय का घेराव किया।

# संक्षिप्त समाचार

## लिंगयाज ने जीता 76 रन से मैच




**फरीदाबाद।** एकलॉन इंटीट्यूज में फाईनल मैच खेला गया। यह मैच लिंगयाज पब्लिक स्कूल और भगत सिंह टाईगर्स के बीच खेला गया। जिसमें भगत सिंह टाईगर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। लिंगयाज की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। पियुष ने 65 रन, वैभव ने 28 रन बनाए। भगत सिंह के गेंदबाज मुदसार, राकेश, वैभव ने 2-2 विकेट लिये। भगत सिंह टाईगर्स ने 10 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। जिसमें मयंक ने 17 रन, ओम ने आठ रन बनाए। लिंगयाज के गेंदबाज विकास और सुंदर ने 2-2 विकेट लिए। लिंगयाज ने 76 रन से यह मैच जीत लिया। एक्लॉन के पियुस को 65 रन और एक विकेट लेने पर मैन आफ द मैच का खिताब दिया। फाइनल मैच के आवार्ड दिए गए। जिसमें बेस्ट बेट्समैन का अवार्ड एंजल क्रिकेट अकादमी के समर्थ को दिया। मैन आफ द सीरिंज का अवार्ड लिंगयाज पब्लिक स्कूल के पियुष को दिया। सर्वाधिक छक्के मारने का अवार्ड सौर्या टीम के रोहन भाटी को दिया। वहीं बेस्ट बॉलर की सीरिंज लिंगयाज के राकेश यादव को दी। बेस्ट फिल्डर आफ द सीरिंज का अवार्ड पंकज अनविटेवल हथीन को दिया। जीतने वाली टीम लिंगयाज पब्लिक स्कूल को 51 हजार रुपये और रनअप रही टीम भगत सिंह टाईगर को 21 हजार रुपये का इनाम दिया गया।

## लखानी कम्पनी में लगा वैक्सीनेशन कैंप



**फरीदाबाद।** सेक्टर-24 स्थित लखानी अरमान ग्रुप में वैक्सीनेशन कैम्प लगाया गया। शुक्रवार को कैम्प में वैक्सीनेशन लगवाने वाले कर्मचारियों की भीड़ रही। यहां वैक्सीनेशन करने आई टीम के सदस्यों में डॉक्टर अनिता की टीम मौजूद रही। जिसमें राजेश शर्मा, राज कुमार, आशा वर्षा कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रही। कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि वैक्सीन देश के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत तैयार की गई है जो पूरी तरह से सुरक्षित और असरदार है, इसलिए बिना किसी संकोच के टीका अवश्य लगवाएं। देश और प्रदेश की सरकार लोगों की जान की परवाह करते हुए लोगों को नि:शुल्क टीका लगा रही है ताकि कोरोना से लोगों की जान बचाई जा सके। कोरोना महामारी का संक्रमण दोबारा तीव्र गति से फैल रहा है इसलिए सभी के लिए टीका लगवाना ज़रूरी है। टीका लगवाने के बाद भी मास्क जरूर लगाए, सोशल डिस्टन्सिंग का पालन करें और जरूरी एहतियात बरतें।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में कोविड रोकथाम वर्कशॉप



**फरीदाबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ में कोविड रोकथाम वर्कशॉप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद के कोविड रोकथाम संयोजक डॉ. एमपी सिंह कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे। डॉ. सिंह ने विद्यालय में कार्यशाला आयोजित की व विद्यालय के शिक्षकों को कोविड व उससे जुड़े प्रोटोकॉल कक्षा व विद्यालय में अध्यापन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ की जानकारी दी। उन्होंने अध्यापन को डिजिटल मोड़ के द्वारा पढ़ाने पर बल दिया। साथ ही छात्रों को मास्क सैनिटाइजर व सामाजिक दूरी की अनिवार्यता पर भी बल दिया। विद्यालय कार्यकारी प्राचार्या नमिता शर्मा ने डॉ. सिंह का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उन्हें भगवद् गीता की प्रति व पौधा भेंट किया। कोविड के संबन्ध में सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन करने का आश्वासन भी दिया। डॉ. सिंह ने विद्यालय का निरीक्षण किया विद्यालय में कोरोना के संबन्ध में अपनाए जा रहे मानकों व आरोग्य ऐप के प्रयोग की भी जांच की।

## एथलेटिक फैडरेशन ने प्री लेवल वन कोर्स का घोषित किया परिणाम



**फरीदाबाद।** भारतीय एथलेटिक महासंघ की योजना समिति के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट के द्वारा सम्पूर्ण भारत में प्री लेवल वन के तकनीकी अधिकारी तैयार करने के लिए 26 फरवरी से 3 मार्च तक साप्ताहिक आनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया गया था, जिसमें पूरे भारतवर्ष से हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर आनलाइन ही परीक्षा दी थी। इसकी जानकारी जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ की साप्ताहिक आनलाइन कक्षाओं में ट्रैक एंड फील्ड एथलेटिक खेल से संबंधित सभी क्षेत्रों के प्रोफेसरों ने अपना ज्ञान सभी प्रतिभागियों से सांझा किया। देश भर में प्री लेवल वन के तकनीकी अधिकारी तैयार करने की योजना भी डाक्टर ललित के भनोट के द्वारा की गई। साप्ताहिक प्री लेवल वन आनलाइन कक्षाओं के परिणाम भी आनलाइन ही वर्ल्ड एथलेटिक्स के वाइस प्रेसीडेंट और डैवलपमैंट कमेटी आफ वर्ल्ड एथलेटिक्स के चेयरमैन जियोफ गार्डनर, प्रेसींडेंट एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया एंड कांऊसलर मैंम्बर वर्ल्ड एथलेटिक्स आदिल जे सुमारीवाला, एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट, एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के महासचिव रविन्द्र चौधरी, एजुकेशन कमेटी के चेयरमैन मधुकांत पाठक और कोर्स कोआर्डिनेटर, वाइस प्रेसीडेंट अंजू बाबी जार्ज, मुख्य कोच पी राधा कृषनन नायर और कंपटीशन डायरेक्टर नितीन आर्य की अध्यक्षता में घोषित किए गए।

## सर्वोदय हॉस्पिटल ने पुलिस संग मिलकर बांटे हेलमेट



**फरीदाबाद।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुरू हुई फरीदाबाद वासियों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने की मुहीम का पहला चरण नीलम फ्लाईओवर के नीचे संपन्न हुआ। यहां का नजारा रोजमर्रा से अलग था क्यूंकि ट्रैफिक पुलिस कोई चालान नहीं कर रही थी अपितु लोगों को विनम्र तरीके से ट्रैफिक पुलिस और सर्वोदय हॉस्पिटल के अधिकारियों द्वारा बिना चालान किये हेलमेट और मास्क वितरित भी किये जा रहे थे और उनके फायदे भी बताये जा रहे थे। इस मुहीम की शुरुआत सर्वोदय हेल्थकेयर एवं ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद के द्वारा फरीदाबाद को रोड ट्रैफिक नियम पालन में हरियाणा का ही नही बल्कि भारत का नंबर एक डिस्ट्रिक्ट बनाने के सपने को साकार करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया है। मुहीम को प्रोटेक्ट ए हेड नाम दिया गया है जिसमे दोपहिया वाहन चालकों को बड़े ही विनम्र तरीके से हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जायेगा और जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किये जायेंगे।

# गुरु द्रोणाचार्य के नाम से तालाब की होगी कायापलट: विधायक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भीम नगर स्थित गुरु द्रोणाचार्य के नाम से तालाब की कायापलट को सरकार की सहमति मिल गई है। अब भव्य तरीके से इस तालाब को विकसित किया जाएगा। शहर का यह एक ऐतिहासिक स्थल होगा। लंबे समय से इसकी मांग भी उठ रही थी। यह जानकारी विधायक सुधीर सिंगला ने देते हुए कहा कि गुरु द्रोणाचार्य की नगरी गुरुग्राम में उनकी याद में यह स्मारक भव्य होगा।

विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि उन्होंने हरियाणा विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया था, जिस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विशेष ध्यान देने का भरोसा दिया था। अब उन्होंने इस बात पर सहमति जता दी है कि गुरु द्रोणाचार्य के नाम से इस तालाब को भव्य रूप दिया जाएगा। यह उनकी कर्मस्थली है।

## मुख्यमंत्री ने दी सहमति, विधानसभा में सुधीर सिंगला ने उठाया था मुद्दा

## तालाब की 80 में से मात्र 8-10 एकड़ जमीन ही बची, हटेंगे अतिक्रमण

विधायक ने कहा कि भीम नगर में इस तालाब पर लोगों ने बहुत कब्जे कर रखे हैं। इसकी शिकायतें पहले भी शासन-प्रशासन के पास पहुंची है। वेद प्रचार मंडल की ओर से भी इस बाबत उन्हें पूर्व में मांग पत्र दिया गया था। करीब 80 एकड़ जमीन में से यहां मात्र 8-10 एकड़ जमीन ही बची हुई है। बाकी सब कब्जे कर लिए गए हैं। नगर निगम अधिकारियों को कब्जे हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं, ताकि इस जगह को विकसित करने में कोई समस्या ना आए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरू द्रोणाचार्य की यह पावन कर्मस्थली, तपोस्थली है।


विधायक सुधीर सिंगला।

उन्होंने कौरवों, पांडवों को यहां अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा दी थी। उस समय में इस तालाब का जल बहुत ही शुद्ध और पवित्र माना जाता था। यह तालाब पुरातत्व महत्व भी रखता है और आस्था का भी प्रतीक है। गुड़गांव गांव व आसपास के क्षेत्रों से बरसाती पानी इसी तालाब में एकत्रित होता था। भू-जल के हिसाब से यह बहुत लाभकारी था।

जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ती गई, लोगों ने इस पवित्र तालाब पर कब्जे करने शुरू कर दिए। तालाब की पाल पर एक शिवालय व धर्मशाला के कुछ कमरे बने हुए थे। यहां शिवरात्रि व सोमवार को श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते थे। विधायक ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में इससे भी बेहतर तस्वीर यहां की होगी। सरकार ने इस पर अपनी सहमति जता दी है। उन्होंने कहा कि गुरू द्रोणाचार्य गुरुग्राम का गौरव हैं। उनके नाम से यहां पर किसी भी स्थल की कमी महसूस की जा रही थी। अब वह कमी दूर हो जाएगी।

# कामकाजी महिलाएं लें सस्ती आवासीय सुविधा

गुरुग्राम। कामकाजी महिलाओं को अब जिला प्रशासन द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से सिविल लाइन स्थित कामकाजी महिला आवास में रहने की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह जानकारी देते हुए रेडक्रॉस के अध्यक्ष एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि गुरुग्राम जिले में देश भर से महिलाएं विभिन्न कार्यों के लिए आती हैं। जिनके लिए मकान आदि रेंट पर लेना काफी महंगा पड़ता है।


उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी बगैर लाभ-हानि के जरूरतमन्द कामकाजी महिलाओं को रहने के लिए कमरा उपलब्ध करवाता है। आवास में 60 से 80 महिलाओं के रहने की समुचित व्यवस्था है। 40 से अधिक महिलाएं कामकाजी महिला आवास में रह रही हैं, जिनके लिए सभी समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं के लिए कामकाजी महिला आवास का पुन: रिपेयर आदि का कार्य भी बड़े स्तर पर किया गया है, जिस पर लाखों रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। महिला आवास में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रूम अलाट किया जाता है। फार्म भरने उपरान्त दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाती है, तदोपरान्त ही रूम अलाट किया जाता है। रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने बताया कि कामकाजी महिला आवास में कामकाजी महिलाओं के लिए, पार्किंग व 6 और कमरों का रेनोवेशन करवाया गया है, जो अब रहने के लिए तैयार हैं।

## पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रूम अलॉट : डा. यश गर्ग

कोई भी कामकाजी महिला जो रूम लेना चाहती है वह वार्डन कामकाजी महिला आवास 8510878779 एवं रेडक्रास सचिव के मोबाईल नंबर-9416464748 पर सम्पर्क कर सकती हैं। कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने बताया कि आवास में रेडक्रास सोसायटी द्वारा दिन-रात का गार्ड आदि की नियुक्ति की गई है।

# पटौदी में स्कूल वैन में लगी भयंकर आग, कोई हताहत नहीं



गुरुग्राम। यहां स्कूल वैन में शुक्रवार को आग लग गई। आग में वैन पूरी तरह से जल गई। जिस समय स्कूल वैन में आग लग रही थी, आसपास में और भी वाहन खड़े हुए थे। जिसके कारण हादसा और भी भयंकर हो सकता था। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के द्वारा सबसे पहले सुलगती वैन के आसपास खड़े वाहनों को बिना देरी किए वहां से दूर हटाया। घटना पटौदी स्थित आश्रम हरी मंदिर संस्कृत महाविद्यालय परिसर की है।

महाविद्यालय परिसर में हरे कृष्णा वर्ल्ड स्कूल की वैन खड़ी थी। इस स्कूल वैन को एक दिन पहले ही मरम्मत करवा कर संस्था परिसर में ही निर्माणाधीन ऑडिटोरियम परिसर में खड़ा किया हुआ था। शुक्रवार दोपहर के समय रहस्यमय तरीके से इस स्कूल वैन में आग लग गई। जैसे ही स्कूल वैन में आग लगने की जानकारी संस्था परिसर में फैली तो मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई, और सभी ने अपने स्तर पर भभकती स्कूल वैन आग को बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच में स्थानीय फायर ब्रिगेड कार्यालय को आगजनी की इस घटना के बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस आग में वैन पूरी तरह से जल गई। गनीमत की बात यही रही कि आग दूसरी वाहनों नहीं फैली और वैन में कोई सवार नहीं था। नहीं तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# दहेज नहीं मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला

पलवल। शादी में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालजनों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देकर घर से निकालने का मामला प्रकाश में आया है।

चांदहट थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी जीतराम के अनुसार गांव चांदहट निवासी कविता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी गांव बढ़ निवासी चरण सिंह के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने यथा संभव दान-दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। दहेज की मांग को पूरा करने में असमर्थता जताने पर पीड़िता को पति, देवर रविंद्र, सास इंद्रवती व ससुर फूलसिंह ने जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया।

# ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए एमओयू हुआ साइन

## तीनों संस्थान ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के बढ़ावे को करेंगे कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में गुरुग्राम विश्वविद्यालय, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (हरेडा) और मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज (नूंह) के बीच शुक्रवार को एक एमओयू साइन हुआ। जिसके तहत तीनों संस्थान ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

साथ ही में हमारी भारतीय अर्थव्यवस्था कैसे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करे, इस दिशा में तीनों मिलकर अनुसंधान और शोध करेंगी। जिससे ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में ज्ञान का आदान-प्रदान हो सके। देश का युवा भविष्य में आत्मनिर्भर बन सके। राष्ट्र की उन्नति हो। बता दें कि इस दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा, हरेडा के डीजी डॉ. हनीफ कुरैशी और मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. ख्वाजा मोहम्मद रफी व गुरुग्राम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. शशि भूषण भारती, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अमन वशिष्ठ उपस्थित रहे। कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा ने कहा कि यह एमओयू तीनों संस्थानों के बीच और साथ ही साथ छात्रों को समाज के लिए अपने जीवन को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए मदद करेगा।


गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए एमओयू साइन कार्यक्रम में तीन संस्थानों के अधिकारी।

# कोरोना की रोकथाम को डीएलएसए करेगा जागरुक: गुप्ता

गुरुग्राम। कोरोना की रोकथाम व लोगों में कोरोना प्रोटोकॉल के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला में चरणबद्ध तरीके से गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

ये निर्देश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष ने राजन गुप्ता ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव को दिए। कोरोना के प्रसार की रोकथाम तथा लोगों को कोविड प्रोटोकॉल के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई। हालसा के कार्यकारी अध्यक्ष राजन गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ समय में कोरोना के मामलों में अपेक्षाकृत वृद्धि हुई है।

# न्यायाधीश और वकीलों ने लगवाई वैक्सीन

## लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन की ओर से लगवाया गया कैंप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

शुक्रवार को यहां अदालत परिसर में कोरोना टीकाकरण उत्सव मनाया गया। इसका शुभारंभ लेबर कोर्ट के एडिशनल सेशन जज अमृत सिंह चालिया ने किया। उन्होंने यहां खुद भी वैक्सीन लगवाकर संदेश दिया कि कोरोना की वैक्सीन सुरक्षित है। नियमों के मुताबिक सभी पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन लगवानी है।

लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन की ओर से यह टीकाकरण कैंप लगाया गया। इस टीकाकरण कार्यक्रम में कैनविन फाउंडेशन का भी सहयोग रहा। एडिशनल सेशन जज अमृत सिंह चालिया ने श्रम न्यायालय के कर्मचारियों और अधिकृत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बचाव ही इलाज है। सैनिटाइजर और मास्क का प्रयोग करते रहें। अनावश्यक घरों से ना निकलें।



गुरुग्राम लेबर कोर्ट में कोरोना की वैक्सीन लगवाते लेबर कोर्ट के एडिशनल सेशन जज अमृत सिंह चालिया।

उन्होंने कहा कि घर से बाहर जाए तो उचित दूरी बना कर रखें। लेबर कोर्ट प्रथम के एडिशनल सेशन जज अमित कुमार शर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक लोग वैक्सीनेशन करवाएं, ताकि कोरोना का प्रकोप कम किया जा सके। टीकाकरण उत्सव कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित समाजसेवी डा. सौरभ गुप्ता ने कहा कि कोरोना की दोनों वैक्सीन की डोज प्रभावी और सुरक्षित हैं। इनमें कोई किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट्स नहीं होता। उन्होंने कहा कि सभी 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति अवश्य वैक्सीन लगवाएं। इम्युनिटी बूस्ट करने के लिए रसोई के मसालों का प्रयोग करें। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि उनकी संस्था हर रोज प्रशासन की सहायता से लगभग 2 से 3 वैक्सीनेशन कैम्प लगा रही है।

# सोहना शहरी क्षेत्र में मिले कोविड के 43 संक्रमित मामले

सोहना। नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र में आने वाले शहरी में अब तक 43 मामले कोविड संक्रमित मिले है। कोविड के मामले आने से शहरवासियों में हड़कंप मच गया है। जो कोविड वैक्सीन लगवाने तथा उसके टेस्ट कराने के लिए आगे आने लगे है।

जैसे-जैसे कोविड-19 ने एक बार फिर से अपनी रफ्तार को तेज कर दिया है। कोविड-19 से बचाव के लिए लोगा वैक्सीन लगवाने के लिए आगे आने लगे हैं। एक सप्ताह पहले तक कोविड वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या एक दिन में 60 से 70 होती थी, लेकिन अब इस संख्या में दो से तीन गुणा उछाल आया है। अब एक दिन में 175 से 200 लोग कोविड का इंजेक्शन लगाने के लिए शिविरों में पहुंच रहे हैं।

## ऐसा कहते हैं एसएमओ

नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोविड वैक्सीन टीकाकरण तथा संक्रमितों के टेस्ट बराबर किए जा रहे हैं। लोगों को अपने टेस्ट करवाने के लिए घर-घर जाकर आशा वर्कर्स और आगंनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेरित कर रही हैं। अब कोरोना के मामले आने से लोग स्वयं ही टेस्ट कराने तथा इंजेक्शन लगवाने के लिए आगे आ रहे हैं।

## होम क्वारंटाइन किए 43 कोरोना संक्रमित

सोहना की फ्रेंड्स कॉलोनी, शिव कॉलोनी, लोहिया बाड़ा समेत एक दो अन्य स्थान पर कोरोना ने अपने पैर पसार दिए हैं। इन क्षेत्र में 43 कोविड संक्रमितों का उपचार उनके घर पर ही रहते हुए उपचार चल रहा है। वहीं कोविड का टेस्ट कराने वालों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों का दर्द आखिर कब समझेगी सरकार: दीपेन्द्र हुड्डा



गुरुग्राम। राज्य सभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार मानवता के लिए किसानों से आंदोलन समाप्त करने को कह रही है। सरकार को ऐसे संकटकाल में भी अपना घर-परिवार छोड़ आंदोलन कर रहे किसानों का दर्द समझना चाहिए। ये बातें उन्होंने शुक्रवार को गुरुग्राम जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल ग्रोवर को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया के समक्ष कहीं। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले करीब पांच महीनों से किसान दिल्ली की सीमाओं पर शांतिपूर्ण तरीके से आन्दोलन कर रहे हैं। इस दौरान 300 से भी ज्यादा किसानों ने अपनी जान की कुर्बानी दे दी, लेकिन ये सरकार टस से मस नहीं हुई और उसने जरा भी मानवता नहीं दिखाई। उन्होंने जब आंदोलन में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि और परिवारों को नौकरी व आर्थिक मदद देने की मांग उठाई तो किसान परिवारों को आर्थिक सहायता या नौकरी तो दूर, ये सरकार शहीदों को श्रद्धांजलि तक देने के लिए तैयार नहीं हुई। दीपेन्द्र हुड्डा ने सवाल किया कि आखिर सरकार किसानों का दर्द कब समझेगी? ऐसा लगता है ये सरकार पूरी तरह से संवेदनाशून्य हो चुकी है। उन्होंने सरकार से फिर आग्रह किया कि मानवता के लिए, वो अपनी जिद छोड़े और किसानों की माँग स्वीकार कर उन्हें घर लौटा दे। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, राव बीरेंद्र सिंह, जितेंद्र भारद्वाज मनीष खटाना सहित अन्य अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर ठगे 50 हजार, दो पर हुआ मुकदमा

पलवल। अधिवक्ता से शादी करने का झांसा देकर 50 हजार रुपये ऐंठने व बाद में लाखों रुपये की मांग करने व नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी संजय के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी अधिवक्ता राजेश भारद्वाज ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह जिला सत्र न्यायालय में वकालत करता है। लगभग चार महीने पूर्व एक महिला का फोन आया। जिसने अपना मंजू निवासी धारम पट्टी होडल बताया। जिसने कहा कि वह पिछले पांच वर्ष से फरीदाबाद कोर्ट में वकालत करती है। आप शादी के लिए लड़की देख रहे हैं। महिला मंजू ने कहा कि उसकी शादी गांव दुर्गापुर हुई थी। अब वहां से तलाक हो गया है और वह दूसरी शादी करना चाहती है। मंजू दो बार पीड़ित के चैम्बर नंबर-67 में मिलने भी आई और बाहर घुमने के लिए कहने लगी। शादी करने का दवाब बनाने लगी। पीड़ित ने जब शादी करने से मना किया तो मंजू ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये की मांग करने लगी। 50 हजार रुपये ऐंठ भी लिए। पीड़ित ने जब मंजू के बारे में पता किया तो पता चला कि दुर्गापुर से उसका तलाक नहीं हुआ। वह फरीदाबाद में कोर्ट में वकील भी नहीं है। वह पहले भी कई लोगों को इस तरह परेशान कर चुकी है। 15 अप्रैल को मंजू अपने चाचा मदन मोहन के साथ कोर्ट में आई और शादी करने के लिए दवाब बनाया। पीड़ित ने जब मना कर दिया तो मंजू बकाया 4 लाख 50 हजार रुपये की मांग करने लगी। रुपये नहीं देने पर मुकदमा दर्ज कराने व जान से मारने की धमकी देने लगी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### साइबर क्राइम के जरिए ठगे हजारों रुपये

पलवल। साइबर क्राइम के जरिए एक व्यक्ति से 47 हजार रुपये ठग लिए गए। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी साहिल के अनुसार पलवल की पीडब्ल्यूडी कालोनी निवासी जितेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई है कि 16 फरवरी को उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा, मुझे पहचाना मैं अमित बोल रहा हूं, तुम्हारे फोन पे में 15 हजार रुपये डाल रहा हूं। उस व्यक्ति ने पीड़ित से पहले अपने खाते में दो रुपये डलवाए। उसके बाद पांच हजार, दस हजार, 15 हजार, 15 हजार व दो हजार रुपये व डलवा लिए और जब उसके बाद फोन काट दिया। पीड़ित वापस फोन मिलाया तो कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान अभियान को लेकर बैठक



गुरुग्राम। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान अभियान का लाभ जरूरतमंद व पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार ने विकास सदन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत हाल ही में की गई है, जिसके तहत प्रथम चरण में परिवार पहचान-पत्र पर पंजीकरण करवाने वाले परिवारों में से जिला में 100 लोगों की पहचान की गई है। इस अभियान के तीन महत्वपूर्ण तथ्य है जिनमें रोजगार सृजन, कौशल विकास तथा वेजिज जनरेशन है। इसके तहत वर्णित तीनों तथ्यों को शामिल करते हुए चिन्हित परिवारों की न्यूनतम आय 1.80 लाख वार्षिक करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बैठक में विभिन्न विभागों से प्रगति रिपोर्ट ली और कहा कि वे पात्र परिवारों से संपर्क कर उन्हें इस योजना से जोड़ने के लिए तेजी से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह जिले के उन गरीब परिवारों के लिए होगी जिनकी सालाना आय एक लाख रुपये से भी कम है। चरणबद्ध तरीके से इन परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# अनाज मंडी से हुआ अभी तक 11 हजार कुंतल का उठान

## खुले आसमान के नीचे पड़ा है करीब 44 हजार क्विंटल गेहूं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

हरियाणा वेयर हाउस कॉर्पोरेशन वर्कर्स द्वारा बीते 15 दिनों में मात्र 11 हजार क्विंटल गेहूं का लदान किया है। मंडी को फ ड़ों पर अभी भी सरकारी खाते में खरीदा गया। करीब 44 हजार क्विंटल खुले आसमान के नीचे पड़ा है। जिसकी सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता नहीं है।

सोहना अनाज मंडी में सरकारी खाते में खरीदा गया गेहूं का लदान धीमी गति से हो रहा है। अनाज मंडी परिसर में 487 किसानों से अब तक 56 हजार 540 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है, लेकिन लदान की गति कम होने के कारण 44 हजार क्विंटल के लगभग गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। यदि मौसम खराब होता है या बारिश आती है। खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं भीगने से राज्य सरकार को भारी नुकसान होने की संभावना है।


सोहना अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं।

## साढ़े 56 हजार कुंतल गेहूं की आवक

किसान अपनी गेहूं की फ सल को सरकार के खाते में बेचने के लिए अनाज मंडी में लेकर आ रहे हैं। क्षेत्र में गेहूं की फसल की लगभग 95 फ सिदी कटाई हो चुकी है। किसान मशीन न मिलने के कारण फसल को निकाल नहीं पा रहा है। बीते 15 दिनों में अनाज मंडी में 487 किसान अपनी फसल को बेचने के लिए पहुंचे है। इन बीते 15 दिनों में अनाज मंडी में अब तक 15 हजार 540 कुंतल गेहूं की आवक हुई है। अभी भी एक हजार से अधिक किसानों द्वारा अपनी गेहूं की फ सल को बेचने के लिए आने का इंतजार है।

## 100 के लगभग किसानों को भुगतान

हरियाणा वेयर हाउस कॉर्पोरेशन द्वारा अब खरीदा गया किसानों से गेहूं का भुगतान करना शुरू कर दिया है। कॉर्पोरेशन के स्थानीय इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि एक से 7 अप्रैल के बीच में करीब 100 किसानों से गेहूं की खरीदा था। जिसका भुगतान किसानों के बैंक खातों में जमा कर दिया है।

# 142 गांवों में लाल डोरा के भीतर संपत्तियों की निशानदेही पूरी: डा. यश गर्ग

गुरुग्राम। उपायुक्त डा. यश गर्ग ने शुक्रवार को जिला विकास एवं पंचायत कार्यालय के माध्यम से करवाए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत बताया गया कि जिला के 142 गांवों में लाल डोरा के भीतर स्थित संपत्तियों की निशानदेही करवाकर चूना से मार्किंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।

उपायुक्त ने शुक्रवार को जिला विकास एवं पंचायत कार्यालय के माध्यम से करवाए जाने वाले डी-प्लान, परिवार पहचान पत्र, न्यायालयों में लंबित मामलों, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री की घोषणाओं, शिवधाम नवीकरण योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, गोबरधन प्रोजेक्ट, सीएम विंडो आदि की समीक्षा की। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार भी बैठक में उपस्थित रहे। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला के 142 गांवों में लाल डोरा में स्थित संपत्तियों की निशानदेही हो चुकी है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सारवान ने बताया कि इनमें से 130 गांवों में ड्रोन से सर्वे का कार्य पूरा किया जा चुका है।



जिला के 33 गांवों में निशानदेही और सर्वे आदि के बाद नक्शे तैयार करके डेटा सर्वे ऑफ इंडिया के कार्यालय में जमा भी करवाया जा चुका है जिनमें से 11 गांवों के नक्शे फाइनल होकर सर्वे ऑफ इंडिया को वापिस भी मिल चुके हैं और इन 11 गांवों के लोगों की 469 रजिस्ट्रियां भी करवाई जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला के 70 गांवों को इस योजना के तहत कवर किया जा चुका है।

# प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव आपसे # CommitTo Love का करता है आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

PLATINUM GUILD INTERNATIONAL

निरंतर बदलते समय में यदि युगलों के लिए कोई चीज स्थिर रही है, तो वह है, उनके बीच का प्रेम। वो दोनों एक दूसरे की शक्ति एवं सुकून का स्रोत बने रहे। यदि कोई समस्या आई भी, तो अप्रत्याशित परिस्थितियों ने उन्हें अहसास करा दिया कि उनके बीच के प्रेम को मजबूत करना और भी ज्यादा जरूरी है और एक दूसरे के प्रति समर्पित भाव में अगला कदम बढ़ाने की इच्छा से उन्हें ओतप्रोत कर दिया।

इस जुझारू भावना का गुणगान करते हुए, प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव अपने #CommitTo Love अभियान के साथ उन्हें एक दूसरे के प्रति समर्पित होने के दिन, यानि अपनी इंगेज़मेंट के दिन इस दुर्लभ प्यार को चिन्हित करने का आग्रह करता है। महामारी के बीच इंगेजमेंट के दौरान बाहर निकलने के लिए बिल्कुल नए नियम स्थापित रहे। युगलों के बीच भावनाओं की शक्ति, उनके अहसास में प्रतिबद्धता, इस अवसर एवं इसे याद रखने के तरीकों के मायने अन्य चीजों के मुकाबले काफी महत्वपूर्ण हो गए। इंगेजमेंट युगल के मिलन में निश्चितता के पहले पड़ावों में से एक है, जबकि महामारी ने युगलों को इस बात का पुन: आंकलन करने के लिए मजबूर कर दिया कि वो इस अवसर को कैसे मनाते हैं। सच्चाई यह है कि लागू की गई अंतरंगता ने इंगेजमेंट्स को और ज्यादा ईमानदार व सार्थक बना दिया। संबंधों की इस समय से बड़ी परीक्षा और कोई नहीं हो सकती और इस सच्चाई की उन्हें भलीभांति जानकारी है। उन्हें जीवन दुर्लभ मूल्यों व कार्यों के साथ जीना होगा, और उन्हें अनेक विशाल एवं शौक रोमांटिक इशारों से ज्यादा प्राथमिकता देनी होगी। इस अभियान को 10 अप्रैल, 2021 से 11 मई, 2021 के बीच सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों में विस्तृत रूप से प्रसारित किया जाएगा। इस डिजिटल विस्तार के तहत प्लेटिनम डेज ऑफ लव #Commit To Love प्रोजेक्ट चलाएगा, जो युगलों को आपस में मिलन के वक्त अंतरंग वादे करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ये वो वादे हैं, जिनके साथ वो भविष्य में अपनी जिंदगी जीते हैं। इनके द्वारा प्रतिबद्धता के वादों को इंगेजमेंट की नई रस्म में परिवर्तित कर दिया गया है! प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव का इंगेजमेंट कलेक्शन उन युगलों की कहानियों से प्रेरित है, जिनके संबंध समानता, मित्रता, सम्मान व सराहना आदि गुणों पर आधारित हैं।

मौजूदा अप्रत्याशित समय में उन्होंने एक दूसरे को सहारा दे उन्हें मजबूत किया! इसलिए इस तरह के प्रेम का प्रतीक प्लेटिनम को बनना चाहिए, जो एक दुर्लभ मैटल है और सोने के मुकाबले 30 गुना ज्यादा दुर्लभ है। यह मैटल समय व परिस्थितियों के साथ कभी बदलता नहीं। इसकी प्राकृतिक सफेद चमक कभी कम नहीं होती और उसी तरह स्थिर बनी रहती है, जैसे इन युगलों का प्रेम। साथ ही इस मैटल के उच्च घनत्व के कारण यह बहुमूल्य स्टोन को जड़ने के लिए अति उत्तम है और हीरे जैसे बहुमूल्य रत्न को मजबूती से पकड़े रखता है। इसलिए, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जब भी इंगेजमेंट बैंड्स की बात आती है, तो प्लेटिनम से बेहतर प्रेम का संकेत और कोई नहीं।

Good Morning!

# मेवात पायनियर पलवल

5

हरियाणा, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021

• नूंह • नगीना • फिरोजपुर-झिरका • तावडू • पिनगवां • पुन्हाना • पृथला • होडल • हसनपुर • हथीन

ई-पेपर www.pioneerhindi.com

## जागरुकता शिविर में ड्रग पीडितों को बताए कानूनी अधिकार



सीजेएम प्रतीक जैन ने टपकन गांव में किया जागरुकता शिविर का आयोजन।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को नूंह के गांव टपकन में एक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रतीक जैन के साथ पैनल एडवोकेट शेर मोहम्मद तथा पीएलवी सोनू वर्मा ने शिरकत की।

शिविर में लोगों को ड्रग पीडितों के लिए कानूनी सहायता तथा नशीली दवाओं के खतरे से उन्मूलन के लिए कानूनी सेवा के बारे में बताया गया।

सीजेएम प्रतीक जैन ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से लोगों के घर-घर तक कानूनी जानकारी पहुंचाने के लिए गांव-गांव में शिविर लगाए जा रहे हैं। राज्य प्राधिकरण की ओर से एक वाहन को पूरे प्रदेश में इसी उद्देश्य से चलाया जा रहा है। फिलहाल उस वाहन को प्रयोग नूंह जिले में किया जा रहा है। शुक्रवार को नूंह के गांव टपकन में एक शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को कानूनी जानकार होना जरूरी है। कानूनी जानकारी के बिना व्यक्ति अपने अधिकार नहीं प्राप्त कर सकता। आज जागरूकता के अभाव में हम अपने अधिकारों से वंचित हैं। लेकिन लोगों को कानून की प्रति जागरूक बनाने के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण काम कर रही है। लोगों को किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी की आवश्यकता है तो वे सोमवार से शुक्रवार के बीच कोर्ट परिसर में स्थित डीएलएसए के कार्यालय में आ सकते हैं।

## जिला उपायुक्त को भेजी मनरेगा घोटाले की जांच रिपोर्ट

**तावडू।** गांव सेवका में मनरेगा घोटाले के आरोपों की जांच रिपोर्ट एसडीएम ने जिला उपायुक्त को प्रेषित कर दी है। बृहस्पतिवार को एसडीएम ने गांव में जाकर मौका मुआयना किया। जांच रिपोर्ट बनाकर उपायुक्त को भेज दी। गांव सेवका निवासी अब्दुल गफ्फार सेवका, इरशाद ने एसडीएम व डीसी को दी गई। शिकायत में कहा था कि उनके गांव में मनरेगा के कार्य में जमकर गड़बड़झाला हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### घर में घुसकर मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**फिरोजपुर झिरका।** घर में घुसकर मारपीट करने तथा जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों को फिरोजपुर झिरका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों पर अब से 11 माह पहले घर में घुसकर मारपीट व एक परिवार के ऊपर जानलेवा हमला करने का आरोप है। मामले के बाद से ही तीनों आरोपित फरार थे। हालांकि इस मामले में कुल आठ लोग आरोपी हैं। इस मामले अब तीन गिरफ्तार हो चुके हैं। थाना अध्यक्ष रमेश चंद ने बताया कि 11 मई 2020 के दिन इलियास, साहब, अनीश, मोहसिन, आकस, आयशा, इस्माइल आदि ने मिलकर गांव रंगाला राजपुर के दीनू के घर लाठी डंडों से हमला कर दिया था। इस झगड़े के दौरान खालिद नाम के एक युवक को भी चोटें आई थीं। मामले से जुड़े शिकायतकर्ता का आरोप है कि खालिद नाम के युवक की मौत लड़ाई झगड़े के दौरान हुई। जबकि यह जांच का विषय है। उस दौरान पुलिस द्वारा सभी आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था। इस मामले से जुड़े तीन आरोपियों को बुधवार की रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा मामले से जुड़े अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस ने पांच हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**तावडू।** सीआईए पुलिस को आधा दर्जन लूट व डकैती योजना बनाने की वारदातों में काफी समय से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को पकड़ने में कामयाबी मिली है। तावडू अपराध शाखा के प्रभारी उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि बावला निवासी मुशाहिद उर्फ मूसा निवासी बावला जिस पर पांच हजार रुपये का इनाम है। तावडू सदर थाने में मुकदमा नंबर-363 का आरोपी है। अपने गांव में घर पर ही मौजूद है, यदि दबिश दी जाए तो आरोपी को काबू किया जा सकता है। सूचना के मुताबिक पुलिस आरोपी के घर पर दबिश देने पहुंची। जहां पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है। तावडू सीआईए पुलिस के मुताबिक आरोपी बदमाश ने थाना शहर नूंह, थाना सदर गुरुग्राम, थाना डीएलएफ फेज-2 गुरुग्राम में लूट की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। वहीं उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। जिसमें कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। बदमाश को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया।

### 15 नए पॉजिटिव केस मिले, आठ गांव कंटेनमेंट जोन घोषित



**मेवात।** पिछले सप्ताह भर से मेवात जिले में कोविड-19 पॉजिटिव केस लगातार बढ़ रहे हैं। नूंह जिले में कोविड के पिछले 24 घंटे में 15 नए केस सामने आए हैं, इसके अलावा अब तक जिले में कोरोना से 30 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना एक बार फिर से सिर उठाने लगा है। प्रदेश-देश में भी कोरोना की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। लिहाजा इससे बचने के लिए सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही नियमों का पालन करना भी उतना ही जरूरी है। लगातार बढ़ रहे कोविड-19 को देखते हुए नूंह स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन ने जिले में आठ कंटेनमेंट जोन बफर जोन इत्यादि बनाए गए हैं। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूरी नजर रखी हुई जा रही है। नूंह डिप्टी सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि जिले में कोरोना के केसों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अभी भी लोगों को मास्क लगाना, बार-बार साबुन से हाथ धोना और दो गज की दूरी बना कर रखना जरूरी है। सीएचसी स्तर पर अब सैम्पल लिए जाने लगे हैं। बता दें, कि नूंह जिले में कोरोना के अब 68 एक्टिव मरीज हो गए हैं। जिले में अब तक कोरोना के 1800 मामले सामने आए हैं। जिनमें अब तक 1702 मरीज ठीक हो गए हैं। जिले में अब तक 55393 लोगों को सर्विलांस पर लिया जा चुका है, जिनमें से 54243 लोगों का निगरानी में रखने का पीरियड पूरा हो चुका है। शेष 1150 लोग अंडर सर्विलांस पर हैं। अब तक 221938 लोगों के सैंपल लैब में भेजे जा चुके हैं, जिनमें से 216999 की नेगेटिव रिपोर्ट मिली है। 903 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

## जलापूर्ति की दिक्कत वाले स्थानों पर भेजें टैंकर: विधायक

### आफताब अहमद ने रमजान को लेकर बिजली और पानी की आपूर्ति पर की चर्चा



हेल्थ विभाग के चीफ इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेते विधायक आफताब अहमद।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**विधायक** व कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने रमजान के महीने में स्वच्छ पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों की पुराने रेस्ट हाऊस पर बैठक ली। आफताब अहमद ने निर्देश दिए कि जहां जलापूर्ति की दिक्कत है। वहां टैंकरों से पानी पहुंचाया जाए। अधिकारी व्यवस्था देखें कि किसी भी इंसान को साफ पीने के पानी से वंचित नहीं रहना पड़े।

इस बैठक में हेल्थ विभाग के चीफ इंजीनियर जनकराज, एसई जेसी जांगड़ा, एक्सईएन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने हेल्थ विभाग के चीफ इंजीनियर को कहा कि रमजान महीने में पीने का साफ पानी प्राथमिकता पर गांवों व नूंह शहर को दिया जाए। बता दें कि कई दर्जन गांवों के नाम नूंह विधायक ने हेल्थ विभाग को पहले ही दे रखे थे। जिन पर पानी सप्लाई व्यवस्था को सुधार किया जा रहा है। नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने चीफ इंजीनियर से घासेड़ा व मालब गांव को महा ग्राम पेयजल योजना में चल रहे कार्य की जानकारी ली।

बता दें कि इन दोनों गांवों को इस योजना के बाद स्वच्छ पानी उपलब्धता सुनिश्चित करने में फायदा होगा। आसपास के गांव भी लाभान्वित होंगे। इस दौरान चौधरी आफताब अहमद ने पब्लिक हेल्थ के चीफ इंजीनियर को आईबीएस टैंक बनाने के निर्देश दिए हैं। जिससे आगामी समय में पानी की समस्या से स्थाई समाधान मिलेगा। इस दौरान नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने नूंह शहर में सीवर लाइन को दुरुस्त करने व जहां नहीं है। वहां नई लाइन बिछाने की बात चीफ इंजीनियर से कही। विधायक चौधरी आफताब अहमद ने रेनीवैल व नहर आधारित वाटर सप्लाई की समीक्षा बारीकी से की।

वहीं पत्रकारों से बातचीत में सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि रमजान महीने में बिजली की उपलब्धता के बाद अब हमने स्वच्छ पानी की उपलब्धता के लिए मीटिंग की है। इस गर्म मौसम में रोजेदारों को साफ पानी पीने का मिले यही प्रयास है इसलिए हेल्थ विभाग के चीफ इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली है।

## चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवरात और 50 हजार नकद

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत गांव बेरी में एक मकान से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। खालिद निवासी बेरी ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की रात वह और उनके परिवार के सभी सदस्य खेतों में काम कर थके हुए थे। घर पर अलग-अलग कमरों में सो गए। उन्होंने बताया कि देर रात करीब तीन बजे के बाद जब उनकी पत्नी शहरी में खाना बनाने के लिए उठी तो उन्होंने देखा कि पीछे के दोनों कमरों में अलमारी संदूक और बेड खुले हुए हैं। कमरों में सामान तितर-बितर हुआ पड़ा है।

उन्होंने गहनता से जांच की तो पता चला कि एक कमरे से सोने के चार तोला के दो हार, दो दो तोला के गुलीबन्द एक सोने की अंगूठी। चार हथफूल, आधा किलो, एक चांदी का हार सहित लगभग 12 तोला सोना और पांच किलो चांदी गायब थी इसके अलावा 50 हजार रुपये नगद भी रखे हुए थे। जिन्हें कोई अज्ञात चोर देर रात चोरी कर ले गया। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## मुल्क की तरक्की और अमन के लिए मांगी दुआ



जुम्मा की नमाज अदा करते नमाजी।

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**रमजान** महीने का पहला जुम्मा यानी शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने रोजा रखा। वैसे तो रमजान महीने का हर रोजा हर मुसलमान को रखना आवश्यक है, लेकिन जुम्मे का रोजा रखने का अलग ही महत्व होता है। इसलिए आज मेव बाहुल्य क्षेत्र में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ छोटे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों ने भी रोजा रखा। रमजान माह का आज तीसरा दिन है। पिनगवां मस्जिद में मौलाना जमील ने जुम्मे की नमाज अता कराई। नमाज के बाद लोगों ने अपने परिवार के साथ पूरी दुनिया के लिए खैर के अलावा रहमत की बारिश करने तथा अपने मुल्क की तरक्की, अमन, शांति के लिए दुआ मांगी। रमजान मुबारक महीने का यह पहला जुम्मा था। लोग सुबह से ही जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए जामा मस्जिदों में आकर कुरान की तिलावत और तस्बीह पढ़ने लगे। दोपहर तक इबादत करने के पश्चात रोजदारों ने जुम्मे की नमाज अता की।

जिले की हर जामा मस्जिद में नमाजियों की बड़ी भीड़ के चलते नूंह ,पिनगवां, बड़कली चौक, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना, शाह चोखा, रोजका मेव, घासेड़ा, रीठट, शिकरावा आदि की मस्जिदों में जगह कम पड़ने से लोगों ने मस्जिदों के बाहर सड़कों पर नमाज अदा की। जुम्मे की रौनक जिले के हर बाजार में भी दिखाई दी। बड़ी तादाद में लोगों ने रोजा इफ्तार के लिए फल खरीदे।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**होडल।** नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार बाप-बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी में बताया कि दौलताबाद सेक्टर 16ए फरीदाबाद निवासी शीशपाल अपने चार वर्षीय पुत्र वनेश के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल फालन यूपी के लिए जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट पहुंचा तो उसकी बाइक में कार ने टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर मारने के बाद कार चालक कार को मौके से लेकर फरार हो गया। मनोज कुमार ने बताया कि इस दुर्घटना में बाइक सवार पिता-बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे हरियाणा सरकार

दीपक कुमार। नूंह

**रिटायर्ड** कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक दल के उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद से मुलाकात की। अपनी 16 मांगों का एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सीएलपी उप नेता से मांग की है कि वो उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाने में मदद करें ताकि रिटायर्ड कर्मचारियों को उनका हक मिल सके।

मांग पत्र में पंजाब सरकार की तर्ज पर पेंशन बढ़ोतरी, मेडिकल भत्ता देने, मेडिक्लेम बिल भुगतान 15 दिन में करने, पेंशन में इनकम टैक्स छूट 8 लाख तक करने, कामगारों को न्यूनतम 18000 रुपये पेंशन देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई है। सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उन्हें रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपना मांग पत्र सौंपा है। जिसे वो प्रदेश के मुख्यमंत्री को देकर इनकी मांगों को उन तक मजबूत तरीके से पहुचानें का काम करेंगे।नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जवानों को रोजगार देने में और रिटायर्ड लोगों को उनके हक देने में सरकार विफल साबित हो रही है।

बुजुर्ग सेवानिवृत कर्मचारी आज परेशान घूम रहे हैं लेकिन बीजेपी जजपा सरकार उन्हें उनके हकों से महरूम कर रही है। रिटायर्ड होने पर कर्मचारी सम्मान का जीवन प्रदेश सरकार से अपेक्षा करता है लेकिन प्रदेश सरकार उन्हीं के हकों पर कैंची चला रही है। सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे जायज हैं, वो इन मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का काम करेंगे अगर बीजेपी सरकार इसे पूरा नहीं करती है तो प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर इन्हें पूरा कराया जाएगा। इस दौरान पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद भी सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद के साथ मौजूद थे।

## पढेनी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### ससुरालियों पर हत्या का आरोप, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के गांव पढेनी में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक महिला के पिता की शिकायत पर ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जरजीस निवासी गांव पाटुका तहसील तावडू जिला नूंह ने बताया कि करीब 13 वर्ष पहले मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार उनकी बेटी अंजुम की शादी सद्दाम निवासी गांव पढेनी जिला नूह के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि बेटी के तीन बच्चे थे। वर्ष 2020 में बीमारी के चलते उनके दामाद सद्दाम की मौत हो गई थी। तभी से उनकी बेटी अपने बच्चों का स्वयं पालन पोषण कर रही थी, लेकिन सास मुबीना, ससुर इलयास, देवर असगर, देवरानी रुबीना, और चाचा ससुर फतेह मोहम्मद व उनके परिवार के अन्य व्यक्ति मिलकर उनकी बेटी अंजुम के साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते थे। साथी ही घर छोड़कर जाने की धमकी देते रहते थे। कुछ दिन पहले भी अंजुम को आरोपियों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया था। तब गणमान्य लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। जरजीस ने बताया कि बुधवार को मृतक अंजुम ने उन्हें फोन कर कहा कि उनके साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मार पिटाई की है। जिसके बाद वह अपनी पत्नी और परिजनों के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे। जब उन्होंने लड़ाई का कारण पूछा तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद किसी तरह मामले को शांत कर वह वापस आ गए। उन्होंने बताया कि देर रात सुबह करीब 4 बजे मृतक अंजुम के ससुर इलियास ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनकी लड़की की मौत हो गई है। उसे उठाकर ले जाओ। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस को सूचना दी।

गणमान्य लोगों के साथ लड़की के ससुराल गांव पढेनी में पहुंचे। जहां पर उनकी बेटी अंजुम मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ी हुई थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। जरजीस का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने साज बाज होकर उनकी बेटी की निर्मम हत्या की है। तावडू सदर थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह का कहना है कि मृतक महिला के पिता की शिकायत पर पुलिस ने सास मुबीना, ससुर इलियास, देवर असगर, देवरानी रुबीना और चाचा ससुर फतेह मोहम्मद निवासी पढेनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**बड़ी उम्मीद थी कि काश ले आते सवेरों को**
**मिटा पाये नहीं सचमुच ज़रा से भी अँधेरों को**
**लगी हैं लाइनें लम्बी बहुत शमशान-घाटों में**
**इन्हें भी लीज पर दे दीजिएगा धन-कुबेरों को**

## मुठभेड़ के बाद 50 हजार का इनामी जावेद और तीन साथी किए काबू

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**सीआईए** पुलिस तावडू ने मुठभेड़ के बाद 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश जावेद उर्फ जावेद निवासी खोरी को उसके अन्य तीन साथी बदमाशों सहित गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक देशी कट्टा, एक पिस्टल व राउंड बरामद की हैं।

डीजीपी द्वारा भगोड़ों व मोस्ट-वांटेड अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये गए अभियान के तहत नूंह एसपी नरेंद्र बिजारनिया के मार्गदर्शन अनुसार अपराध जांच शाखा (सीआईए) तावडू प्रभारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने काफी समय से वांछित चल रहे दिल्ली पुलिस के 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश जावेद उर्फ जाबिद पुत्र हकमुद्दीन निवासी खोरी जिला नूंह को उसके साथी बदमाश गजेंद्र उर्फ गज्जु पुत्र मुरारी लाल निवासी ऊचपुर



पुलिस गिरफ्त में बैठे बदमाश।

जिला अलवर, मोहन पुत्र वेदराम निवासी खोरी व अशोक पुत्र गणपत निवासी दमदमा को खोरी गांव अतीतका के पास से अवैध हथियार देशी कट्टा, पिस्टल व राउंड सहित पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। बदमाश जावेद उर्फ जावेद को पुलिस मुठभेड़ में दीवार से कूदकर भागने के कारण चोट लगने पर मेडिकल कॉलेज नलहड़ नूंह में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को तावडू सीआईए टीम गश्त पर ढिडारा बाई पास पर मौजूद थी। इस दौरान सूचना मिली कि दिल्ली पुलिस का 50 हजार का इनामी बदमाश जावेद उर्फ जाबिद अपने अन्य साथी बदमाश मोहन, गजेंद्र उर्फ गज्जु व अशोक के साथ खुशहाल कृषि फार्म मैन रोड तावडू खोरी के सामने वीरान पड़े कोठरा पर मौजूद है।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कोठरा को चारों तरफ से घेर लिया। बदमाश जावेद उर्फ जाबिद व उसके साथी बदमाशों ने अवैध देशी हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिए। इस दौरान सभी बदमाश अपने आपको पुलिस से घिरा देखकर भागने लगे। दीवार पर चढ़कर नीचे गहरी खाई में कूदकर भागने के दौरान जावेद उर्फ जाबिद को चोट लग गई। सभी बदमाशों को मुठभेड़ के बाद अवैध हथियार के साथ काबू कर लिया।

## पिता के बताए रास्ते पर चलकर जनता की आवाज बनेंगे मोनू कालडा

कैलाश मंगला। होडल

**अक्सर** देखा है कि जब कोई राजनैतिक व्यक्तित्व दुनिया छोड़कर चला जाता है तो उनके परिजनों का मुख्यधारा की राजनीति से अलगाव सा होता चला जाता है। इसकी मुख्य वजह यही होती है कि जिस नेता को वो अपना करीबी साथी मानकर चलता है, उस करीबी नेता की व्यस्तता या लापरवाही की वजह से उसके परिजन दूर होते चले जाते हैं। पर ये मिथक अब टूटते हुए दिख रहा है।

अभी बीते दिनों होडल से बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी स्व. राधेश्याम कालड़ा निधन हो गया था। सभी छोटे बड़े नेता, गणमान्य लोग उनके परिवार को सांत्वना देने पहुंचे थे। आमधारणा के अनुसार ये माना जा रहा था कि स्व. कालड़ा के जाने के बाद परिवार राजनैतिक तौर पर बिखर



फरीदाबाद सांसद कृष्णपाल गुर्जर एक समारोह के दौरान मोनू कालडा का स्वागत करते।

जाएगा। पर ये चित्र जिसमें लोकसभा फरीदाबाद से सांसद कृष्णपाल गुर्जर स्व. राधेश्याम कालड़ा के सुपुत्र मनोनीत पार्षद मोनू कालड़ा का स्वागत करते दिख रहे हैं, उसे देखकर लगता नहीं कि बिखरेगा। जब इस चित्र की सच्चाई का पता लगाया तो पता चला कि बाबा साहब अंबेडकर जयंती के बाद एक निजी समारोह में जहां सांसद कृष्णपाल गुर्जर, पलवल से विधायक दीपक मंगला, हरियाणा सरकार में मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा आदि का स्वागत किया जा रहा था तो सांसद फरीदाबाद ने आगे बढ़कर मोनू कालड़ा का स्वागत किया। कहा कि कभी अपने आपको अकेला मत समझना। मैं सदैव तुम्हारे साथ हूं। सांसद का ये व्यवहार दिखाता है कि वे एक जमीनी नेता हैं, जिन्हें रिश्तों की फिक्र है।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# नेताओं का कर्तव्य

## कोविड मानकों का पालन

**केवल** जुबानी बयानबाजी के बजाय नेताओं को हमेशा कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना चाहिए। हम जानते हैं कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने राष्ट्रीय जीवन के सभी पक्षों को बुरी तरह प्रभावित किया है जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता से लेकर सामाजिक व्यवहार तथा अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य तक शामिल है। लेकिन ऐसा लगता है कि इसने राजनेताओं को सोचने और काम करने पर बाध्य नहीं किया है। बढ़ती महामारी से निपटने के लिए दुहरे मानक कदापि नहीं होने चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह परिघटना हमारे अधिकांश राजनेताओं के मामले में स्पष्ट दिखाई देती है। हालांकि, सरकार कोविड-19 के बढ़ते मामलों से पूरी दृढ़ता के साथ निपटने में लगी हुई है, पर उसने चुनाव वाले राज्यों में बनी स्थिति के प्रति आंखें बंद कर ली हैं जहां कोविड-उपयुक्त व्यवहार का धड़ल्ले से मजाक उड़ाया जा रहा है। अपनी सार्वजनिक रैलियों, रोड शो व अभियानों में लगभग सभी राजनेता और उनके समर्थक मास्क पहनने, शारीरिक दूरी बनाए रखने तथा अन्य कोविड-उपयुक्त व्यवहारों का पालन नहीं करते हैं। सत्ता के भूखे इन नेताओं के लिए किसी व्यक्ति का वोट उसके जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसलिए उनको अपने वोट पाने के रास्ते में कोविड-उपयुक्त व्यवहारों की जरा भी चिन्ता नहीं है। निर्वाचन आयोग की बार-बार चेतावनियों के बीच जमीनी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। हालांकि, अधिकांश विदेशी राजनेताओं ने अच्छे व्यवहार का परिचय दिया है और सत्ता से बाहर किए गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा ब्राजील के वर्तमान राष्ट्रपति जैल बोलसोनारो इनमें अपवाद हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन ने इस वर्ष के प्रारम्भ में अपनी भारत यात्रा रद्द की थी जब उनको इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बनाया गया था। उस समय उनके देश में कोविड-19 संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे थे और उन्होंने जनता की आशंकाओं का ध्यान रखते हुए घर में ही रहना उचित समझा था। इंग्लैंड में वायरस की स्थिति के कारण बोरिस जान्सन ने इस महीने भी अपनी प्रस्तावित भारत यात्रा संक्षिप्त करने का निर्णय किया है।



बोरिस जान्सन ने कहा है कि ब्रिटेन में कोविड-19 से होने वाली मौतों में टीकाकरण के बजाय तीन महीने के लाकडाउन का असर पड़ा है। हम नहीं जानते कि क्या उनके कथन के पक्ष में समुचित प्रमाण हैं, लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि उनके देश की स्थिति में लगातार सुधार हुआ है जबकि भारत वर्तमान समय में सर्वाधिक कोरोना-प्रभावित देशों में ऊपर चढ़ रहा है। केवल अमेरिका को आगे छोड़ कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसे देखते हुए मतदाताओं का सामना करते समय हमारे नेताओं को शर्मिन्दा होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे केवल वोट बटोरने में लगे हुए हैं। इसके लिए ईश्वर उनको माफ करे। लेकिन जैसे ही उनको वायरस संक्रमण होता है, जैसा कि अनेक नेताओं को हो चुका है, वे फौरन स्वयं को अलग कर लेते हैं तथा सर्वोत्तम चिकित्सा संस्थानों द्वारा चिकित्सकीय देखभाल का लाभ उठाते हैं। निश्चित रूप से यह सब करदाताओं के पैसे से होता है। लेकिन उस गरीब जनता का क्या होगा जिसे वे पीछे छोड़ देते हैं और जो संक्रमण से प्रभावित हो सकती है। ऐसे अनेक कारणों से ही कोविड के खिलाफ लड़ाई लगभग जीतने के बावजूद हम फिर दलदल में फंस गए हैं। हालांकि, आंशिक रूप से इसमें हमारी अपनी भूमिका भी है, लेकिन ज्यादातर राजनेता भी इसके जिम्मेदार हैं। लोकतंत्र के उत्सव समेत सभी त्योहारों का आनन्द केवल उसी समय उठाया जा सकता है, जब देश की जनता स्वस्थ रहे तथा जीवन के मूलाधिकार का आनन्द उठाने की स्थिति में बनी रहे।

# भारत-चीन गतिरोध जारी

जबकि भारत पूर्वी लद्दाख में तनाव घटाने पर जोर देता है, चीनी यथास्थिति पसंद करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है कि दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।



**अनिल गुप्ता**
लेखक सुरक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विश्लेषक हैं)



लगभग दो महीने के अंतराल के बाद आयोजित पूर्वी लद्दाख में तनाव को कम करने के लिए भारत-चीन सैन्य वार्ता का 11 वां दौर फिर से बिना किसी बड़ी सफलता के समाप्त हो गया है। मैराथन वार्ता 13 घंटे तक चली क्योंकि अतीत में यह प्रवृत्ति रही है, लेकिन इस बार चीनी पक्ष कठोर और असंसदीय था। इस साल फरवरी में झील क्षेत्र और कैलाश रेंज से सैनिकों के सफल विस्थापन के बाद से, एक गतिरोध मौजूद है, जहां तक आगे की स्थिति हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा, डेमचोक और देपसांग में भारतीय गश्ती दल के रुकने से संबंधित है।

विघटन पूरा होने के तुरंत बाद, दोनों राष्ट्रों के सैन्य कमांडरों के बीच 10 वें दौर की वार्ता हुई। लेकिन यह किसी भी आम सहमति पर पहुंचने में विफल रहा क्योंकि शेष क्षेत्रों से आगे विघटन का संबंध था। हालांकि, वार्ता को रचनात्मक के रूप में करार दिया गया था और दोनों पक्षों को एक सार्थक परिणाम की उम्मीद थी। वार्ता के बाद दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से जारी बयान में झील क्षेत्र से होने वाली असंगति को सकारात्मक रूप से बताया गया है, यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ अन्य शेष मुद्दों के समाधान के लिए एक अच्छा आधार प्रदान करेगा।

हालांकि बहुप्रतीक्षित 11 वां दौर एक बार फिर गतिरोध में समाप्त हो गया है, दो ध्यान देने योग्य अंतर हैं। अतीत के विपरीत, दोनों देशों द्वारा कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। एक अन्य मामले में, चीनी पक्ष ने पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक बयान के साथ अपने रक्षा मंत्रालय के बजाय अपने पश्चिमी थिएटर कमांड के प्रवक्ता द्वारा जारी किए गए प्रेस बयान का जवाब दिया है। पीएलए द्वारा जारी किया गया बयान लफ्फाजी से भरा था और कूटनीतिक बारीकियों से भरा था, यह दर्शाता है कि इसे मंत्रालय के स्तर पर मसौदा तैयार किया गया था, लेकिन पीएलए द्वारा जारी किया गया था। यह किसी प्रकार की नाखुशी या असहमति का संकेत देता है जिसे उच्चतम स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है। पीएलए के बयान में कहा गया है, ''हमें उम्मीद है कि भारत चीन-भारत सीमा क्षेत्रों में डे-एस्केलेशन की वर्तमान सकारात्मक स्थिति को भांप सकता है'', दोनों देशों द्वारा संबंधित समझौतों और पिछली बैठकों में दोनों सेनाओं द्वारा किए गए समझौतों का पालन करते हुए, चीन के आधे रास्ते को पूरा करने और शांति की रक्षा के लिए और सीमा क्षेत्रों में एक साथ स्थिरता लाने के लिए; अतीत में भारत द्वारा एक बार फिर खारिज किए गए आधे-अधूरे प्रस्ताव को दोहराया गया। जब चीन ने वादा किया हुआ असंगति भी पूरा नहीं किया है, तो डी-एस्केलेशन के बारे में बात करने का क्या मतलब है?

कुछ हफ्ते पहले, भारतीय सेना के प्रमुख जनरल नरवाना ने माना था कि पूर्वी लद्दाख में खतरा पूरी तरह से दूर नहीं हुआ हैख क्योंकि पीएलए अभी भी पीछे के क्षेत्रों में अपनी सेना की काफी ताकत बनाए हुए था। उन्होंने कहा, डी-एस्केलेशन तभी होगा, जब ये तत्व वापस अपने गैरीनों में जाएंगे। बहु-आवश्यक डी-एस्केलेशन अभी भी दोनों पक्षों को हटाता है।

जबकि भारतीय पक्ष ने हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा, कोंगका ला और डेमचोक से पूरी तरह से विघटन पर जोर दिया, जिसमें डिप्संग का मुद्दा भी शामिल था, चीनी ने इन घर्षण स्थलों से पुलबैक को हटाने के लिए मना नहीं किया था, लेकिन पहले से सहमत थे, डीपसांग की चर्चा करते हुए अकेले चले गए। माना जाता है कि डेपसांग मैदानी इलाकों से होने वाली कटाव को विवाद की हड्डी माना जाता है क्योंकि यह सीधे पिछले साल की आक्रामकता से संबंधित नहीं है। हेक्टिक राजनयिक गतिविधि ने शांति और शांति बनाए रखने और द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति के लिए स्थितियां प्रदान करने के लिए वार्ता के 11 वें दौर की शुरुआत की थी। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत में, एलएसी के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान और सभी घर्षण बिंदुओं पर विघटन पर जोर दिया था।

मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित भारत चीन सीमा मामलों (डब्ल्यूएमसीसी) पर कार्य तंत्र और समन्वय की कार्य प्रणाली की एक आभासी बैठक में, कोर कमांडरों के बीच 11 वें दौर की वार्ता जल्द से जल्द आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जमीन पर स्थिति को कम करने के लिए और सीमा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कठिन शांति और स्थिरता की रक्षा करना।

इस प्रकार सभी निगाहें 11 वें दौर की वार्ताओं पर टिकी हुई थीं, न केवल शेष क्षेत्रों से विस्थापन के लिए, बल्कि डेपसांग इम्ब्रॉलीगियो के संकल्प के लिए भी। तो, बड़ा सवाल यह है कि चीनी इस क्षेत्र को लेकर इतने संवेदनशील क्यों हैं और स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं? देपांग के मैदान अक्साई चिन और सियाचिन ग्लेशियर के बीच स्थित हैं। समुद्र तल से 16,000-17,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह क्षेत्र बख्तरबंद वाहनों को अच्छी गतिशीलता प्रदान करता है। काराकोरम दर्रा और सासर कानून दर्रा, जो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और अपने क्षेत्र के भीतर स्थित है, इसके किनारों पर हैं।

इनमें से अधिकांश मैदान 1950 के दशक के मध्य से चीनी नियंत्रण में थे। दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) भी मैदानी इलाकों से सटे हुए हैं। 1962 में, चीन ने डीबीओ के पश्चिम में डेपसांग मैदानों पर कब्जा कर लिया, जिसमें भारत एक छोटा सा उभार था। डीबीओ को श्योक क्षेत्र और उससे आगे जोड़ने के लिए हमारे द्वारा बनाई गई नई सड़क चीनी के अवलोकन के तहत है और इसकी तोपखाने की आग की चपेट में बनी हुई है। यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन और पाकिस्तान संयुक्त रूप से भारत को एक रणनीतिक मिलीभगत में एक पिनर आंदोलन के साथ धमकी दे सकते हैं और लद्दाख के बाकी हिस्सों से महत्वपूर्ण क्षेत्र को काट सकते हैं। इसके विपरीत, भारत अक्साई चिन और चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की धमकी दे सकता है, हालांकि किसी भी बड़े पैमाने पर आक्रामक के लिए बिल्ड-अप गंभीर चुनौतियों का सामना करेगा।

एलएसी की अलग-अलग धारणा के अलावा, क्षेत्र में एक और अजीब कारक सीमा गश्ती (एलओपी) है। भारत और चीन रक्कके सरेखण पर भी भिन्न हैं। एलओपी की चीनी धारणा हमारे क्षेत्र के अंदर हमारी धारणा से लगभग 20 किमी दूर है। इस क्षेत्र में तनाव हाल ही में नहीं हैं। चीन ने 2013 में और फिर 2015 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की यात्रा के दौरान और फिर 2017 डोकलाम संकट के दौरान इस क्षेत्र में घुसपैठ की थी।

समस्या का सार दोनों पक्षों द्वारा एलओपी पर स्थित पैट्रोलिंग पॉइंट्स तक एक-दूसरे की पहुंच से इनकार किए जाने में निहित है। इससे पहले भारतीय सैनिक पीपी 11, 12, 12 ए और 13 तक गश्त कर चुके थे और कथित एलएसी तक इससे आगे नहीं बढ़े थे। लेकिन, हाल ही में, भारतीय सैनिकों को इन पीपीएस तक भी गश्त करने से रोक रहा है और डोकलाम गतिरोध के बाद घटना अधिक स्पष्ट हो गई है। फिंगर्स एरिया (फिंगर फोर-आठ के बीच) में चीनी घुसपैठ के विपरीत, चीनी भौतिक रूप से इस क्षेत्र में नहीं गए।

भारतीय गश्ती वाहन केवल अड़चन नामक क्षेत्र तक ही जा सकते हैं जिसके आगे उनका आवागमन पैदल होता है। अड़चन से एक किलोमीटर दूर या आगे वाई-जंक्शन है, जहां मार्ग द्विभाजित है, जिसमें एक रास्ता पीपी10 के लिए और दूसरा पीपी13 की ओर जाता है। जब भारतीय गश्ती वाई-जंक्शन के पास पहुंचते हैं, तो पीएलए के सैनिक पास की चौकी से वाहनों में आते हैं और उन्हें एलओपी तक जाने से रोकते हैं। एक समर्थक के रूप में, भारतीय सेना पीएलए के लोगों को उनके कथित एलओपी के लिए टोंटी क्षेत्र के आगे जाने से रोकती है।

क्षेत्र में किसी भी खतरे को दूर करने के लिए, भारत ने एक मजबूत बल भी बनाया है, जिसमें बख्तरबंद वाहन भी शामिल हैं। इतने बड़े बल के निर्वाह की रसद और बख्तरबंद बेड़े को इस तरह के अत्यधिक ठंड के मौसम में कार्यात्मक रखना एक हुरियारिन का काम है। जबकि भारत इस क्षेत्र में अन्य लोगों के साथ डी-एस्केलेशन पर जोर देता है, चीनी यथास्थिति पसंद करते हैं। जैसा कि यह प्रतीत होता है, दोनों पक्ष अनिच्छा से अनिच्छुक हैं। भारतीय सेना अभी भी झील क्षेत्र में एक विशेषता के कब्जे में है जो डेपसांग मैदानों में हमारे हितों को सुरक्षित करने के लिए चीनी के साथ कठिन सौदेबाजी के लिए ट्रम्प कार्ड के रूप में साबित हो सकती है।

# दक्षिण भारतीय इतिहास व संस्कृति को जानें

**यदि हम वास्तविक एकीकरण चाहते हैं, तो उत्तर भारतीयों को दक्षिण भारत के इतिहास और साहित्य का अध्ययन करना चाहिए।**

**मार्कंडेय काटजू**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त



दक्षिण के लोगों सहित सभी भारतीयों ने महान मौर्य साम्राज्य, गुप्त साम्राज्य, हर्षवर्धन के साम्राज्य, मुग़ल साम्राज्य आदि के बारे में अपने स्कूल के इतिहास की किताबों में पढ़ा है। लेकिन, कितने उत्तर भारतीयों ने विजयनगर साम्राज्य के कृष्णदेव राय (जिनकी दो रानियों के साथ प्रतिमा, अभी भी तिरुपति मंदिर में खड़ी है), या महान चोल और पांड्य राजाओं के बारे में सुना है? अफसोस है कि बहुत कम उत्तर भारतीय दक्षिण के इन महान राजाओं के बारे में जानते होंगे। अधिकांश भारतीयों ने रामायण 'और महाभारत' को पढ़ा है, जो उत्तर भारतीय राजाओं के बारे में महाकाव्य हैं, और अधिकांश भारतीयों ने सूरदास, तुलसीदास, कबीर और मुंशी प्रेमचंद की कहानियों को पढ़ा है। लेकिन कितने ही उत्तर भारतीयों ने तिरुवल्लूवर के महान तमिल महाकाव्यों ''सलप्पथिकारम'', ''मणिमेक्कलई'', या महान तमिल ग्रंथ ''तिरुक्कुरल'' को पढ़ा है, जिनके बारे में महान तमिल कवि सुब्रमण्यम भरत ने लिखा था : ''तमिलनाडु पूरी दुनिया में जाना जाता है क्योंकि तिरुक्कुरल जो पूरे तमिलनाडु में जनवरी के महीने में गाया जाता है, कवि संत अंदल द्वारा ''तिरुप्पावई'' कितने ही सुने गए हैं, या सुब्रमण्य भारती की महान कविता, जिसने 1940 के आसपास महिलाओं की मुक्ति के लिए शक्तिशाली छंद लिखे थे। देश में और किसी ने ऐसा साहस किसा? बहुत कम लोगों ने

उत्तर भारतीयों को हिंदुस्तानी संगीत का पता है लेकिन कर्नाटक संगीत, और त्यागराज, मुथुस्वामी दीक्षित और श्यामा शास्त्री को इसकी कितनी जानकारी है? शायद ही कोई। कितने उत्तर भारतीयों ने महान केरलवासी समाज सुधारक नारायण गुरु के बारे में सुना है, जो निम्न जाति के ईज़हा समुदाय से थे और निडर होकर अमानवीय जाति व्यवस्था के खिलाफ अभियान चला रहे थे? व्यावहारिक रूप से कोई नहीं। लंबे समय तक, उत्तर भारतीयों ने दक्षिण भारत को असभ्य लोगों द्वारा आबादी वाली एक अंधेरी भूमि माना है और विभिन्न क्षेत्रों में दक्षिण की महान उपलब्धियों से अनजान हैं। वास्तव में द्वठु रामायण 'में, किष्किंधा, जो कि वर्तमान कर्नाटक राज्य में मानी जाती है, को बंदरों द्वारा आबादी वाली भूमि माना जाता था जहाँ से भगवान राम ने श्रीलंका पर आक्रमण करने के लिए एक डु वानर सेना (वानर सेना)' खड़ा किया था। अफसोस है कि आज भी, दक्षिण की संस्कृति और उपलब्धियों की अनदेखी के कारण कई उत्तर भारतीय दक्षिण भारतीयों की ओर देखते हैं। उदाहरण के लिए, दक्षिण भारतीय मंदिर विशाल और अविश्वसनीय रूप से सुंदर हैं। वे प्राचीन और मध्ययुगीन दक्षिण भारतीयों के वास्तुकला और ज्यामिति के उच्च स्तर का ज्ञान प्रकट करते हैं। उदाहरण के लिए, तंजौर का बृहद्धेश्वर मंदिर बस अचरज में है और एक आश्चर्य की बात है कि इसे बनाने के लिए बिल्डर इतने बड़े पत्थरों का उपयोग कैसे कर सकते थे। वास्तव में, यह मिस्र के पिरामिडों में से एक की याद दिलाता है। पल्लव साम्राज्य की राजधानी महाबलिपुरम के प्राचीन बंदरगाह शहर में गंगा की विशालकाय चट्टान राहत 'उतरती है, वास्तव में आश्चर्यजनक है।



दक्षिण भारत में पाए जाने वाले रोमन सिक्कों की बड़ी संख्या सम्राट ऑगस्टस (जिन्होंने 27 ईसा पूर्व से 14 ईस्वी तक शासन किया) के समय से इसके और प्राचीन रोम के बीच व्यापक व्यापार को दर्शाता है। यह इंगित करता है कि दक्षिण और एशिया में व्यापक वाणिज्यिक संपर्कों के साथ, उत्तर भारतीयों के विपरीत, प्राचीन और मध्ययुगीन दक्षिण भारत में अर्थव्यवस्था कितनी विकसित थी। माना जाता है कि चोल राजा राजेंद्र चोल ने दक्षिण पूर्व एशिया (श्रीलंका, सुमात्रा, और इसी तरह) में सैन्य अभियानों को अंजाम दिया था, जो केवल एक शक्तिशाली नौसेना की सहायता से संभव हो सकता था। इलंगो के महाकाव्य ''सिलप्पाथिकाराम'' में इन पंक्तियों में एक है : पांड्य राजा समृद्ध हो सकते हैं, जिन्होंने उत्तर में गंगा और हिमालय पर विजय प्राप्त करने के बाद दक्षिण पर शासन किया था।

पहले मुझे लगा कि यह केवल काव्यात्मक अतिशयोक्ति है, हालांकि, बाद में मैंने एक दक्षिण भारतीय राजा (शायद राजेंद्र चोल) के विश्वसनीय विवरणों का अध्ययन किया, जिसने उत्तर भारत में गंगा के मैदान और उससे भी आगे तक आक्रमण के अभियान का नेतृत्व किया (श्रीलंका के आक्रमण के अलावा) मलाया प्रायद्वीप, दक्षिणी थाईलैंड और इतने पर)। यदि हम भारत का वास्तविक एकीकरण चाहते हैं, तो उत्तर भारतीयों को दक्षिण भारत के इतिहास, संस्कृति और साहित्य का अध्ययन करना चाहिए, वह भी स्कूल से और दक्षिण भारतीयों को वह सम्मान

## आप की बात

### फिर मजदूरों का पलायन

विगत वर्ष से देश दुनिया मे कोरोना महामारी से शायद ही कोई अछूता रहा हो। गतवर्ष कोरोना काल मे मजदूरों की हृदय स्पर्शी व्यथा आज भी हम सभी को अवगत है। फिर वर्ष भर बाद दो जून की रोजी रोटी कमाने निकले मजदूरों का पुनः पलायन जारी हो गया। वर्तमान दौर में कोरोना के 2 लाख तक को छूने वाले भयावह आकड़ो ने फिर मजदूरों को अपनी जान बचाने के लिए मजबूर किया है। और लोग अपने गांव, अंचलों में वापसी रुख कर रहे है। मुबई , दिल्ली रेल्वे स्टेशनों पर , बस अड्डो पर भीड़ तंत्र की असहाय परिस्थितियों की गवाही एक बार फिर मजदूरों के दर्द भरे प्याले को छलकाने में पीछे नही है। इसमे कोई दो मत नही रोज कमाने खाने वाले मजदूरों के लिए कोरोना से ज्यादा लॉक डाउन रूह कपाने वाला शब्द बन गया। जिंदगी की जदोहद में एक तरफ पेट की आग बुझाने की सोच दूसरी और जानलेवा कोरोना संक्रमण से बचने की कोशिश में घरों में पहुंचना चाहते है। दिल्ली बस स्टेंड रेलवे स्टेशन पर मजदूरों के जत्थे देखने को मिल जाते है। कुछ कम्पनियों के बन्द होने की और छटनी की खबरों से मजदूरों का पलायन जारी है। इसमे कोई दो मत नही पिछले साल का मजदूर का दर्द आंखों में आंसू ला देता है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### महामारी का कहर

**आपदा** व महामारी ना तो आम देखती है, न खास, न अमीर ना गरीब ना राजा को देखती है न रंक न सेठ को देखती है ना नौकर को, इससे कोई भी नहीं बच सकता है। लेकिन आपदा व महामारी के समय बीमारू का ईश्वर के बाद अगर कोई दूसरा भगवान है तो वह है अस्पताल, डॉक्टर, नर्स, दवा दारू व उसकी समर्पित भाव से देखरेख। लेकिन कोरोना महामारी ने हमारे देश प्रदेश के अस्पतालों की पोल खोल के रख दी है। इतने विकास व तरक्की के बाद भी आज अस्पतालों में जगह नहीं है, जीवन उपयोगी दवाइयों का अभाव है, मरीज मर रहे हैं। ऐसे संकट के समय में अस्पतालों में आवश्यक दवा दारू का अभाव है तो यह कैसी तरक्की, कैसा विकास। यह महामारी हमारी केंद्र व राज्यों की सरकारों को सबक सिखा रही है कि सरकार की प्राथमिक सूची में स्वास्थ्य सेवाएं होनी चाहिए। इन सेवाओं के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं ना केवल चुस्त-दुरुस्त, चाक-चौबंद हो,बल्कि दवा दारू व जीवन रक्षक आवश्यक दवा दारू पर्याप्त मात्रा में हो। जब संकट में ही अस्पताल बीमारू होकर दम तोड़ने लगे तो फिर यह कैसे अस्पताल। सोचने, समझने व नसीहत लेने का भी समय है।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### बच्चों का बिगड़ता भविष्य

**कोरोना** महामारी के संक्रमण ने छात्रों का भविष्य अंधकार में कर दिया है। लॉकडाउन के चलते साल भर तक स्कूलों पर ताले जड़े रहे तो ऑनलाइन पढ़ाई के प्रयास भी कुछ खास सार्थक नहीं हुए। ऐसे में प्रतिभावान विद्यार्थियों का मानसिक स्तर भी गिरा है। इस वर्ष औपचारिक परीक्षाओं के भी कोई दूरगामी परिणाम निकलते नहीं दिख रहे हैं। परीक्षाएं रद्द हो रही हैं और स्कूलों के बंद पड़े रहने से विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर लगातार गिरता भी रहा है। यह चिंता का विषय है। इससे बच्चों की दैनिक दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो गई है। आज अगर थोड़ी बहुत पुस्तकों में दिलचस्पी दिखी है तो वह ऑनलाइन पढ़ाई के कारण लेकिन उसको भी अधिकतर विद्यार्थियों ने गंभीरता से नहीं लिया। हालातों को देखते हुए इस बार सरकार ने घर बैठे परीक्षा लेने की योजना बनाई वह भी बच्चों के मानसिक स्तर में बढ़ोतरी के लिए आज से बिल्कुल कारगर नजर नहीं आ रही है। बहरहाल इस प्रयास से बच्चों में पुस्तकों के प्रति दिलचस्पी अवश्य रहेगी।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail@com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**टीका** उत्सव 10-12 दिनों तक जारी रहेगा। लॉकडाउन कोविड-19 का समाधान नहीं है बल्कि टीकाकरण, सामाजिक गड़बड़ी और मास्क पहनना है।

– **प्रमोद सावंत**
गोवा के मुख्यमंत्री

**यह** लॉकडाउन ही है जो संक्रमण और मौतों को कम करने में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह टीकाकरण कार्यक्रम द्वारा हासिल नहीं किया गया है।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री





**उत्तर** प्रदेश की सरकार आंकड़ों के साथ नहीं बल्कि लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्य में स्थिति विस्फोटक हो गई है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर सरिता मोर ने रचा इतिहास

## एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दो स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बनी

### उपायुक्त पूनिया ने बधाई देते हुए कहा सरिता बनी बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) अभियान की सोनीपत की ब्रांड एंबेसडर सरिता मोर के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर सरिता बहन-बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में उभरी हैं। उनकी उपलब्धियां बीबीबीपी अभियान की सफलता में सहायक सिद्ध होंगी।


एशियन कुश्ती चैंपियनशिप की विजेता सरिता मोर।

उपायुक्त पूनिया ने कहा कि सोनीपत की बेटी सरिता मोर ने एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। वह देश की तीसरी पहलवान बन गई हैं जिन्होंने एशियन चैंपियनशिप में दो बार स्वर्णिम पताका फहराई है। सरिता मोर से पहले यह उपलब्धि पुरूष पहलवानों के रूप में योगेश्वर दत्त (2008 व 2012) और बजरंग पूनिया (2020 व 2021) के नाम दर्ज है। जबकि महिला पहलवान के रूप में उनका नाम सबसे ऊपर है। वह भारत की पहली महिला पहलवान हैं, जिन्होंने एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्णिम प्रदर्शन किया है। इसके पहले सरिता ने वर्ष 2020 में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता था। अब दूसरी बार उन्होंने अलमाती (कजाकिस्तान) में आयोजित एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में 59 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।

लगातार स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए उन्होंने देश-प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। उपायुक्त ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में सरिता मोर को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। यह निर्णय सही साबित हुआ है। सरिता आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। वे बहन-बेटियों के लिए आदर्श हैं। एक उदाहरण बनी हैं। साथ ही उन्होंने लड़का-लड़की में भेदभाव करने वालों और कन्या भ्रूण हत्या करने वालों के मुंह पर करारा तमाचा जड़ा है। उन्होंने साबित कर दिया है कि बेटियों को अवसर मिले तो वे खुद को साबित कर सकती हैं। बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं है। हर क्षेत्र में बेटियों ने कीर्तिमान रचते हुए बेटों को भी पीछे छोड़ दिया है।

# शिक्षा बोर्ड दसवीं की परीक्षा लें या फिर परीक्षा फीस वापस करें : कुलभूषण

## फैडरेशन ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन को सौंपा मांग पत्र

### सीबीएसई की तरह से ही दो विषयों में कम्पार्टमेंट वाले बच्चों को न माने फेल नहीं माने

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**फैडरेशन** आफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से मांग की है कि दसवीं के छात्रों की परीक्षा रद्द न करें क्योंकि बच्चे अपना परीक्षा शुल्क दे चुके हैं और सभी तैयारियां हो चुकी हैं। श्रीशर्मा पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने प्रेसवार्ता से पहले फैडरेशन ने अपनी मांगों का एक मांग पत्र हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डाक्टर जगबीर सिंह को भी सौंपा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कुलभूषण शर्मा ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्डद्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि सीबीएसई का अनुसरण करते हुए दसवीं की बोर्ड परीक्षा रद्द कर दी गयी है। ये बड़े ही खेद की बात है कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एक स्वायतशासी संस्था हैं ना कि सीबीएसई की सिस्टर कंसर्न है। इसलिए शिक्षा बोर्ड को सीबीएसई का अनुसरण नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा रद्द करने से पूर्व एक दिन पहले शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डाक्टर जगबीर सिंह कहते हैं कि परीक्षा अपने निर्धारित समय पर होगी और रद्द नहीं की जाएगी। अगले दिन प्रदेश के शिक्षा मंत्री परीक्षा रद्द करने की घोषणा करते हैं। ऐसे में यह सोचनीय प्रश्न है कि शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन की हैसियत फिर क्या है? शर्मा ने कहा कि छात्रों के पेपर कक्षा नौवीं व कक्षा 11वीं की तर्ज पर बोर्ड द्वारा प्रश्न पत्र स्कूल स्तर पर उपलब्ध करा दिया जाएं। उन्हीं के स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाकर परीक्षा ली जा सकती है, जिससे बच्चे परीक्षा से वंचित नहीं रहेंगे और उनको सही मूल्यांकन करके पास किया जा सकेगा। बोर्ड द्वारा पत्र यह जारी किया गया है कि हम सीबीएसईका अनुसरण करते हुए दसवीं की बोर्ड परीक्षा को निरस्त किया जाता है, तो फैडरेशन शिक्षा बोर्ड को यह सुझाव देना चाहती है कि क्यों नहीं अगर सीबीएसई का अनुसरण करना है तो सीबीएसई दो विषयों में कम्पार्टमेंट को फेल नहीं मानती, तो यहां पर हरियाणा शिक्षा बोर्ड को भी दो विषयों में बच्चों को फेल नहीं माना जाए।

उन्होंने कहा कि अगर किसी परिस्थितिवश सरकार अपने फैसले पर अडिग है और परीक्षा को आयोजित ही करवाना नहीं चाहती है तो फैडरेशन का सुझाव है कि सभी बच्चों का परीक्षा शुल्क तुरंत प्रभाव से सरकार वापस कर दें। क्योंकि कोरोना की परिस्थिति में सभी अभिभावकों पर बहुत आर्थिक बोझ है और उन्होंने बहुत ही कठिनाई से बोर्ड की फीस जमा करवाई है। इससे अभिभावकों को राहत मिलेगी।

# आईआईएचएम के लिए अधिग्रहित भूमि के तहत पुर्नवास को सूची तैयार करें

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ पुर्नवास को लेकर बैठक का आयोजन

**एसडीएम** विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट (आईआईएचएम) के तहत अधिग्रहित की गई भूमि के मालिकों, बसे हुए लोगों को पुर्नस्थापित किया जाएगा। इसके लिए पात्र, उम्मीदवारों की सूची तैयार की गई है। सूची में जो व्यक्ति अब जीवित नहीं है उनके वारिसों (पत्नी या पुत्र) की सूची तैयार की जाए।

आईआईएचएम की स्थापना के लिए गन्नौर के टेहा गांव की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। इसके तहत दो मरला प्लाटों के लाभार्थी, पात्रों की पात्रता को लेकर चर्चा करने के लिए उपमंडल अधिकारी के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम विश्राम मीणा ने की। बैठक में सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार की गई सूची तथा 12 फरवरी 2021 की बैठक में गठित कमेटी द्वारा पात्रों, उम्मीदवारों की सूची पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि दो मरला प्लाट के लिए पात्रता सूची को आईआईएचएम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर तथा मार्केट कमेटी गन्नौर के कार्यालय और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गन्नौर के कार्यालय में चस्पा किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि कमेटी ने निर्णय लिया कि तैयार की गई सूची में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह 16 अप्रैल 2021 से 26 अप्रैल 2021 तक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर तथा मार्केट कमेटी गन्नौर के कार्यालय में जाकर प्रात 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक निर्धारित प्रोफार्मा में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा ग्राम सचिव व ग्राम पटवारी टेहा को निर्देश दिए गये कि वह प्राप्त आपत्तियों को 26 अप्रैल 2021 तक जांच उपरांत अपनी टिप्पणी सहित संयुक्त रिपोर्ट कमेटी को 27 अप्रैल 2021 को प्रात 10 बजे तक देना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने मार्केट कमेटी गन्नौर की सचिव को निर्देश दिए कि पात्रों, लाभार्थियों की अंतिम सूची, रिपोर्ट तैयार होने के उपरांत सूची को एचआईएचएमसीएल पंचकूला को भिजवाना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### सुलभ शौचालय शुरू कराने को सौंपा ज्ञापन



**सोनीपत।** पुरानी तहसील के समीप पटेल पार्क में सुलभ शौचालय को आमजन के लिए शुरु किए जाने की मांग को लेकर रोहतक रोड के व्यापारियों ने शुक्रवार को जिला व्यापार मण्डल के प्रधान संजय सिंगला व कार्यकारी शहरी प्रधान पवन तनेजा को ज्ञापन सौंपा। रोहतक रोड मार्केट के प्रधान रामनारायण गोयल व काठ मंडी टिम्बर एसोसिएशन के प्रधान पवन तनेजा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पुरानी तहसील के पास सुलभ शौचालय को निर्मित हुए 6 माह बीत चुके हैं, किन्तु अभी तक इसका ना तो उद्घाटन हुआ है और ना ही इसे आमजन व व्यापारियों के लिए खोला गया है। जिस कारण दुकानदारों व महिला ग्राहकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि सुलभ शौचालय के निर्माण के बावजूद भी जनता के लिए सहूलियत प्रदान नहीं किए जाने से स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष है। उन्होंने निगम के ज्वाइंट कमीश्नर सुभाषचंद्र से इस समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अनिल गुप्ता सीटू, प्रवीण वर्मा, मुकेश जैन, मनोज कौशिक, भीम सैन कुकड़ेजा, ओम प्रकाश सिंगला, धीरज शर्मा, जगदीश, महेंद्र, रविन्द्र आदि दुकानदार मौजूद रहे।

### रेडक्रास ने चलाया जागरूकता अभियान, बांटे मास्क



**भिवानी।** कोरोना महामारी से अगर बचना है तो मास्क का उपयोग, सेनेटाईजेशन एवं सामाजिक दूरी रखनी अति आवश्यक है। ये विचार आज शुक्रवार को रेडक्रास भवन में युवाओं को सम्बोधित करते हुए रेडक्रास कार्यवाहक सचिव मनोरंजन शर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ एवं जिला उपायुक्त एवं रेडक्रास अध्यक्ष जयबीर सिंह आर्य के कुशल मार्गदर्शन में कोरोना महामारी के बचाव के लिए ऐसे जागरूकता सेमिनार रेडक्रास द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को रेडक्रास स्वयं सेवकों एवं आरसीआईटी कम्प्यूटर सेंटर के सहयोग से शहर के विभिन्न चौराहों पुराना बस स्टैण्ड, चिडियाघर मोड, पंचायत घर चौक पर आमजन को मास्क का उपयोग करने, सैनेटाइजेशन करने व उचित दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित भी किया गया। साथ ही 500 से अधिक मास्क वितरित किए गए।

### ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय बैठक 18 को

**कुरुक्षेत्र।** सारस्वत ब्राह्मण धर्मशाला कुरुक्षेत्र में विश्व ब्राह्मण फेडरेशन के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष जिले सिंह पिचोलिया ने की। इस बैठक में उन्होंने 18 अप्रैल को हरियाणा ब्राह्मण धर्मशाला एवं छात्रावास में होने जा रही जिला स्तरीय बैठक के लिए सभी से निवेदन किया। कहा कि अब समय आ गया है, जब ब्राह्मण समाज एकजुट होकर अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखें। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे ब्राह्मण धर्मशाला एवम छात्रावास कुरुक्षेत्र नज़दीक सनिहत सरोवर में सभी श्रेष्ठ ब्राह्मण व संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है जिसको हरियाणा प्रान्तीय ब्राह्मण सभा एवम वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के पदाधिकारियों सहित कई ब्राह्मण नेता संबोधित करेंगे जिसमें करनाल में राज्य स्तरीय ब्राह्मण महा सम्मेलन आयोजित करने पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसमें ब्राह्मण कल्याण बोर्ड बनवाने के लिए विचार होगा। इस अवसर पर प्रयागराज कौशिक, वैद्य पंडित प्रमोद कौशिक, सुभाष शर्मा, एनके शर्मा, रविंदर शर्मा, यशपाल शर्मा, गुलशन शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### जन्मदिन पर बच्चों को वितरित की कॉपी पैंसिल

**कुरुक्षेत्र।** जब बच्चों का जन्मदिन आता है तो कई दिन पहले ही बच्चों में खुशी की लहर दौड़ती है जन्मदिन मनाने की खुशी और उत्साह देखते ही बनता है मजा तब और बढ़ जाता है, जब आप किसी अनजान चेहरे पर खुशियां लाने का माध्यम बनते हैं। सेक्टर-3 निवासी कुणाल जज ने अपना 16वां जन्मदिन मनाने का अलग ही अंदाज चुना। जन चेतना मंच कुरुक्षेत्र के शिक्षा प्रकल्प के तहत संचालित असहाय बच्चों वह प्रोड शिक्षा केंद्र के बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जब कुणाल जज उनके लिए कॉपी पेंसिल आदि के साथ साथ खाने का सामान लेकर पहुंचे और बच्चों के साथ जन्मदिन मना कर जहां कुणाल खुला नहीं समा रहा था वही बच्चों की खुशी भी साथ में आसमान पर थी। केंद्र की संचालिका मीना जैन जहां निशुल्क यह कार्य कर रही है उनको भी लगा जब आप नेक कार्य करते हैं तो लोग आपका साथ देने व उत्साह बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। जन चेतना मंच के अध्यक्ष प्रदीप कुमार आर्य से बातचीत करते हुए कुणाल जज के पिता कृष्ण जज ने बताया कि वे अपने बच्चों के जन्मदिन पहले भी इसी प्रकार मनाते रहे हैं। उनका मानना है कि बच्चों को संस्कारित करने का यह तरीका अच्छा लगा।

## भजन पार्टी ने नाइट कर्फ्यू के अनुपालन का दिया संदेश

**सिरसा।** उपायुक्त प्रदीप कुमार के निर्देशानुसार जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडलियां जिला के ग्रामीण व शहरी ईलाकों में पहुंच कर आमजन को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हिदायतों की गंभीरता से पालना के लिए जागरूक कर रही हैं।

साथ ही आमजन को कोरोना वैक्सीनेशन करवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में भजन पार्टी लीडर जुगती राम व सदस्य अमरजीत सिंह ने गांव चकजालु में ग्रामीणों को गीतों, भजनों व रागनियों के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव के अलावा नाइट कर्फ्यू नियमों की पालना के लिए भी अवगत करवाया व जागरूक किया। कोरोना संक्रमण से बचाव के अलावा कलाकारों ने आमजन को सरकार की विभिन्न जल कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी ताकि धरातल स्तर तक के लोग इन योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ उठा सके।

## सरकार अपना अहंकारी रवैया छोड़ने को तैयार नहीं: मधुसूदन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**किसान** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं जिला कैथल के आब्जर्वर एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि किसान न झुकेगा न डरेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना का डर दिखाकर धरनारत किसानों को उठाने का कार्य कर रही है। दूसरी ओर चुनावी राज्यों में रैलियां कर वहां लाखों की भीड़ एकत्रित की जा रही है।

सरकार की नियत में खोट है। मधु सूदन बवेजा न कहा कि पिछले 4 महीने से किसान और मजदूर शांतिपूर्ण तरीके से सड़कों पर बैठे हैं। खुद तकलीफ झेल रहे हैं, लेकिन किसी को तकलीफ नहीं होने दे रहे। सरकार और किसानों के बीच बातचीत बंद हुए 3 महीने से ज्यादा समय बीत गया लेकिन सरकार अपना अहंकारी रवैया छोडने् तक को तैयार नहीं है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि वो स्थिति की गंभीरता को समझे और किसानों से


एडवोकेट मधु सूदन बवेजा।

तुरंत बात कर उनकी मांगों को माने, गतिरोध समाप्त कराए। इस समस्या का समाधान लाठीचार्ज नहीं, किसानों से बातचीत से ही निकलेगा। बवेजा ने कहा कि देश की आजादी के बाद इतना बड़ा शांतिपूर्ण और अनुशासित आंदोलन किसी ने नहीं देखा है। चार महीनों में 300 से ज्यादा किसान शहीद हो चुके हैं मगर फिर भी किसानों ने अपना संयम नहीं खोया, अपना अनुशासन नहीं तोड़ा।

# पानी के जमावड़े से होती हैं कई प्रकार की समस्याएं : राजीव जैन

### भीम नगर और गोहाना रोड फ्लाईओवर के नीचे सीवरेज लाइन बैठने का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने गोहाना रोड फ्लाईओवर के नीचे और भीम नगर में पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए सफल कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर तुरंत प्रभाव से समस्या के स्थाई समाधान के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि शीघ्रातिशीघ्र दोनों क्षेत्रों में पानी की निकासी संबंधी समस्या का निवारण करवा दिया जाएगा। राजीव जैन ने स्वयं भीम नगर और गोहाना रोड फ्लाईओवर क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने समस्या की गंभीरता को देखते


सीवरेज की पाइप लाइन बैठने पर मौके पर पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन।

हुए नगर निगम के आयुक्त से मोबाइल पर बातचीत की और एक्सईएन जसवंत सिंह को मौके पर बुलाया। उन्होंने एक्सईएन को स्थिति का पूर्ण अवलोकन कर समाधान करवाने के निर्देश दिए।

इन दोनों क्षेत्रों में सीवरेज की पाइप लाइन बैठने के कारण जल निकासी की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि शंभू दयाल डिस्पोजल पर सीवरेज लाइन बैठने के कारण अंडरपास पर पानी भरकर भीम नगर तक पहुंच गया है। उन्होंने मौके पर ही डिस्पोजल सीवरेज लाइन दुरुस्त करने का काम शुरू करवाया। उधर, गोहाना रोड फ्लाईओवर के नीचे पेयजल की लाइन लीक होने के कारण सीवरेज की लाइन बैठ गई है। ऐसे में मंडी की ओर भी समस्या बन सकती है।

पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के निर्देश पर संबंधित अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत काम शुरू करने की अनुमति प्रदान की।

## नवरात्रे के चौथे दिन भद्रकाली मंदिर में की गई मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना

**थानेसर।** नवरात्रे के चौथे दिन आज यहां के झांसा रोड पर स्थित हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में मां कूष्मांडाजी की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि देवी कूष्मांडा अपने भक्तों को रोग, शोक व विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती है, इसलिए प्रात्कालीन मंगला आरती के पश्चात मां को मालपुए का भोग और गुड़हल का फूल चढ़ाया गया। पूजन के दौरान मां को हरी इलायची, सौंफ और कुम्हडा (पेठा) से भी पूजित किया गया। उन्होंने बताया कि मां कूष्मांडा देवी के इस स्वरूप की अष्ट भुजाएं हैं। इनकी पूजा से स्वास्थ्य लाभ मिलता है और बौद्धिक, आर्थिक वृद्धि भी होती है। इन्हें ब्राह्मांड की अधिष्ठात्रि देवी भी कहा गया है। इसके बाद महिला मंडल द्वारा मंदिर में संकीर्तन और दुर्गासप्तशती का पाठ किया गया।

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

वक्त फिर भारी है साहब,
कोरोना से युद्ध जारी है साहब,
इंसान हल्का है मौत के तराजू में,
मौत का तांडव जारी है साहब।

## नप चेयरपर्सन रीना सेठी को दिलाई शपथ

**सिरसा।** नगर परिषद सिरसा की नवनिर्वाचित प्रधान रीना सेठी को शुक्रवार को उपायुक्त प्रदीप कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाई। जिला नगर आयुक्त संगीता तेतरवाल, उप मंडलाधिकारी जयवीर सिंह यादव और नप के कार्यकारी अधिकारी एनके सोलंकी ने रीना सेठी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। रीना सेठी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के पूर्ण पारदर्शिता के साथ नगर में विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस कार्य में सभी पार्षदों का सहयोग लिया जाएगा। हलोपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद कांडा ने कहा कि नगर का बगैर किसी भेदभाव के सर्वांगीण विकास करवाया जाएगा और विकास कार्य में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

**नगर के विकास में नहीं आएगी धन की कमी**

गोबिंद कांडा ने कहा कि आज सिरसा को उसकी छोटी सरकार मिल गई है, जिसे छह माह का समय मिला है, इन छह माह में नगर में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाएं जाएंगे और नगर की तस्वीर ही बदल जाएगी।

## हमारी टीमों और पार्टनर्स का स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : अमित

***अमेजन इंडिया अपने कर्मचारियों, एसोसिएट्स, सेलर्स और पार्टनर्स को टीकाकरण करवाने को कर रहा प्रोत्साहित***

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**भारत** में 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए कोविड-19 का टीका उपलब्ध होने के साथ ही, अमेजन इंडिया के अपने कर्मचारियों, एसोसिएट्स, सेलर्स और पार्टनर्स को जल्द से जल्द उचित समय पर टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि वे स्वयं की, अपने परिवारों और अपने समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

अमेजन इंडिया न सिर्फ अपने सभी भारतीय कर्मचारियों और एसोसिएट्स के कोविड-19 टीकाकरण का खर्च उठाएगा, बल्कि अमेजन फ्लेक्स ड्राइवरों, आई हैव स्पेस (आईएचएस) स्टोर पार्टनर्स, ट्रकिंग पार्टनर्स और उनके योग्य आश्रितों सहित डिलिवरी पार्टनर एसोसिएट्स के ऑपरेशंस पार्टनर नेटवर्क के टीकाकरण का खर्च भी देगा। अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि यह लाभ पिछले साल से सक्रिय लिस्टिंग में मौजूद अमेजन इंडिया के सभी सेलर्स के लिए भी उपलब्ध होगा। कंपनी ने अमेजन के साथ काम करने वाले और स्टाफिंग एजेंसियों के जरिये भर्ती किये जाने वाले कर्मचारियों और एसोसिएट्स के लिए व्यापक सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया है। अमेजन इंडिया कोविड-19 उपचार के लिए लागत कवरेज, अस्पताल की तलाश और निर्धारित कोविड-19 परीक्षणों की कवरेज की लागत चुकाने में मदद कर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न इनिशिएटिव्स को बढ़ाया गया है और विकसित किया गया है।इस घटनाक्रम के बारे में बताते हुए, अमेजन इंडिया के सीनियर वाइस-प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, अमित अग्रवाल ने कहा कि पिछले साल से हमारी टीमों, सेलर्स और पार्टनर्स ने देश भर में कोविड-19 के कारण पैदा हुई चुनौतियों का मुकाबला करने का विनम्र प्रयास किया है।

## आसुस ने जेनबुक रेंज में, नवीनतम एडिशन लॉन्च किए

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

### राहुल मल्होत्रा, डायरेक्टर कंज्यूमर सेल्स बोले, इंटेल दे रहा उपभोक्ताओं को परेशानी से मुक्त अनुभव

**ताइवान** की प्रमुख टेक कंपनी, आसुस ने आज शुक्रवार को एक ऑनलाइन लॉन्च इवेंट में अपने पहले से ही बढ़ते जा रहे जेनबुक रेंज में, नवीनतम एडिशन-जेनबुक डुओ 14 और जेनबुक प्रो डुओ 15 ओएलईडी को लॉन्च किया। आने वाले कल के लैपटॉप जेनबुक प्रो डुओ 15 ओएलईडी और जेनबुक डुओ 14 में एक डुअल डिस्प्ले के साथ चौतरफा फ्रेमलेस नैनोएज डिस्प्ले है, जो अल्ट्रा स्लिम बेजल्स के साथ-साथ अविश्वसनीय रूप से शानदार है। जो संपूर्ण गहरा अनुभव प्रदान करता है।

राहुल मल्होत्रा, डायरेक्टर कंज्यूमर सेल्स, इंटेल इंडिया ने बताया कि इंटेल उपभोक्ताओं के लिए बाधाओं और परेशानियों से मुक्त अनुभव प्रदान करने, शक्तिशाली परफॉरमेंस, बैटरी लाइफ, जवाबदेही और कनेक्टिविटी के साथ पोर्टेबिलिटी देने और काम करना आसान बनाने के लिए पीसी इकोसिस्टम के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। 11वीं जेनेरेशन का इंटेल कोर-संचालित इंटेल ईवो प्रमाणित डिजाइन को इस तरह से तैयार किया गया है जो कहीं से भी असाधारण मोबाइल अनुभव सुनिश्चित करते हुए, लोगों को उनके जरूरी महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने मदद कर सके।

आसुस की नवीनतम ऑफरिंग्स अपने उपयोगकर्ताओं को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए और दायरे की जकड़ से बाहर निकल कर जिन्दगी का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जैसाकि आसुस अपने डुअल स्क्रीन्ड लेपटॉप के साथ करता है। आसुस की थीम है- बोल्ड बनें, क्रेजी बनें और अनबायस्ड रहें, और इस थीम पर चलते हुए नए लॉन्च किए गए लैपटॉप को लैपटॉप पोर्टेबिलिटी छोड़े बिना, सबसे अच्छी कार्यक्षमता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो इसे उन क्रिएटर्स और लोगों के लिए आदर्श बनाता है, जो कई डिस्प्ले पर काम करना पसंद करते हैं।

नए डिवाइस के बारे में बताते हुए, श्रीअर्नोल्ड सु, बिजनेस हेड, कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, आसुस इंडिया ने कहा कि आसुस में, हमारा काम अधिक से अधिक इनोवेशन करते हुए, अपने हमारे उपभोक्ताओं को उनकी उम्मीदों से अधिक प्रदान करने का प्रयास करते रहना है। आसुस जेनबुक प्रो डुओ 15 ओएलईडी और जेनबुक डुओ 14 उसी संकल्प के प्रमाण हैं। इस लैपटॉप की कार्यक्षमता ही इसे स्वत: 'आने वाले कल का लैपटॉप' बनाती है। एक एक्स्ट्रा स्क्रीन ने हमेशा उत्पादकता बढ़ाया है, चाहे यह क्रॉस रेफरेंस करने वाली मल्टिपल इमेज हों या मल्टिपल टैब हों। हालांकि डेस्कटॉप पर एक एक्स्ट्रा मॉनिटर जोड़ना काफी आसान है।

सरकार कोरोना से निपटने को तैयार: मनोहर लाल

# दूसरी कोरोना लहर में जीटी रोड के जिले बन रहे हॉटस्पॉट

## अस्पतालों में नहीं आक्सीजन, वेंटिलेटर की कमी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कोरोना से निपटने के लिए प्रदेश वासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार कोरोना की दूसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। शुक्रवार को पहली बार हरियाणा वासियों के नाम जारी संदेश में सीएम ने कहा कि पहली लहर के दौरान सरकार ने कोरोना नियंत्रण तथा प्रदेश के जरूरतमंद लोगों के सहयोग के लिए 1500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। दूसरी लहर पहले से ज्यादा घातक है। पहले जहां औसतन 3100 केस आ रहे थे वहीं इस बार साढे पांच



हजार पार हो चुके हैं। बृहस्पतिवार को हरियाणा में 5858 कोरोना मरीज आए हैं। हरियाणा की रिकवरी दर 98 प्रतिशत से कम होकर 90 प्रतिशत पर आ गई है।

सीएम ने कहा कि एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति बीस से तीस लोगों को संक्रमित कर रहा है। ऐसे में लोगों को अहतियात बरतने की जरूरत है। सीएम ने कहा कि कोरोना पॉजिटिव जिन लोगों की हालत स्थिर है, उन्हें घरों में ही आइसोलेट किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में टेलीमेडिसिन को बढ़ावा दिया जा रहा है। डाक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वह दिन में कम से कम दो बार फोन करके कोरोना संक्रमित मरीज को परामर्श दें।

उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में 30 लाख 50 हजार लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी है। वैक्सीनेशन को युद्ध स्तर पर चलाने के लिए 20 अप्रैल से दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। जिसमें सभी सरकारी विभागों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि टीका उत्सव के दौरान पांच दिन में छह लाख लोगों को वैक्सीन दी गई है। दूसरी लहर से निपटने की तैयारी होने का दावा करते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में आक्सीजन तथा वेंटिलेटर मांग के अनुसार उपलब्ध हैं।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ का किसानों ने किया विरोध

## विरोध कर रहे किसान और नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी। कुरुक्षेत्र

शाहाबाद विधानसभा के तीन मंडलों के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करने पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। सेक्टर-8 स्थित अंबेडकर भवन में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में प्रदेशाध्यक्ष के पहुंचने की किसानों को जैसे ही सूचना मिली किसान एकत्रित होना शुरु हो गए और देखते ही देखते काफी किसान नारेबाजी करते हुए अंबेडकर भवन के मुख्य द्वार पर एकत्रित हो गए।

हालांकि बाईपास रोड पर राष्ट्रीय रामजागं से लेकर उधम सिंह चौंक तक पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया था। जगह-जगह बैरिकेडस भी लगाए गए थे लेकिन बावजूद इसके काफी संख्या में किसान अंबेडकर भवन पर एकत्रित हो गए और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की दोपहर 2 बजे अंबेडकर भवन में ही पत्रकार वार्ता भी रखी गई थी। मौके पर एएसपी



किसानों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

### किसानों से बातचीत के लिए सरकार के दरवाजे खुले हैं हर समय : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष धनखड़

प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओपी धनखड़ ने कहा कि किसानों से बातचीत के लिए सरकार के दरवाजे हर समय खुले हैं। किसान जब चाहे आकर बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये कृषि कानून किसानों के लिए फायदे के लिए लाए गए है और ये कानून स्वैच्छिक है जो किसान चाहे अपनी मर्जी से ले सकता है। किसानों के प्रदर्शन करने बारे ओपी धनखड़ ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों के बीच शामिल होकर पार्टी के जो लोग आते है वो अपने झंडे लेकर आए।

रविंद्र तोमर के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। किसानों के अंबेडकर भवन में पहुंचने पर पुलिस ने अंबेडकर भवन के गेट को बंद कर दिया। इसके बाद भवन के अंदर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ की प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। दोपहर लगभग तीन बजे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की प्रेसवार्ता समाप्त हुई। प्रेसवार्ता समाप्त होते ही पुलिस ने अंबेडकर भवन के गेट के बाहर धरना देकर प्रदर्शन कर रहे किसानों से एएसपी रविंद्र तोमर बातचीत करने पहुंचे और गेट के आगे से उठने के लिए कहा लेकिन किसानों ने तोमर की एक न सुनी और प्रदर्शन करते रहे। इसी बीच रविंद्र तोमर ने पुलिस कर्मियों को किसानों को उठाने के आदेश दे दिए। पुलिस कर्मियों ने किसानों को उठा-उठाकर मौके पर खड़ी बसों में बिठाकर ले गए। इसी बीच भाकियू के प्रवक्ता राकेश बैंस व भाकियू नेता जसबीर सिंह मामूमाजरा ने गिरफ्तार किए गए किसानों बारे मौके पर पहुंच एएसपी रविंद्र तोमर से बातचीत की। थोड़ी देर बाद बातचीत तीखी-नोक झोंक में बदल गई। किसान नेताओं व रविंद्र तोमर के बीच पांच मिनट तक तीखी-नोंक झोक चली। इसके बाद एएसपी ने बाकि बचे किसानों को बसों में बैठाकर गिरफ्तार करने के आदेश दे दिए, जिसके बाद भाकियू प्रवक्ता राकेश बैंस सहित लगभग 50 किसानों को पुलिस बसों में बैठाकर ले गई। राकेश बैंस ने कहा कि सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली हुई है। सरकार पुलिस का गलत प्रयोग कर रही है। लोकतंत्र में विरोध कर प्रदर्शन करना सबका अधिकार है।

# फारेस्ट डिवेलपमेंट कारपोरेशन के स्टोर में लगी आग



मिल में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

पिपली में चिड़ियाघर के समीप हरियाणा फारेस्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन के स्टोर में शुक्रवार की अलसुबह आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से स्टोर में रखा करोड़ों रुपये के फर्नीचर के जलने का समाचार है। वहीं एक बहुत बड़ा शैड भी आग लगने से ढह गया। आग लगने की सूचना पर फारेस्ट विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। तकरीबन 10 घंटे के प्रयासों के बाद फायरब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। मिल में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

शुक्रवार को तकरीबन साढ़े तीन बजे हरियाणा फारेस्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन के स्टोर में आग लग गई। कारपोरेशन का यहां पर आरा है। आरे के समीप ही कारपोरेशन का स्टोर है। जिसमें करोड़ों रुपये का फर्नीचर तैयार करके रखा हुआ था। सुबह जब स्टोर में वहां मौजूद वर्करों ने आग की लपटें निकलती देखी तो वे हतप्रभ रह गए। वर्करों ने तुरंत आग लगने की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर फारेस्ट विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को 101 नंबर पर दी गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का काम शुरू कर दिया। इतना ही नहीं स्टोर का शैड भी आग लगने से ढह गया। विभागीय अधिकारी आग लगने से हुए नुकसान का आंकलन करने में लगे हुए हैं। इस बारे में हरियाणा फारेस्ट डिवेलपमेंट कारपोरेशन के जिला वन अधिकारी संजीव सैनी ने बताया कि शुक्रवार साढ़े तीन बजे वर्करों ने उन्हें स्टोर में आग लगने की जानकारी दी थी। वर्कर अलर्ट थे। जिसके चलते आग आगे नहीं बढ पाई, वरना बहुत अधिक नुकसान हो सकता था।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को अग्नि सुरक्षा के बारे किया जागरूक



कुरुक्षेत्र। डीएवी स्कूल सेक्टर तीन में फायर ब्रिगेड कुरुक्षेत्र की टीम ने फायर मोक ड्रील करवाई। बहादुर सिंह की अगुवाई में पहुंच कर फायर कर्मचारी मदन लाल, आशिष कुमार, गुरप्रीत सिंह कोबरा ने स्कूल के टीचिंग स्टाफ व परिवहन चालक-परिचालक स्टाफ व बच्चों को फायर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। उन्होंने अग्निसुरक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि आग से बचाव से बेहतर अग्निसुरक्षा की जागरूकता है। हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल को फायर वीक अग्निसुरक्षा से जन-जन को जागरुक करने के लिए बनाया जाता है। 14 अप्रैल 1944 को बोम्बे विक्टोरिया बंदरगाह पर रूई की गांठों में लीपटे बम्मों से लदे समुद्री जाहज में लगी आग को बुझाते 700 लोग अपनी जान गंवा गये थे। इस आग को बुझाते हुए 70 के लगभग दमकल कर्मी शहीद हो गए थे, उन्ही वीर जवानों की शहाद को नमन करने के लिए फायर वीक मनाया जाता है।

### कोविड-19 के 599 नए पॉजिटिव केस मिले

सोनीपत। उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि जिला में शुक्रवार को सायंकाल तक कोविड-19 कोरोना वायरस के 599 नये पॉजिटिव केस पाये गये हैं, जिनके जुड़ाव से जिला में कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा बढ़कर 19122 हो गया है। उपायुक्त ने यह जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दी। उपायुक्त पूनिया ने कहा कि जिला में अब तक कोरोना से 93 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने बताया कि आज 97 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज कर दिया गया है जिससे जिला में एक्टिव केसों की संख्या 2771 रह गई है।

### राज नेताओं ने समाज में फैली कुरीतियों पर की चर्चा



कैथल। जजपा के वरिष्ठ नेता बिट्टू शर्मा, युवा प्रतिनिधि संघ के प्रधान राहुल राणा, बीजेपी आईटी सेल के जिला अध्यक्ष बलविंदर जांगड़ा व राजू पंडित ने आज समाज सेवी अभिषेक मेहता के निवास पर पत्रकारों से बातचीत की और समाज में फैली कुरीतियों पर चर्चा आयोजित की। इस अवसर पर गायक विक्की फिरोजपुरिया ने अपनी गायकी से जहां एक और समां बांधे रखा वहीं दूसरी तरफ समाजसेवी अभिषेक मेहता ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया व समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की बात भी की। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों का जड़ मूल से नाश करना ही होना चाहिए ताकि समाज में समानता कायम रह सके।

### पायल वर्मा बनी एसोसिएशन की प्रदेश उपाध्यक्ष

सिरसा। इंडियन ब्यूटी एसोसिएशन ने भादरा बाजार निवासी पायल वर्मा को हरियाणा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखविंद्र सिद्धू ने पायल को पदभार ग्रहण करवाया। कॉस्मेटिका एकेडमी संचालिका पायल वर्मा ने अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने का विश्वास दिलाया है। पायल ने बताया कि एसोसिएशन भारतीय ब्यूटी पार्लर क्षेत्र से संबंधित लोगों के उत्थान, शिक्षा व वैलफेयर हेतु कार्य करती है और वे शीघ्र ही इस क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों की मीटिंग लेकर उनके हितों की रूपरेखा बनाएंगी।

### आनन-फानन में गेहूं के ढेरों पर डाले तिरपाल

सिरसा। शुक्रवार बाद दोपहर मौसम ने एकाएक करवट ली और तेज अंधड़ के साथ हलकी बरसात हुई। अंधड़ से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। मंडियों में खुले आसमान में पड़ी गेहूं पर आनन-फानन में तिरपाल डाले गए। ओढों में बरसात से गेहूं भीगने की खबर है। बरसात से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं, क्योंकि गेहूं कटाई का काम जोरों पर है और किसान अपनी फसल को समेटने में लगे हुए है। बारिश से एक बार जहां गेहूं कटाई पर असर पड़ा है, वहीं मंडियों में खुले आसमान में पड़ी गेहूं भीगने का डर भी सता रहा है। तेज अंधड़ से टूटे पेड़ों के कारण अवागम बाधित हो गया, वहीं बिजली की तारें भी टूट गई, जिससे बिजली आपूर्ति बंद हो गई।

## कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 243 नए केस सामने आए

कुरुक्षेत्र। जिला सिविल सर्जन डा. सुखवीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र से 115 मरीजों को ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 243 नए केस सामने आए हैं।

इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित अब तक 11762 मरीज ठीक होकर घर लौट गए है। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 274996 में से 258475 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगटिव आ चुकी है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस से संक्रमित 243 नए केस सामने आए है। कुरुक्षेत्र में 115 मरीजों की कोरोना रिपोर्ट नेगटिव आने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। कोरोना पॉजिटिव गांव कसेरला निवासी एक 73 वर्षीय व वार्ड-1 शुगर मिल कालोनी शाहबाद निवासी व्यक्तियों की मौत हो गई है।

## बदबू में नारकीय जीवन जीने को विवश हैं वार्ड-22 के बाशिंदे



पीएल वर्मा। कैथल

कैथल के वार्ड नंबर-22, बैंक कलोनी में पिछले पांच दिनों से गली में सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण सीवरेज के गंदे और बदबूदार पानी की वजह से वार्ड वासियों को बहुत भारी परेशानी हो रही है।

सीवरेज का पानी गली में इकट्ठा हो जाने से गंदे पानी की यहां पर कोई निकासी नहीं है। पानी गली के बीच में ही इकट्ठा हो रहा है। जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों और हर किसी को गंदे पानी के बीच से ही गुजरना पड़ रहा है। एक तरफ तो करोना से महामारी से बचाव के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और दूसरी तरफ वहां पर मक्खी-मच्छरों से लोग परेशान हैं। सीवरेज के गंदे पानी से घरों के अंदर बदबू आने से लोग दुखी हैं। जिससे वहां के रहने वालों का जीना दुश्वार हो गया है। वहीं वार्ड वासियों का कहना है कि हम इस समस्या को गुहार कई बार पार्षद को भी लगा चुके हैं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# महान नगर कीर्तन का श्रद्धाभाव और उत्साह से हुआ शाहाबाद में अभिनंदन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

बोले सो निहाल-सतश्री अकाल की गूंज के साथ महान नगर कीर्तन का शाहाबाद मारकंडा में जोरदार अभिनंदन हुआ। श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी के 400 साला प्रकाश पर्व को समर्पित यह नगर कीर्तन विभिन्न स्थानों से होकर शुक्रवार को यहां पहुंचा, जिसका अभिनंदन फूलों की वर्षा के साथ किया गया।

बता दें कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 400 साला प्रकाश पर्व को समर्पित यह नगर कीर्तन 20 मार्च को श्री अमृतसर साहिब से आरंभ हुआ था। यहां पहुंचने पर बाबा गुरमीत सिंह कार सेवा वालों ने नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारों व निशानचियों को सिरोपा पहना कर स्वागत किया। इस दौरान भारी संगत के साथ-साथ एसजीपीसी





कार्यकारिणी समिति के मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, एसजीपीसी सचिव गुरमीत सिंह बुट्टर, एसजीपीसी सब ऑफिस प्रभारी परमजीत सिंह दुनियामाजरा, सिख मिशन हरियाणा प्रभारी एवं प्रसिद्ध कथावाचक ज्ञानी मंगप्रीत सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जसबीर सिंह दुग्गल, करतार सिंह दामली, मैनेजर गुरदीप सिंह, मनजीत सिंह शहरी प्रधान, सुखवंत सिंह, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी पतवंत सिंह, हरबंस सिंह, हरभजन सिंह सहित भारी तदाद में संगत मौजूद रही। यहां से नगर कीर्तन लाडवा रोड से मथाना, अंटेहड़ी, खैरी खैरा, शाहपुर बरगट, शाहाबाद-लाडवा रोड, बाबैन, लाडवा बाईपास, बकाली, डेरा कार सेवा, गुरुद्वारा थड़ा साहिब पातशाही नौवीं झिवरेहड़ी, भोगपुर, शिकंदरा आदि स्थानों पर पहुंचा।

# गेहूं का उठान दे रहा कछुआ चाल को भी मात

## मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद निष्क्रिय हैं हर एजेंसी और अफसर

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

गेहूं की खरीद होने के साथ ही विभाग व खरीद एजेंसियों द्वारा किए गए बेहतर प्रबंधों के दावों की हवा निकलकर रह गई है। यही देखने को मिला ओढां की अनाज मंडी में। जहां उठान कछुआ चाल को भी मात दे रहा है। उठान न होने के चलते जहां मंडी का विशाल शैड गेहूं से अटा पड़ा है तो वहीं किसान विश्राम गृह व मंडी के परिसर में भी गेहूं के ढेर लगे हुए हैं। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद भी न तो खरीद एजेंसियों ने और न ही विभागीय अधिकारियों ने उठान कार्य में रूचि दिखाई। परिणाम स्वरूप शुक्रवार को हुई बरसात के चलते किसानों का पीला सोना खुले में पड़ा बरसात से भीग गया। हालांकि आढ़तियों व किसानों ने बरसात से गेहूं को बचाने के लिए तिरपाल का सहारा लिया लेकिन बरसात से पूर्व आए तेज अंधड़ के आगे वो भी नहीं टिका।

मंडी में हर तरफ गेहूं के ढेर व बैग पड़े हैं। लेकिन उठान कार्य धीमा होने के चलते किसानों व आढ़तियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ओढां में 12 अप्रैल से शुरू हुई खरीद के बाद खरीद एजेंसी हैफेड ने शुक्रवार तक करीब 38 हजार क्विंटल की खरीद की है। मंडी में 76 हजार में से मात्र करीब 4 हजार बैग का उठान हो पाया है। मंडी में इस समय करीब 72 हजार बैग उठान की बाट जोह रहे हैं। उधर कालांवाली में किसानों की शुक्रवार को आई तेज आंधी व बरसात ने चिंता और बढ़ा दी। बरसात होने से अनाज मंडी में खुले आसमान तले पडी गेहूं की ढेरियां भीग गई। वहीं तेज आंधी के कारण कई मार्गों पर वृक्ष गिर जाने से यातायात बाधित हुआ। न्यू आढती एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप जैन ने कहा कि सरकार द्वारा लागू गलत मापदंडों के कारण ही अनाज मंडी में गेहूं की ढेरियां नजर आ रही है, अनाज मंडी में प्रति दिन हजारों क्विंटल गेहूं की आमद आ रही है जबकि बोली नाम मात्र फसल की होती है ऐसे में अनाज मंडी गेहूं से अट गई है, अगर स्थिति यही रही तो कुछ दिनों में अनाज मंडी में ढेरी करने के लिए जगह नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद को लेकर सरकार ने जो बडे-बडे दावे किए थे वे दावे खोखले साबित हो रहे है, जिस कारण किसानों के साथ आढती व मजदूर वर्ग भी परेशान है।

वहीं रानियां की अनाज मंडी में पड़ा गेहूं बरसात के कारण भीग गया कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि आगामी 2 दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से मौसम में बदलाव संभव है, इसलिए गेहूं व अन्य फसलों की कटाई व कढ़ाई करते समय बदलते मौसम का ध्यान अवश्य रखें।

# 109001 एमटी गेहूं लिफ्टिंग का कार्य हुआ पूरा

## उपायुक्त शरणदीप कौर बोलीं, अब तक खरीदी गई है 42069 किसानों की गेहूं की फसल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

मौसम खराब होने के चलते अधिक से अधिक किसान गेहूं लेकर मंडियों में पहुंच रहे है, जिस कारण मंडी गेहूं की आवक जोरों पर है। वहीं उठान कार्य धीमा होने के कारण मंडी गेहूं की बोरियों से अटी पड़ी है।

हालत यह है कि मंडी में पैर तक रखने की जगह नहीं है। गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल तीन लाख



गेहूं की बोरियों से अटी पड़ी थानेसर की अनाज मंडी।

51 हजार 112 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की है। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर 15 अप्रैल 2021 तक खरीद एजेंसियां द्वारा 3 लाख 51 हजार 112 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 4 हजार 680 एमटी, हैफेड द्वारा 1 लाख 36 हजार 327, एफसीआई द्वारा 3254 व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 6851 एमटी गेंहू की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि अमीन मंडी में 2222 एमटी, अजराना कलां मंडी में 2374 एमटी आदि मंडियों से गेहूं पहुंचा।

# एसडीएम ने बिना मास्क मिले दुकानदारों के काटे चालान

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच एसडीएम जयवीर यादव ने शुक्रवार सुबह रोड़ी बाजार सहित विभिन्न बाजारों का निरीक्षण किया। बिना मास्क मिले दुकानदारों के चालान काटे और भविष्य में बिना मास्क मिलने पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

एसडीएम जयवीर यादव सुबह पुलिस कर्मियों के साथ शहर के बाजारों में निकले। उन्होंने बाजार में बिना मास्क पहने आ लोगों के चालान काटे। गौरतलब है कि शहर में लगातार कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। प्रशासन लगातार अभियान चलाकर लोगों को नियम पालना के लिए जागरूक कर रहे हैं। बावजूद इसके लोग बिना मास्क पहने बाजारों में आ रहे हैं। इसी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्ती शुरू कर दी है। एसडीएम जयवीर यादव बाजार में निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने वालों के चालान काटे।

सरकार ने जारी की नई गाइडलाइंस में उपायुक्तों को किया फ्री हैंड

# प्रदेश सरकार ने उपायुक्तों को आपदा कोष से दिए दस-दस लाख रुपये

## बसों में क्षमता से आधी सवारियां बिठाने की इजाजत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

हरियाणा सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर से निपटने के लिए जिला उपायुक्तों को फ्री हैंड दे दिया है। सभी जिला उपायुक्तों को आपदा प्रबंधन के लिए जहां दस-दस लाख की राशि दी गई है, वहीं हालात के अनुसार धारा-144 लागू करने के लिए भी अधिकृत किया गया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा के बाद कार्यक्रम के बाद आपदा प्रबंधन विभाग ने नए सिरे से गाइडलाइन जारी की है।

विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल द्वारा जारी की गई गाइड लाइन में साफ कहा गया है



कि नाइट कर्फ्यू के दौरान सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर कोई भी व्यक्ति वाहन या पैदल मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों को ही नाइट कर्फ्यू में छूट रहेगी। सभी जिलों के डीसी को आपात स्थिति के लिए प्रबंध करने को 10-10 लाख रुपये दिए गए हैं। यह पैसा आपदा कोष में जमा होगा ताकि डीसी इसका इस्तेमाल कर सकें। जरूरी सेवाओं से जुड़े वाहनों व व्यक्तियों को इंटर-स्टेट एंट्री पर भी छूट रहेगी। डॉक्टरों, नर्सों, पैरा-मैडिकल स्टॉफ, कर्मचारियों व अन्य अस्पताल सहायता सेवाओं के लिए परिवहन की अनुमति भी नई गाइड लाइन में दी गई है। कंटेनमेंट जोन को छोड़कर वाणिज्यिक व निजी प्रतिष्ठान भी काम कर सकेंगे।

हर किसी के लिए फेस मॉस्क व सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने पर 500 रुपये का जुर्माना होगा। सब्जी मंडियों, बाजारों आदि में सामाजिक दूरी के मानदंड का पालन कड़ाई से होगा।

# किसी राज्य ने ट्रेनों का संचालन बंद करने को नहीं कहा है : रेलवे बोर्ड अध्यक्ष

## बोले, स्टेशनों पर भीड़ रोकने के लक्ष्य से बढ़ाया गया प्लेटफॉर्म टिकट का मूल्य

एजेंसी। नई दिल्ली

**रेलवे** बोर्ड के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अभी तक किसी भी राज्य ने ट्रेन सेवा बंद करने का अनुरोध नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जहां भी राज्यों ने निषिद्ध क्षेत्रों को लेकर चिंता जताई है वहां यात्रियों की रैंडम जांच और गंतव्य पर पहुंचने पर जांच की जा रही है।

शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे ने इंगित किया है कि आईआरसीटीसी की टिकट बुक करने वाली वेबसाइट पर दिए गए प्रोटोकॉल का सभी राज्य पालन कर रहे हैं, वेबसाइट पर बताया जा रहा है कि यात्री को किन क्षेत्रों में जाने से पहले आरटी-पीसीआर जांच करवाने या कोविड-19 नेगेटिव प्रमाणपत्र लेने की जरूरत है, या फिर कहां पहुंचने पर उन्हें जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने कहा, अभी तक किसी भी राज्य की सरकार ने ट्रेनों का संचालन बंद करने को नहीं कहा है। लेकिन जहां भी चिंता की बात है, राज्य सरकारों ने मुद्दे को लेकर हमसे चर्चा की है और जहां भी निषिद्ध क्षेत्र हैं वहां रैंडम जांच किए जा रहे हैं। रेलवे ने ई-टिकट कराने की वेबसाइट पर सारी जानकारी दी हुई है और यात्रियों को सूचना दी जा रही है कि

### यात्रियों की रैंडम जांच और गंतव्य पर पहुंचने पर जांच की जा रही है

गंतव्य पर पहुंचने पर उन्हें जांच करवानी होगी या फिर कोविड-19 प्रमाणपत्र लेकर जाना होगा।

शर्मा ने यह भी कहा कि रेलवे यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग कर रहा है और कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत जुर्माने की राशि भी अधिसूचित कर दी है। उन्होंने श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की संभावना से इंकार कर दिया और कहा कि मांग और जरूरत



के मुताबिक ट्रेनें चलाई जाएंगी। शर्मा ने यह भी कहा कि स्टेशनों पर भीड़ रोकने के लक्ष्य से प्लेटफॉर्म टिकट का मूल्य बढ़ा दिया गया है। कोविड केयर सेंटर के रूप में इस्तेमाल होने वाले परिवर्तित डिब्बों के बारे में सवाल करने पर शर्मा ने कहा, देश में विभिन्न जगहों पर हमारे पास 4,000 आइसोलेशन कोच (बोगी) हैं।

हमें महाराष्ट्र के नांदरबार से 100 से ज्यादा बोगियों की मांग आई है और 20 आइसोलेशन कोच मुहैया कराए गए हैं। शर्मा ने कहा कि रेलवे मुंबई, गुजरात, कर्नाटक और जहां भी मांग ज्यादा है, वहां सभी स्टेशनों पर करीब से नजर रखे हुए है और जोनल महाप्रबंधकों को अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वासन देता हूं कि सेवा में कोई कमी नहीं है, हालात सामान्य हैं, खास तौर से मुंबई, सूरत और बेंगलुरु में। भारतीय रेल औसतन एक दिन में 1,490 मालगाड़ियों और एक्सप्रेस ट्रेनों तथा 5,397 उपनगरीय ट्रेन सेवाओं का संचालन करती है। शर्मा ने कहा, हम ज्यादा लोकप्रियता वाली ट्रेनों के 28 क्लोन ट्रेनें और 947 यात्री ट्रेनों का संचालन भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 70 प्रतिशत ट्रेन सेवा बहाल हो गई है। उन्होंने कहा, देश भर में अतिरिक्त भीड़ कम करने के लिहाज से रेलवे 140 अतिरिक्त ट्रेनों का भी संचालन कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव लड़ रहे पांच उम्मीदवार कोरोना वायरस से संक्रमित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव लड़ रहे अलग-अलग दलों के कम से कम पांच उम्मीदवार कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संक्रमित पाए गए पांच उम्मीदवारों में से तीन तृणमूल कांग्रेस के और एक-एक उम्मीदवार रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हैं। अधिकारी ने बताया कि जंगीपुर से आरएसपी के उम्मीदवार प्रदीप कुमार नंदी (73) बुधवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए और अभी वह घर पर पृथक-वास में हैं। अधिकारी ने बताया कि माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी सीट से भाजपा के उम्मीदवार आनंदमय बर्मन (38), तृणमूल कांग्रेस के गोलपोखर से उम्मीदवार मोहम्मद गुलाम रब्बानी, तापन से उम्मीदवार कल्पना किसकू और जलपाईगुड़ी से उम्मीदवार डॉ. प्रदीप कुमार बर्मा कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी के मुताबिक, संक्रमित पाए गए उम्मीदवारों को तुरंत प्रचार रोक देना चाहिए। या तो उन्हें अपने घर पर पृथक-वास में रहना चाहिए या संक्रमण की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल में भर्ती होना चाहिए। मुर्शिदाबाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी रिजाउल हक कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। बृहस्पतिवार को तड़के रिजाउल हक का निधन हो गया।

### जीएमआर ने हैदराबाद हवाईअड्डे पर एरोसिटी पेश किया

**हैदराबाद।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी जीएमआर ग्रुप ने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एरो सिटी हैदराबाद की शुरुआत करने की घोषणा की है। देश में विश्वस्तरीय ढांचा उपलब्ध कराने के लिए कंपनी ने यह कदम उठाया है। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि।,500 एकड़ में फैले जीएमआर एरोसिटी हैदराबाद को मिश्रित इस्तेमाल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें महत्वपूर्ण बंदरगाह और प्रतिष्ठान मसलन बिजनेस पार्क, रिटेल पार्क, एरोस्पेस और औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स पार्क और होटल आदि शामिल हैं। इसके अलावा सहयोगी ढांचा मसलन स्कूल, स्वास्थ्य सेवा, रहने के लिए किराए की जगह और मौज-मस्ती और मनोरंजन का भी स्थान होगा। जीएमआर एयरपोर्ट लैंड डेवलपमेंट (एएलडी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमन कपूर ने कहा, हैदराबाद एरोसिटी से देश में कारोबार करने के तरीके में बड़ा बदलाव आएगा। इसमें कनेक्टेड, स्मार्ट और सतत कार्यस्थल उपलब्ध होंगे। इसमें चार टावरों में 10 लाख वर्ग फुट पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र होगा, जिनका विकास चरणों में होगा। इनमें से पहला टावर पूरी तरह बुक हो चुका है। दूसरे टावर भी लगभग तैयार है।

### कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा बाजार में कच्चा तेल की कीमत शुक्रवार को सात रुपये की तेजी के साथ 4,749 रुपये प्रति बैरल हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल महीने में डिलिवरी वाले कच्चा तेल अनुबंध की कीमत सात रुपये यानी 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,749 रुपये प्रति बैरल हो गई। इसमें 3,266 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने की वजह से वायदा कारोबार में कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड का भाव 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 63.63 डॉलर प्रति बैरल चल रहा था जबकि वैश्विक मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड का भाव 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 67.12 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था।

### मारुति की कारें आज से 22,500 तक महंगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने विभिन्न मॉडलों के दाम 22,500 रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ रहा है। यह मूल्यवृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कंपनी ने कहा कि सेलेरियो और स्विफ्ट को छोड़कर सभी मॉडलों के दाम बढ़ाए गए हैं। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में मारुति ने कहा, विभिन्न लागत में बढ़ोतरी की वजह से कंपनी को चुनिंदा मॉडलों के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। दिल्ली शोरूम में विभिन्न मॉडलों के दाम औसतन 1.6 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। कंपनी ने कहा कि नई कीमतें शुक्रवार से ही लागू हो गई हैं। कंपनी भारतीय बाजार में आल्टो से लेकर एस-क्रॉस तक विभिन्न मॉडल बेचती है। दिल्ली शोरूम में इन मॉडलों की कीमत 2.99 लाख से 12.39 लाख रुपये है। इससे पहले इस साल 18 जनवरी को कंपनी ने चुनिंदा मॉडलों के दाम 34,000 रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की थी।

### पाक ने हिंसक प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया की सेवाएं रोकीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक कट्टरपंथी धार्मिक संगठन के हिंसक प्रदर्शनों के बाद ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया मंचों की सेवाओं पर शुक्रवार को अस्थाई रोक लगा दी ताकि इनका इस्तेमाल प्रदर्शनों के आयोजन के लिए न किया जा सके। उक्त संगठन को सरकार की तरफ से अब प्रतिबंधित कर दिया गया है।सरकार ने तहरीक-ए-लबैक पाकिस्तान (टीएलपी) के तीन दिन के हिंसक प्रदर्शनों के बाद बृहस्पतिवार को उसे प्रतिबंधित कर दिया। यह संगठन सरकार पर फ्रांस में पिछले साल प्रकाशित कथित ईश निंदात्मक कार्टून को लेकर वहां के राजदूत को निष्कासित करने का दबाव बनाना चाहता था। टीएलपी ने अपने मुखिया साद हुसैन रिजवी की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। टीएलपी समर्थकों की कई शहरों और कस्बों में इस हफ्ते की शुरुआत में पुलिस से हिंसक झड़प हुई जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और करीब 300 पुलिसकर्मी घायल हो गए। शुक्रवार की नमाज के बाद प्रदर्शनों को रोकने के लिए, आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चार घंटे के लिए सोशल मीडिया की सेवाओं को बंद रखने का निर्देश दिया पीटीए ने एक अधिसूचना में कहा कि, सोशल मीडिया मंचों (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सऐप, यूट्यूब और टेलीग्राम) पर पहुंच पूरी तरह अवरुद्ध हो। पीटीए ने सेवाओं पर रोक के कारण नहीं बताए लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि ऐसी आशंका थी कि प्रदर्शनकारी प्रदर्शनों के आयोजन के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पिटाई से परेशान नाबालिग ने शराबी पिता की हत्या की

**कोटा।** जिले में 16 साल के किशोर ने शुक्रवार तड़के अपने शराबी पिता की कुल्हाड़ी से काटकर कथित रूप से हत्या कर दी।इटावा थाने के एसएचओ बजरंग लाल ने बताया कि घटना तड़के करीब साढ़े तीन बजे की है जब किशोर ने घर से कुल्हाड़ी लेकर अपने पिता पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मरने वाला आबिद अली (45) हिस्ट्री शीटर था और उसके खिलाफ हत्या और लूट सहित 27 आपराधिक मामले दर्ज थे। वह कुछ मामलों में दोषी भी करार दिया गया था और उसे शराब पीने की लत थी। यह बात भी सामने आई है कि अली नशे में अपनी पत्नी, दोनों बेटों और बेटी की पिटाई किया करता था। एसएचओ ने बताया कि पहली नजर में मामला यह है कि 10वीं में पढ़ने वाले नाबालिग किशोर ने रोज-रोज की पिटाई से तंग आकर अपने पिता की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और अली के भाई की शिकायत पर किशोर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। किशोर को अभी तक पकड़ा नहीं गया है।

### राष्ट्रीय लॉकडाउन से जीडीपी का एक-दो प्रतिशत का नुकसान

**मुंबई।** वॉल स्ट्रीट की ब्रोकरेज कंपनी बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) सिक्योरिटीज का मानना है कि कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी की वजह से बीते वित्त वर्ष 2020-21 की मार्च की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अनुमानित तीन प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल होना मुश्किल है। बोफा ने कहा कि महामारी के मामले बढ़ने से अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार की राह में जोखिम है। ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि एक माह के राष्ट्रीय स्तर के लॉकडाउन से जीडीपी का एक से दो प्रतिशत का नुकसान होगा। बोफा की रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धि अभी सुस्त है और महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों में गिरावट आई है। ऋण की वृद्धि काफी कमजोर है। संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से वृद्धि के मोर्चे पर चिंता बढ़ी है।

---

शाह ने राहुल को पर्यटक नेता बताया


# ममता पर मतुआ लोगों को नागरिकता न देने का आरोप

एजेंसी। तेहट्टा

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दलित मतुआ व नामशूद्र समुदाय के लोगों को नागरिकता देने से इनकार करने का आरोप लगाया क्योंकि उनके वोटबैंक को यह पसंद नहीं आता।

कई सीटों पर विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाले इन दोनों समुदायों को साधने के प्रयास के तहत शाह ने कहा कि राज्य में अगर भाजपा सत्ता में आई तो इन दोनों समुदायों के कल्याण के लिए 100 करोड़ रुपये का एक कोष बनाया जाएगा।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाते हुए उन्हें पर्यटक नेता करार दिया। उन्होंने नादिया जिले के तेहट्टा में एक चुनावी रैली के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा,



### दोनों समुदायों के कल्याण के लिए 100 करोड़ रुपये का एक कोष बनाया जाएगा

यह मतुआ और नामशूद्र परिवार यहां 50-70 सालों से रह रहे हैं, तीन पीढ़ियों से। लेकिन दीदी कहती हैं कि उन्हें नागरिकता नहीं मिलेगी, क्यों? क्योंकि उनके वोट बैंक को यह पसंद नहीं आएगा। राज्य में बुधवार को पहली दो चुनावी रैलियों को संबोधित करने वाले राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने उन्हें पर्यटक नेता बताया। कांग्रेस यहां वाम दलों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है जबकि केरल में उनकी पार्टी वाम दलों के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। शाह ने कहा, लगभग पूरा चुनाव खत्म होने के बाद बंगाल में एक पर्यटक नेता आए हैं और हमारे डीएनए पर सवाल उठा रहे हैं।

भाजपा का डीएनए विकास, राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भर भारत है। तृणमूल कांग्रेस में वंशवाद की राजनीति पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा बंगाल में किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू करना चाहती है, दीदी सिर्फ भाइपो (भतीजा) सम्मान निधि चाहती हैं। भाजपा नेता बनर्जी के भतीजे और डायमंड हार्बर लोकसभा सीट से सांसद अभिषेक बनर्जी पर सरकारी तंत्र पर अनावश्यक प्रभाव डालने और वसूली सिंडिकेट चलाने को लेकर आरोप लगाते रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश की सीमा से लगने वाले नादिया जिले की जनसांख्यिकी घुसपैठ के कारण बदल गई है।

### कट मनी लेने के लिए कोई नहीं बचेगा

**केंद्रीय** गृह मंत्री शाह ने कहा, दो मई (मतगणना का दिन) को जनादेश आने के बाद, कट मनी लेने के लिए कोई नहीं बचेगा और सिंडिकेट की सरकार यहां नहीं रहेगी, भाइपो के लिए काम करने वाली सरकार चली जाएगी। शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाया जिन्होंने युवाओं की नौकरी और गरीबों के खाने पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा, अवैध आव्रजकों को छोड़िए, सीमा पार से एक परिंदे को भी बंगाल की सीमा में प्रवेश की इजाजत नहीं होगी। न तो टीएमसी, न वामदल और न ही कांग्रेस...सिर्फ भाजपा घुसपैठ रोक सकती है।

## टीकाकरण कोविड-19 के खिलाफ बचाव नहीं

# तीव्रता कम हो सकती है, मृत्यु दर घटाई जा सकती है : विशेषज्ञ

एजेंसी। नई दिल्ली

**देश** के कुछ हिस्सों से कोरोना वायरस का टीका लगाए जाने के बावजूद संक्रमण के मामले सामने आने के बाद विशेषज्ञों ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण कोई सुरक्षा प्रदान नहीं करता बल्कि इससे संक्रमण की तीव्रता कम होती है और मृत्यु दर में कमी आती है। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी क्लीनिकल या महामारी अध्ययन से टीकाकरण और इसके बाद बीमारी से ग्रसित होने के बीच अनौपचारिक संबंध का पता नहीं चला है।

दिल्ली से चेन्नई तक और पटना जैसे टियर-2 शहरों में भी टीकाकरण के लाभार्थी कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मामलों में नवीनतम बढ़ोतरी के बाद 37 चिकित्सक संक्रमित हो गए, जिनमें से पांच को उपचार के लिए भर्ती किया गया। यह जानकारी पिछले हफ्ते अस्पताल के सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि उनमें से कई ने कोविशील्ड टीके की दोनों खुराकें ली थीं। दिल्ली में 54 वर्षीय एक सफाई कर्मचारी की तबियत खराब होने से 22 फरवरी को मौत हो गई। उनके बेटे धीरज ने बताया था, मेरे पिता ने कोविशील्ड की पहली खुराक 17 फरवरी को ली थी। उस दिन जब वह घर लौटे तो असहज महसूस कर रहे थे और अगले दिन उनके शरीर का



### दिल्ली से चेन्नई तक और पटना जैसे टियर-2 शहरों में भी टीकाकारण के लाभार्थी कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं

तापमान काफी बढ़ गया, जो दो-तीन दिन तक रहा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के बाद कमजोरी होने के बावजूद उनके पिता काम पर जाते रहे और ड्यूटी के दौरान ही बेहोश हो गए। बाद में अस्पताल में उनका निधन हो गया। चेन्नई में एक व्यक्ति ने 15 मार्च को टीका लगवाया और 29 मार्च को फिर से कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए। उन्हें 30 मार्च को अस्पताल में भर्ती कराया गया और चार मार्च को उनकी मौत हो गई, जिससे परिजन टीके के असर को लेकर सशंकित हो गए। देश के कई हिस्से में टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआईएस) की मामूली घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन कुछ मामलों में गंभीर प्रतिकूल प्रभाव भी हुए जिस कारण मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

# अफगानिस्तान में राजनीतिक समाधान समावेशी होना चाहिए : भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी की घोषणा के दो दिन बाद भारत ने शुक्रवार को कहा कि इस युद्धग्रस्त देश में कोई भी राजनीतिक समाधान समावेशी होना चाहिए तथा पिछले 19 वर्षों के सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक लाभ को बनाए रखना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने अफगानिस्तान से सैनिकों की वापसी और वहां सैन्य अभियान समाप्त करने के अमेरिका के फैसले को देखा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, भारत आगामी कदमों को लेकर अफगानिस्तान के पक्षकारों तथा हमारे क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के सम्पर्क में है। उन्होंने कहा कि भारत, अफगानिस्तान में हिंसा बढ़ने और लक्षित हत्याओं को लेकर काफी चिंतित है और तत्काल एवं समग्र संघर्षविराम का आह्वान करता है। उन्होंने कहा, हम अभी जारी अंतर अफगान शांति प्रक्रिया पर करीबी नजर रखे हुए हैं। अफगानिस्तान के लोगों ने चार दशकों से अधिक समय तक युद्ध और अशांति देखी है और वे टिकाऊशांति एवं विकास के हकदार हैं। बागची ने अमेरिका की घोषणा के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में यह बात कही।

## सीआईडी ने कूचबिहार गोलीकांड में जांच का जिम्मा संभाला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने 10 अप्रैल को कूचबिहार जिले में मतदान के दौरान सीआईएसएफ की गोलीबारी में चार लोगों की मौत के मामले में जांच की जिम्मेदारी शुक्रवार को ली। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीतलकूची में चौथे चरण के मतदान के दौरान हुई घटना की जांच के लिए अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। इस घटना के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और उसको चुनौती दे रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच उग्र जुबानी जंग शुरू हो गई है और लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता सीतलकूची निर्वाचन क्षेत्र के जोरपटकी में मतदान केंद्र का दौरा करेंगे जहां सीआईएसएफ कर्मियों ने ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर हमला करने के बाद गोलियां चला दी थीं।

टीएमसी ने दावा किया है कि जिनकी मौत हुई वे पार्टी के समर्थक थे और उन्हें उस वक्त गोली मारी गई जब वे वोट डालने के लिए कतार में खड़े थे। टीएमसी प्रमुख एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना को नरसंहार बताया है।

# तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के खिलाफ माहौल, भाजपा की जीत निश्चित : पूनियां

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने दावा किया कि राज्य में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में कांग्रेस के खिलाफ माहौल है और भाजपा की जीत निश्चित है।

पूनियां ने इसके साथ ही कहा कि जनता ने तय कर लिया है कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों में वह भाजपा को जिताकर कांग्रेस की विदाई तय करेगी। पूनियां ने दावा किया कि कानून व्यवस्था की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, किसानों से कर्ज माफी के नाम पर वादाखिलाफी, बिजली-पानी के बिलों में भारी बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए जनता कांग्रेस के खिलाफ मतदान करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे चुनाव प्रचार में भाजपा के प्रति जनता का उत्साह और समर्थन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के तमाम षड्यंत्रों और दुष्प्रचार के बावजूद लोग भाजपा पर विश्वास जताते नजर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित प्रदेश कांग्रेस



### कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए जनता कांग्रेस के खिलाफ मतदान करेगी

अध्यक्ष और तमाम मंत्री सरकार के ढाई साल के बाद भी खाली हाथ जनता के बीच गए, अपनी सरकार की एक भी उपलब्धि को जनता के बीच प्रमाणित नहीं कर पाए।

पूनियां ने एक बयान में कहा कि जनता इन तीनों उपचुनावों में जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही से राज्य में कोरोना वायरस बेकाबू हो गया है।

# उत्तर प्रदेश में अब हर रविवार रहेगा लॉकडाउन

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि पूरे प्रदेश में अब हर रविवार को लॉकडाउन रहेगा और मास्क नहीं पहनने पर पहली बार में एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

राज्य सरकार ने सभी ग्रामीण और शहरी इलाकों में प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक लॉकडाउन लगाने का फैसला किया है। इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी बाजार और दफ्तर बंद रहेंगे। केवल स्वच्छता संबंधी और आपातकालीन सेवाएं ही संचालित होंगी। एक सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने एक बैठक के दौरान लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि अगर किसी को पहली बार बिना मास्क पहने पकड़ा



जाए तो उस पर एक हजार रुपये जुर्माना लगाया जाए और अगर वह व्यक्ति दूसरी बार पकड़ा जाए तो दस गुना अधिक जुर्माना लगाया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना वायरस की रोकथाम से संबंधित कार्यों में पिछले वर्ष विधायक निधि बहुत उपयोगी सिद्ध हुई थी और इस वर्ष भी कोविड केयर फंड की नियमावली के अनुरूप विधायकों की अनुशंसा पर उनकी निधि का उपयोग कोविड प्रबंधन में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों का पहला चरण अत्यंत शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और जिन क्षेत्रों में माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई, उन क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्वाई की जानी चाहिए ताकि अन्य चरण के चुनावों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके।

## बोट को क्वालकॉम वेंचर्स से वित्तपोषण मिला

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता प्रौद्योगिकी उत्पाद ब्रांड बोट ने कहा है कि उसे क्वालकॉम इन्कॉरपोरेटेड की निवेश इकाई क्वालकॉम वेंचर्स से वित्तपोषण मिला है। हालांकि, बोट ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि उसके कितना कोष मिला है। कंपनी ने कहा है कि इस निवेश के जरिए वह विभिन्न क्षेत्रों में नए ऑडियो और लाइफस्टाइल उत्पाद पेश कर सकेगी। साथ ही इसके जरिए वह अपनी शोध एवं विकास तथा विनिर्माण क्षमता बढ़ाएगी। बोट के सह-संस्थापक समीर मेहता ने बयान में कहा कि क्वालकॉम वायरलेस प्रौद्योगिकी में दुनिया की अग्रणी कंपनी है। दोनों कपनियां भारत और दुनिया के लिए विश्वस्तरीय उत्पाद पेश करने की साझा सोच रखती हैं।

# जलवायु परिवर्तन पर भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर विधेयक अमेरिकी संसद में पेश

ललित के झा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के 10 सीनेटरों के एक समूह ने एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन विधेयक पेश किया है, जिसमें व्हाइट हाउस द्वारा अगले सप्ताह आयोजित किए जाने वाले विभिन्न देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले इस क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को फिर से मजबूत करने समेत जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार विभिन्न बातों का जिक्र किया गया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 22 और 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विश्व के 40 नेताओं को आमंत्रित किया है। सीनेट विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष एवं सीनेटर बॉब मेनेंडेज ने नौ अन्य डेमोक्रेटिक सदस्यों के साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन के अंतरराष्ट्रीय न्यूनीकरण, अनुकूलन और प्रौद्योगिकी संवर्धन में अमेरिका के नेतृत्व संबंधी विधेयक (अमेरिकी जलवायु विधेयक 2021) को पेश किया।

### जलवायु परिवर्तन संबंधी व्यापक विदेश नीति पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया गया है



मेनेंडेज ने कहा कि इस विधेयक में जलवायु परिवर्तन संबंधी व्यापक विदेश नीति पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया गया है।

इस 212 पृष्ठों वाले विधेयक में भारत के लिए एक अलग अनुभाग समर्पित किया गया है, जिसमें बाइडन प्रशासन से अपील की गई है कि वह स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान विकास और निवेश पर भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को पुन: मजबूत करने के लिए कदम उठाए। विधेयक में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था एवं मध्यम वर्ग के विस्तार के साथ भारत में ऊर्जा की मांग बढ़ेगी, ऐसे में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु सुरक्षा बढ़ाने में मददगार और पर्यावरणीय एवं सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीकों से ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने में भारत का समर्थन करना अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं वैश्विक सुरक्षा के हित में होगा।

इसमें कहा गया है कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेता बनकर अपनी बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा किया है।

विधेयक में कहा गया है कि नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश और राष्ट्रीय ग्रीनहाउस गैस न्यूनीकरण नीतियों के क्रियान्वयन के बावजूद भारत में दुनिया के सबसे दूषित जीवाश्म ईंधन बिजली संयंत्र हैं और उसके परिवहन क्षेत्र से अत्यधिक उत्सर्जन होता है। इसमें कहा गया है कि भारत विदेशी निवेश का अहम बाजार है और यह अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा विकास के क्षेत्र में भविष्य में बड़ा प्रतिद्वंद्वी होगा। विधेयक में कहा गया है कि स्वच्छ ऊर्जा मंत्री एवं अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में भारत के नेतृत्व ने उसे नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में अग्रणी बना दिया है और इसे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादकों में शीर्ष पांच वैश्विक उत्पादकों में शामिल करने में मदद की है।

# दाहसंस्कार के लिए बांटे जा रहे टोकन लंबी कतारें देख हरकत में आया निगम

- लकड़ियों का टोटा, घंटों इंतजार कर है मृतकों के परिजन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



हिंडन मोक्ष स्थली के बाहर पटरी पर रखे शव।

**हिंडन** मोक्ष स्थली पर शुक्रवार को भी शवों की लंबी कतार देखने को मिली। हरकत में आए गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर श्मशान घाट का जायजा लिया। श्मशान घाट में हालत इतने खराब है कि वेटिंग के चलते परिजनों को टोकन दिया जा रहा है। इन टोकन के आधार पर भी दाह संस्कार किया जा रहा है।

श्मशान घाट पर गाजियाबाद के लोगों के शव तो आ ही रहे हैं लेकिन नोएडा और दिल्ली से भी शव लगातार यहां पहुंच रहे हैं, जिसके कारण दाह संस्कार की व्यवस्था गड़बड़ाई है। समाचार लिखे जाने तक 4 दर्जन से भी अधिक शव यहां पहुंच चुके हैं। श्मशान घाट के प्रबंधक आचार्य मनीष का कहना है कि विद्युत शव दाह गृह में तकनीकी खराबी आने के कारण दाह संस्कार की व्यवस्था बिगड़ी है। नगर निगम का अभियंत्रण विभाग शवदाह गृह को ठीक करने में लगा हुआ है। हिंडन शमशान घाट पर प्लेटफॉर्म्स की संख्या ज्यादा नहीं होने की वजह से अंतिम संस्कार खुले स्थान पर किया जा रहा है। खुले स्थान पर अंतिम संस्कार होने के कारण पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है आसपास के इलाके में रहने वाले नागरिकों ने बताया कि श्मशान घाट के प्रदूषण से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आचार्य मनीष का कहना है कि प्लेटफार्म की उचित व्यवस्था न होने के कारण शवों का तत्काल अंतिम संस्कार नहीं हो पा रहा है इसलिए आने वाले समूह के परिजनों को टोकन दिया जा रहा है।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तवर ने बताया कि हिंडन मोक्ष स्थली स्थित विद्युत शवदाह गृह का उन्होंने खुद निरीक्षण किया है और जल्दी ही तकनीकी खराबी को दुरुस्त कर दिया जाएगा। शुक्रवार शाम तक जो 4 दर्जन शव हिंडन मोक्ष स्थली पर पहुंचे हैं उनमें से 17 शव कोरोना संक्रमण से ग्रस्त थे। साफ जाहिर है कि कोरोना से मौत का जो आंकड़ा प्रशासन दे रहा है उस पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। पीड़ित लोगों का यह भी आरोप है कि सामान्य दाह संस्कार करने के लिए लकड़ियों का भी टोटा हो रहा है, इधर उधर से लकड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। एक के शवों के दाह संस्कार के लिए तीमारदारों को 2 से 3 घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है।



## नोएडा व दिल्ली से भी आ रहे शव

*यह भी पता चला है कि नोएडा दिल्ली के इलाकों से भी शवों को हिंडन मोक्ष स्थल पर लाया जा रहा है लेकिन यहां यह बताना भी आवश्यक है कि कोविड से पीड़ित अनेक रोगियों को दिल्ली, नोएडा और अन्य इलाकों में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई, इन शवों को गाजियाबाद नहीं लाया जाएगा तो कहां इनका दाह संस्कार होता।*

## यमुना प्राधिकरण में तैनात 11 कर्मचारी पॉजिटिव

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण में तैनात 11 कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कोरोना जांच के लिए शिविर लगाया गया था। जिसमें यमुना प्राधिकरण में तैनात 11 कर्मचारियों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट आने के बाद सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने लोगों से दफ्तर कम से कम आने की अपील की है। इससे पहले बुधवार को ओएसडी सदानंद गुप्ता कोरोना संक्रमित हो गए थे।

जेवर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह भी कोरोनावायरस की चपेट में आ गए हैं। धीरेंद्र सिंह ने खुद को अपने फार्म हाउस पर आइसोलेट कर लिया है। धीरेंद्र सिंह ने अब से थोड़ी देर पहले एक ट्वीट किया। उन्होंने बताया कि वह कई दिन से हल्का बुखार भी था।

# रेमडेसिविर इंजेक्शन मुहैया कराएगा जिला प्रशासन

अशोक निर्वाण। गाजियाबाद




- केंद्रीय मंत्री वीके सिंह के हस्तक्षेप के बाद कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन ने उठाया कदम

**रेमडेसिविर** इंजेक्शन की कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाये है। गाइडलाइन के मुताबिक अब यदि कोई व्यक्ति निजी अस्पताल में भर्ती है और उसे रेमडेसिविर इंजेक्शन की जरूरत है तो वह अस्पताल का पर्चा लेकर अपर जिलाधिकारी (वित्त) के यहां आवेदन कर सकता है। संस्तुति के बाद संबंधित व्यक्ति को रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा ।

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दावा किया गया है कि रेमडेसिविर टीका की कोई कमी नहीं है सरकारी अस्पतालों में प्रचुर मात्रा में इसकी खेप पहुंच गई है और प्राइवेट अस्पतालों को आवेदन करने के बाद उन्हें सीधे भेज दी जाएगी। इससे पहले जनरल वीके सिंह के स्टाफ को कोरोना संक्रमण पाए जाने के बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। जिला अधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने बताया कि जिला मुख्यालय पर अपर जिला अधिकारी वित्त को इस जीवन रक्षक इंजेक्शन को उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदारी सौंप दी गई है। निजी अस्पताल में कोई भी भर्ती मरीज के तीमारदार अस्पताल प्रशासन के जरिए आवेदन कर सकते है।

उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ रोगी का आधार कार्ड और डॉक्टर द्वारा लिखा गया पर्चा की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । इसके बाद मौके पर ही इंजेक्शन की आपूर्ति संबंधित अस्पताल को कर दी जाएगी।

ज्ञात हो कि रेमडेसिविर इंजेक्शन मेडिकल बाजार से गायब हैं। मुनाफाखोरों ने इंजेक्शन की कालाबाजारी शुरू कर दी है। मुनाफाखोर इस इंजेक्शन को 30 से 40 हजार के बीच बेच रहे हैं।

## फायरिंग करते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है। वीडियो में दिख रहा है कि दो युवक बंदूक से फायरिंग कर रहे हैं। वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वीडियो की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक यह वीडियो नोएडा के फेस.3 थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दो युवक दिनदहाड़े अपने घर के बाहर बंदूक से फायरिंग कर रहे है। इसमें एक युवक का नाम कोशिंदर है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद फेस.3 थाना पुलिस ने इस दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अभी साफ तो अता.पता नहीं चल पाया है कि वीडियो किस गांव का है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वीडियो की छानबीन की जा रही है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

कोई खास काम दोस्तों की मदद से पूरा होगा। खुशखबरी मिलने की संभावना है। पार्टनर आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी लेंगे। आज आपको दूसरे व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा। ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आप उसे पूरा करने में सक्षम होंगे।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक:** 1

**विशेष:** मंदिर में काले तिल दान करें,

### वृष

प्रियजनों के साथ समय बिताना आनंददायक रहेगा. व्यवसायी सन्दर्भ में अचछा महसूस कर सकते हैं कि आपके पास बहुत अधिक काम है ढ़ किन्तु उसे पूरा करने के लिए समय बहुत कम है. व्यावसायिक, आर्थिक और सामाजिक प्रतिबद्धता का आपके आदेशों पर एक मजबूत प्रभाव पड़ेगा। भाई-बहनों की सामाजिक स्थिति में अप्रत्याशित और अचानक वृद्धि होगी।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** चांदी का कड़ा धारण करें

### मिथुन

सितारों की स्थिति आपके लिए खास हो सकती है. आज सक्रिय रहेंगे। ऑफिस में नया काम या नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं. कुछ नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं। लव पार्टनर की मदद से धन लाभ के योग हैं. आपको भावनात्मक सहयोग मिल सकता है। सामाजिक और सामूहिक कामों के लिए लोगों से मुलाकात हो सकती है।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**भाग्यांक:** 7

**विशेष:** साबुत उड़द की दाल उबालकर गाय को खिलाएं

### कर्क

दिन आपके लिए कई तरह से फायदेमंद होगा. छात्र अपना गौर उचित प्रयासों में लगाएं। आर्थिक लुक से आप समृद्ध रहेंगे एवं नया सौदे भी प्रगति करेंगे। संबंधित ज्ञान को और विस्तार देने के लिए तत्पर होंगे। हालांकि इस दिशा में आपको और परिश्रम करने की जरूरत होगी. उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को अपने स्वास्थ्य की निगरानी करनी चाहिए

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**भाग्यांक:** 2

**विशेष:** रुद्राक्ष धारण करें

### सिंह

परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा. रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है. छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचना चाहिए. इससे आपका ही नुकसान हो सकता है. आज प्रभावशाली लोगों से मुलाकात करने का मन बनायेंगे. निवेश के मामले में आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी. कुछ लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी.

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** कस्तूरी का इत्र डालकर स्नान करें

### कन्या

नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे, इस प्रकार वित्तीय समृद्धि का आश्वासन दिया गया है। पारिवारिक जीवन में गड़बड़ी, परिवार की बिगड़ती स्वास्थ्य-सदस्य और संपत्ति के मामलों पर विवाद आपको निरंतर तनाव में रखेंगे। सीधे टकराव से बचने और अधिक समझौतावादी रवैया अपनाने की कोशिश करनी चाहिए।

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

**भाग्यांक:** 7

**विशेष:** संध्या के समय घर में कपूर गूगल लोबान का धुँआ

### तुला

रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं. नौकरी और बिजनेस में समय पर सहयोग नहीं मिलने से परेशानी हो सकती है. कुछ लोग आपके काम का विरोध भी कर सकते हैं. इसके अलावा आप कुछ नया और ज्यादा करने की सोच सकते हैं. आने वाले कुछ दिनों में बड़े काम करने कीयोजना बना सकते हैं. जीवनसाथी से मदद और समर्थन मिल सकता है.

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

**भाग्यांक:** 1

**विशेष:** काले रंग के वस्त्र का दान करें

### वृश्चिक

व्यापर में लाभ हो जाने की संभावना है. सफलता आने वाले समय में मिल सकती है. धन लाभ होने के पुरे योग बन रहे है. परिश्रम से आप कुछ भी हासिल कर सकते है. जरूरत से ज़्यादा सोना आपकी ऊर्जा को खत्म कर सकता है. इसलिए पूरे दिन खुद को सक्रिय रखें. व्यक्तियों से मित्रतापूर्ण संबंध कायम होंगे.

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

**भाग्यांक:** 3

**विशेष:** अपने से उम्र में बड़े व्यक्तियों के विचारों को सम्मान दें

### धनु

अचानक धन लाभ होगा. कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार में सब लोग खुश रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। ऊर्जा से बहुत कुछ हासिल कर लेंगे. मन की सभी इच्छाएं पूरी होगी. भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे. बच्चे आपको अपने ऊपर गर्व करने की कोई नई वजह देंगे।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** ब्राहमण को कुछ दान करें,

### मकर

बेहतरीन वित्तीय परिणाम देखने को मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए अच्छा समय है। नौकरी खोजने के लिए किए गए प्रयास लाभकारी होंगे। सामाजिक स्थिति में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा और कोई शुभ अवसर भी आपको मिल सकता है। आप संपत्ति के ऊपर निवेश कर सकते हैं।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

**भाग्यांक:** 8

**विशेष:** पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीया जला दे

### कुंभ

ऑफिस में साथ वाले लोगों से मदद मिल सकती है। कुछ अच्छे और बड़े बदलाव होने की संभावना बन रही है। ऑफिस और बिजनेस में अनुभवी लोगों से सलाह मिल सकती है। धन लाभ हो सकता है। प्रॉपर्टी के मामलों में भी समय अच्छा कहा जा सकता है। महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होने के योग हैं। लव लाइफ के लिए भी दिन अच्छा हो सकता है. सेहत का ध्यान रखें।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

**भाग्यांक:** 6

**विशेष:** 800 ग्राम कोयला पानी में बहा दे

### मीन

यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे. साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे. वाहन चलते वक्त सावधानी जरूर से बरते. स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही कर सकते है. आकस्मिक खर्चा आने वाले समय में हो सकता है. कहीं निवेश करने जा रहे हैं तो उस जगह की सारी जानकारियां हासिल करके ही जाए. जीवन में आने वाली परेशानी से आप लोगों को लड़ना सीखना पड़ेगा. आप थोड़े चिड़चिड़े हो सकते हैं।

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भाग्यांक:** 4

**विशेष:** संध्या के समय किसी गरीब ब्राह्मण को काले जूते का दान करें

# 8 दिनों में 35 हजार लोगों से वसूला गया 33 लाख से ज्यादा का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

**बिना किसी वजह और आपातकालीन को छोड़कर सड़क पर घूमने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है**

**गौतमबुद्ध** नगर में बढ़ते कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए अब रोजाना पुलिस और प्रशासन हाई लेवल बैठे कर रहे हैं। जिले में अब नाइट कर्फ्यू का समय भी बढ़ा दिया गया है। रात के 8:00 बजे से लेकर अगली सुबह 7:00 बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू रहता है। ऐसे समय में बिना किसी वजह और आपातकालीन को छोड़कर सड़क पर घूमने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिले में बिना मास्क के घूमने वाले लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस अब दोपहर के समय अभियान चलाकर उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करती है। जो लोग बिना मास्क के सर्वजनिक स्थान पर घूमते हैं और जो कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हैं।

पिछले 8 दिनों के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 33 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूला है। गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट से मिली रिपोर्ट के मुताबिक पिछले गुरुवार से जिले में मास्क अभियान शुरू हुआ था। पिछले गुरुवार से अब तक सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क के घूमने वाले 22,581 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इन लोगों से 22,58,100 रुपये का जुर्माना वसूला है।

# जिम्स और शारदा अस्पताल में ओपीडी सेवा बंद

- दोनों हॉस्पिटल में सिर्फ कोरोना के मरीजों का इलाज किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा




**कोरोना** महामारी के विकराल रूप को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। खासतौर पर जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल को कोविड.19 मरीजों के इलाज के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है।

पहले से कोविड-19 केयर के तौर पर संचालित ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा अस्पताल और जिम्स में ओपीडी की सेवाएं बंद कर दी गई हैं। अब इन दोनों हॉस्पिटल में सिर्फ कोरोना के मरीजों का इलाज किया जाएगा। बताते चलें कि ग्रेटर नोएडा में भी कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। शहर की कई बड़ी सोसाइटी में सैकड़ों की संख्या में संक्रमित पाए गए हैं। ऐसे में अब अस्पतालों में बेड की कमी हो रही है।

साथ ही ओपीडी में पहुंच रहे मरीजों के भी संक्रमित होने का खतरा है। इसी को देखते हुए शारदा अस्पताल प्रबंधन ने शुक्रवार से ओपीडी सेवा बंद करने का ऐलान किया है। हालांकि कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तरीके से चलता रहेगा। शारदा अस्पताल के प्रवक्ता डॉ अजीत कुमार ने बताया कि इन दिनों मौसम बदलने की वजह से ओपीडी में भारी संख्या में मरीज आ रहे हैं। इसमें वायरल बुखार के अलावा बच्चों में सर्दी-जुकाम के केस भी आ रहे हैं।

यह खतरनाक है। इसीलिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने ओपीडी सेवाओं को बंद रखने का फैसला लिया है। जब परिस्थितियां फिर सामान्य होंगीए तब ओपीडी सेवाएं फिर शुरू की जाएंगी। हालांकि इस दौरान ज्यादा गंभीर रोगियों का इमरजेंसी में इलाज किया जाएगा। जो मरीज पहले से ओपीडी के डॉक्टर के मुताबिक दवा ले रहे हैं, उन्हें टेलीमेडिसिन के जरिए सुझाव देने का विचार किया जा रहा है।

अस्पताल और यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रवेश से पहले लोगों की थर्मल जांच की जाएगी। कैंपस में सोशल डिस्टेंसिंग नियम को पूरा करना होगा। इसके लिए अतिरिक्त गार्डों की तैनाती कर दी गई है। जो लोग बिना मास्क के आएंगेए उन्हें कैंपस में प्रवेश नहीं मिलेगा। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में भी ओपीडी सेवा बंद कर दी गई है। इस हॉस्पिटल को भी कोरोना मरीजों के लिए समर्पित कर दिया गया है। कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिम्स प्रबंधन ने यह फैसला लिया है।

# जमीन अधिग्रहीत परिवारों की बनेगी सूची

- जीबीयू को जिम्मेदारी सौंपी गई, ग्रामीणों ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जेवर** एयरपोर्ट के दूसरे चरण में अधिग्रहित होने वाले 1365 एकड़ भूमि के सामाजिक समाघात निर्धारण एसआइए के अध्ययन की जिम्मेदारी ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को दी गई है। यूनिवर्सिटी को 15 जून तक अपनी रिपोर्ट तैयार करने का वक्त दिया गया है। रिपोर्ट में उन सभी गांवों के सभी परिवारों की पूरी सूची तैयार की जाएगी, जिनकी जमीन जेवर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत की गई है।

नोएडा इंटरनेशन एयरपोर्ट के विस्तार के लिए दूसरे चरण में1365 हेक्टेयर लैंड अधिग्रहित की जानी है। इस भूमि पर एमआरओ व एक रनवे का निर्माण किया जाना है। हालांकि 1365 हेक्टेयर जमीन में से सिर्फ 1186 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी। बाकी की जमीन पहले से ही सरकार के कब्जे में है। जेवर के 6 गांवों करौली बांगर, कुरैब, बीरमपुर, दयानतपुर, रन्हेरा और मुंढेरा की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

| गांव का नाम | जमीन |
|---|---|
| 1. करौली बांगर | 160 हेक्टेयर |
| 2. कुरैब | 326 हेक्टेयर |
| 3. दयानतपुर | 145 हेक्टेयर |
| 4. रन्हेरा | 458 हेक्टेयर |
| 5. मुढरह | 47 हेक्टेयर |
| 6. बीरमपुर | 49 हेक्टेयर |

# गौतमबुद्ध नगर में पिछले 24 घंटों के दौरान चार लोगों की हुई मौत

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर में पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात को अपने आवास पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। वही, नोएडा में भी संदिग्ध अवस्था में एक की मौत हो गई। एक व्यक्ति का शव नहर किनारे पड़ा मिला है। थाना दादरी क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना दादरी क्षेत्र के कस्बा दादरी के मोहल्ला रामनगर में रहने वाले भगवानदास 35 वर्ष पुत्र चमन लाल ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## साप्ताहिक पैठ बाजार खोलने की डीएम से मांग

**गाजियाबाद।** साप्ताहिक पैठ बाजार खोलने की मांग को लेकर पैठ व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि एक आदेश के तहत तत्काल प्रभाव से पैठ क्षेत्र को बन्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोरोना से कम व्यापार मंडल के अधीन में लिया गया था और अधिक लग रहा है। महानगर में ऐसे बहुत से स्थान हैं जहां पर साप्ताहिक पैठ बाजारों से भी अधिक भीड़ रहती है लेकिन लेकिन ये निर्बाध रूप से खुले हैं।

## पैरेंट्स एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन द्वारा जिले के निजी स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं का रिजल्ट रोकने, अगली क्लास में प्रमोट ना करने, ऑनलाइन क्लास बंद करने एवं शिक्षा सत्र 2021-22 की फीस वृद्धि पर रोक को लेकर अभिभावकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी जो कि जिला स्तरीय शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष भी है से अनुरोध किया कि आर्थिक संकट से जूझ रहे असक्षम अभिभावकों द्वारा फीस जमा ना कर पाने के कारण जिले के निजी स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम रोक दिये गए है, अगली क्लास में प्रमोट नही किया गया है एवं अनेकों बच्चों की ऑनलाइन क्लास बाधित कर दी गई है ।

# कई कामयाबी के साथ 45 साल का हुआ नोएडा

- 8019 करोड़ रुपए के निवेश से होगा शहर का विकास




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**कोरोना** काल में भी नोएडा प्राधिकरण ने निवेश के नए आयाम गढ़े हैं। नोएडा शहर 45 साल का हो गया है। शहर अपना 46वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। पिछले एक वर्ष से कोविड-19 महामारी बनकर खड़ा है। इस दौरान कई चुनौतियों का सामना करते हुए प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में बड़ा सुधार आया है। पारदर्शी व्यवस्था बनीं। बिल्डर्स परियोजनाओं में बायर्स को उनके घरों का कब्जा दिलाया गया है।

आम आदमी को मूलभूत सुविधायें बेहतर ढंग से उपलब्ध हुई हैं। शहर ने साफ-सफाई में नए आयाम स्थापित किए हैं। शहर में भूमि की उपलब्धता कम होने के बावजूद नए लैंड बैंक का नियोजन किया गया है। किसानों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया गया है।

किसानों के आबादी भूखंड आवंटन लंबित पड़े थे। इन प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है।वर्ष 2017 से अब तक 854 भूखंडों के आवंटन के जरिए अथॉरिटी ने 14,45,724.83 वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया है। इससे नोएडा में 5,761.84 करोड़ का निवेश आया है।

इसी तरह वाणिज्यिक श्रेणी में 3 बड़े भूखंडों में 47,989.97 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। जिससे 767.07 करोड़ का निवेश शहर को मिला है। संस्थागत श्रेणी में 13 भूखंडों में 51,524.49 वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया गया है। जिससे 248.76 करोड के निवेश की संभावना है। इसी तरह आवासीय उपयोग के लिए 1,270 भूखंडों की 23,8165.96 वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया गया है। जिससे 920.75 करोड़ शहर को मिले हैं। विभिन्न श्रेणियों में 3,286 आवासीय भवनों के आवंटन के माध्यम से 1,10,589.62 वर्गमीटर क्षेत्रफल बेचा गया। जिससे 321.42 करोड़ का निवेश संभावित है। इस तरह शहर को 8,019 करोड़ का निवेश हासिल हुआ है। वहीं, न्यायालय के आदेश पर 947 काश्तकारों को 534 करोड़ की धनराशि वितरित की गई है।

## हरियाली बढ़ी, अभी और होगा काम

पार्क में जलाशय, जलपान प्रांगण, एम्फीथियेटर, नवग्रह वाटिका, 2.7 किलोमीटर साइकिल ट्रैक और 4.5 पैदल पथ बनाया गया है। शहर की 210 किलोमीटर सड़कों को डस्ट फ्री जोन बनाया गया है। वर्ष 2017.18 से वर्ष 2020.21 तक कुल 14,50,835 पौधा रोपण किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के दायरे में अब तक 82 सेक्टरों और 19 ग्रामों में कुल 101 ओपन जिम स्थापित किए जा चुके हैं। एमपी रोड-2ए महामाया फ्लाईओवर बोटैनिकल गार्डन, गोल्फ कोर्स सेक्टर-38 आदि स्थानों पर सौन्दर्यीकरण के लिए थीम पेंटिंग करवाई गई हैं।

## हापुड़ में बीस हजार लोगों ने लगवाया टीका

**हापुड़।** हापुड़ में चार दिवसीय टीकोत्सव में जनपद हापुड़ 74 फीसदी अंकों के साथ पास हो गया। चार दिन में जनपद में 45 वर्ष से अधिक आयु वाले 20,000 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य मिला था, लक्ष्य के मुताबिक जनपद में 11 से 14 अप्रैल तक 44 बूथों पर 14, 777 लोगों का टीकाकरण हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रेखा शर्मा ने बताया टीकोत्सव के जरिए जनपद वासियों में टीकाकरण के प्रति जागरूकता आई है। सीएमओ डा. रेखा शर्मा का कहना है कि जनपद में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं। जब तक कोई जरूरी काम न हो, घर से न निकलें। घर से निकलना पड़े तो अच्छे से तीन लेयर वाला मॉस्क लगाकर ही निकलें।





## युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# अरुणधति क्वार्टर फाइनल में, तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज भी जीते

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**खेलो** इंडिया खेलों की तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता अरुणधति चौधरी (69 किग्रा) ने पोलैंड के किल्से में चल रही युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जबकि तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे जिससे देश के मुक्केबाजों के लिए प्रतियोगिता में एक और अच्छा दिन रहा। विकास (52 किग्रा) और अर्शी खानम (54 किग्रा) हालांकि गुरुवार

### आकाश गोरखा सुमित और गितिका जीत दर्ज करने में सफल रहे

को दूसरे दौर के मुकाबलों में शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरुणधति के अलावा आकाश गोरखा (60 किग्रा), सुमित (69 किग्रा) और गितिका (48 किग्रा) जीत दर्ज करने में सफल रहे। अरुणधति ने कोलंबिया की



डेयानिएरा केसस जेरेज को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई जहां उनका सामना यूक्रेन की अन्ना सेज्को से होगा। यूक्रेन की मुक्केबाज को पहले दौर में बाई मिली थी।

आकाश ने सर्वसम्मत फैसले में जर्मनी के एनरिको क्लीश को 5-0 से शिकस्त दी जबकि सुमित ने वेनेजुएला के राफेल एंटोनियो परडोमो को पांच मिनट से भी कम समय में हराया। सुमित के मुकाबले को रैफरी ने दूसरे दौर में ही रुकवा दिया। प्री क्वार्टर फाइनल में आकाश की भिड़ंत मंगोलिया के गेन एर्डिन गनबाटर से होगी जबकि सुमित को स्लोवाकिया के लादिस्लाव होर्वाथ के खिलाफ उतरना है। दूसरी तरफ गीतिका ने आसानी से रूस की डायना एर्माकोवा को हराया। वह दूसरे दौर में कजाखस्तान की अरेलिम मरात से भिड़ेंगी। विकास को हालांकि मंगोलिया के सुखबत एंखजोरित के खिलाफ 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अर्शी को उज्बेकिस्तान की निगिना उकतामोवा के खिलाफ इसी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने टूर्नामेंट में 20 सदस्यीय टीम उतारी है जिसमें 10 पुरुष और इतनी ही महिला मुक्केबाज शामिल हैं। टूर्नामेंट में 52 देशों में 414 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अदिति अशोक लोटे चैंपियनशिप में संयुक्त 35वें स्थान पर



**कापोलेई।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक लगातार दूसरे दौर में 69 के स्कोर के साथ यहां लोटे चैंपियनशिप में दो दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर चल रही हैं पहले दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर छह अंडर 138 है। अदिति ने दूसरे दौर में चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। प्रायोजक के आमंत्रण पर खेल रही युवा सासो ने लगातार दूसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बना रखी है।

### प्रतिबंध घटने के बावजूद ओलंपिक में नहीं खेल पाएंगे कोलमैन

**लुसोन (स्विट्जरलैंड)।** अमेरिका के सौ मीटर के विश्व चैंपियन फर्राटा धावक क्रिस्टियन कोलमैन तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाएंगे क्योंकि डोप परीक्षण नहीं देने के कारण लगे प्रतिबंध को हटाने को लेकर उनकी अपील को शुक्रवार को नकार दिया गया। खेल पंचाट (कैस) ने हालांकि 100 मीटर विश्व चैंपियन कोलमैन के प्रतिबंध को दो साल से घटाकर 18 महीने का कर दिया लेकिन यह प्रतिबंध नवंबर में खत्म होगा जबकि ओलंपिक इससे तीन महीने पहले ही हो जाएंगे। तीन जजों के पैनल ने कहा कि इन हालात में 18 महीने की सजा उचित होगी लेकिन एक साल के समय में तीन बार परीक्षण के लिए नहीं पहुंचने के दौरान एक बार पूरी तरह से कोलमैन की गलती नहीं थी। कोलमैन पर ट्रैक एवं फील्ड की इंटीग्रिटी यूनिट ने दो साल का प्रतिबंध लगाया था जिसे इस अमेरिकी धावक ने चुनौती दी थी। कोलमैन ने हालांकि 2022 के पूरे सत्र में हिस्सा लेने की स्वीकृति होगी जिसमें विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है।

### तोक्यो ओलंपिक प्रमुख ने कहा, खेल रद्द नहीं होंगे

**तोक्यो।** तोक्यो ओलंपिक की आयोजन समिति की प्रमुख सेइको हाशिमोतो ने शुक्रवार को एक बार फिर दुनिया को आश्वासन दिया कि एक बार स्थगित हो चुके ओलंपिक खेल तीन महीने से कुछ अधिक समय बाद शुरू होंगे और जापान में कोविड-19 मामलों में इजाफे के बावजूद इन्हें रद्द नहीं किया जाएगा। हाशिमोतो से प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूछा गया था कि क्या ऐसे कोई हालात हैं जिनमें ओलंपिक को रद्द किया जा सकता है। देश में सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी एलडीपी के महासचिव तोशिहिरो निकाई ने एक दिन पहले ऐसी संभावना जताई थी जिसके बाद होशिमोतो से यह सवाल पूछा गया। हाशिमोतो ने कहा, कई चिंताएं हैं लेकिन तोक्यो 2020 आयोजन समिति खेलों को रद्द करने के बारे में नहीं सोच रही। एलडीपी में दूसरे नंबर के व्यक्ति निकाई से गुरुवार को साक्षात्कार के दौरान जब पूछा गया था कि खेलों को रद्द करना अब भी विकल्प है तो उन्होंने कहा था, बेशक। अगर तोक्यो ओलंपिक से संक्रमण के मामलों में इजाफा होता है तो ओलंपिक के आयोजन का कोई मतलब नहीं है। निकाई ने बाद में अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा कि सुरक्षित ओलंपिक के आयोजन के लिए हरसंभव प्रयास करने की सरकार की स्थिति में कोई बदलाव नहीं है।

### इशांत की एड़ी में हल्की चोट : पोंटिंग

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि टीम के पहले दो आईपीएल मैचों से बाहर रहने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की एड़ी में हल्की चोट है। आईपीएल नीलामी से पहले दिल्ली की टीम ने इशांत को अपने साथ बरकरार रखा था। वह चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम के शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल पाए जिससे युवा तेज गेंदबाज आवेश खान को अंतिम एकादश में जगह मिली। गुरुवार रात रॉयल्स के खिलाफ टीम की तीन विकेट की हार के बाद पोंटिंग ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पहले मैच की बात करें तो इशांत शर्मा की एड़ी में हल्की चोट थी और हम इस पर काम कर रहे हैं। पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एकमात्र मैच खेलते हुए इशांत की पेट की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। वह इसके बाद यूएई में आईपीएल से बाहर हो गए और इसके बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। इशांत की गैरमौजूदगी में आवेश को खेलने का मौका मिला और उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट चटकाकर पोटिंग को काफी प्रभावित किया। पोंटिंग ने कहा, उसने मौके का पूरा फायदा उठाया। वह पिछले कुछ वर्षों से टीम का हिस्सा है लेकिन उसे मौके नहीं मिल रहे थे। अगर आपके पास उसके जैसे भारतीय तेज गेंदबाज और फिर क्रिस वोक्स, एनरिच नोर्ट्जे, कागिसो रबादा और टॉम कुरेन जैसे गेंदबाज हैं तो फिर आपका तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है।

## मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ

# सही संयोजन के साथ उतरना चाहेंगे सनराइजर्स

## डेविड वार्नर की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम को चेन्नई की पिच रास नहीं आ रही

### वैकल्पिक भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धता नहीं होना जैसी कमजोरियां उजागर हुईं

**एजेंसी।** चेन्नई

**सनराइजर्स** हैदराबाद की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमयर लीग में मुंबई इंडियन्स की मजबूत टीम के खिलाफ सही संयोजन के साथ उतरने प्रयास करेगी जिससे कि लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज करके अंकों का खाता खोल सके।

डेविड वार्नर की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम को चेन्नई की पिच रास नहीं आ रही है और टीम 150 रन से भी कम के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही है। पहले दो मैचों में टीम को लक्ष्य का पीछा करने में परेशानी का सामना करना पड़ा है जिससे अंतिम एकादश में गहराई की कमी और मजबूत वैकल्पिक भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धता नहीं होना जैसी कमजोरियां उजागर हुई। कप्तान वार्नर के अंतिम एकादश के चयन पर भी सवाल उठ रहे हैं। जॉनी बेयरस्टा और रिद्धिमान साहा के रूप में दो विकेटकीपर को अंतिम एकादश में जगह देने से कोई मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। साहा सलामी बल्लेबाज के रूप में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए।

साहा 2008 में पहले टूर्नामेंट से आईपीएल का हिस्सा हैं लेकिन उनके रिकॉर्ड को करीब से देखें तो पता चलता है कि वह निरंतर रन बनाने में नाकाम रहे हैं। डग आउट में केदार जाधव जैसे अनुभवी खिलाड़ी और प्रियम गर्ग तथा अभिषेक शर्मा के रूप में दो प्रतिभावान खिलाड़ियों की मौजूदगी से साहा को इस प्रदर्शन के साथ टीम में अधिक मौके मिलने की उम्मीद नहीं है। केदार और अभिषेक के साथ अगर टीम उतरती है तो उसे स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी मिलेगा। विदेशी खिलाड़ियों में अंतिम एकादश में सिर्फ वार्नर और राशिद खान का चयन तय है और ऐसे में सनराइजर्स को पूरी तरह से फिट केन विलियमसन की जरूरत है क्योंकि स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ वह अच्छे बल्लेबाज हैं। मनीष पांडे और अब्दुल समद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद के खिलाफ जैसे शॉट खेले उससे वार्नर निराश होंगे। पांडे को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया और फिनिशर की भूमिका सही तरह से नहीं निभा पाने के कारण संभवत: उन्हें जल्दी ही दोबारा टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिले।

आईपीएल के जरिए हालांकि पांडे के पास अपना दावा मजबूत करने का मौका है। वह उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने सबसे कम स्ट्राइक रेट के साथ 3000 आईपीएल रन पूरे किए हैं। टीम की गेंदबाजी भी चिंता का सबब है। टी नटराजन पिछले सत्र जैसी फॉर्म में नहीं हैं जबकि भुवनेश्वर कुमार भी महंगे साबित हुए हैं।

रोहित शर्मा, क्विंटन डिकॉक, सूर्यकुमार यादव और इशान किशन जैसे मुंबई इंडियन्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को देखते हुए संदीप शर्मा और सिद्धार्थ कौल जैसे हैदराबाद की टीम के वैकल्पिक तेज गेंदबाज भी अधिक प्रभावी नजर नहीं आते। इस बात की संभावना कम है कि मुंबई की टीम अपनी अंतिम एकादश में बदलाव करेगी, विशेषकर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ। मुंबई इंडियन्स को हालांकि अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।



### टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, अनमोलप्रीत सिंह, क्रिस लिन, सौरभ तिवारी, धवल कुलकर्णी, जसप्रीत बुमराह, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट, मोहसिन खान, हार्दिक पंड्या, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, कृणाल पंड्या, अनुकुल रॉय, इशान किशन, क्विंटन डिकॉक, आदित्य तारे, एडम मिल्ने, नाथन कूल्टर नाइल, पीयूष चावला, जेम्स नीशाम, युद्धवीर चरक, मार्को जेनसन और अर्जुन तेंदुलकर।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** डेविड वार्नर (कप्तान), केन विलियमसन, विराट सिंह, मनीष पांडे, प्रियम गर्ग, रिद्धिमान साहा, जॉनी बेयरस्टो, जेसन रॉय, श्रीवत्स गोस्वामी, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, केदार जाधव, जे सुचित, जेसन होल्डर, अभिषेक शर्मा, अब्दुल समद, भुवनेश्वर कुमार, राशिद खान, टी नटराजन, संदीप शर्मा, खलील अहमद, सिद्धार्थ कौल, बासिल थम्पी, शाहबाज नदीम और मुजीब उर रहमान।

**समय: मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।**



# चाहर की शानदार गेंदबाजी, चेन्नई को मिला 107 रन का लक्ष्य

**एजेंसी।** मुंबई

**दीपक** चाहर के शानदार शुरुआती स्पैल की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 106 रन के स्कोर पर रोक दिया।

तमिलनाडु के पावर हिटर एम शाहरूख खान ही पंजाब के एकमात्र बल्लेबाज रहे जो क्रीज पर टिक सके जिन्होंने 36 गेंद में 47 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। लेकिन वह अंतिम ओवर में सैम करेन की गेंद पर आउट हो गए। दीपक चाहर ने अपने चार में से एक ओवर मेडन फेंका और 13 रन देकर चार विकेट हासिल किए। सैम करेन, मोईन अली और ड्वेन ब्रावो को एक एक विकेट मिला। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों ने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही ठहराते हुए पावरप्ले में पंजाब किंग्स के 26 रन पर चार विकेट झटक लिए। इसमें अहम भूमिका चाहर ने निभाई जिन्होंने पहले ही ओवर में मयंक अग्रवाल (शून्य) को खूबसूरत गेंद पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भी उन्होंने दबाव बनाए रखा और अपने चार ओवर के स्पैल में केवल दो चौके ही लगने दिए।

### पंजाब किंग्स :

लोकेश राहुल रन आउट 05
मयंक अग्रवाल बो चाहर 00
क्रिस गेल का जडेजा बो चाहर 10
दीपक हुड्डा का डु प्लेसिस बो चाहर 10
निकोलस पूरन का ठाकुर बो चाहर 00
शाहरूख खान का जडेजा बो करन 47
जॉय रिचर्डसन बो अली 15
मुरुगन अश्विन का डु प्लेसिस बो ब्रावो 06
मोहम्मद शमी नाबाद 09
रिले मेरेडिथ नाबाद 00
**अतिरिक्त : 04**
**कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर : 106 रन**
**विकेट पतन** :1-1, 2-15, 3-19, 4-19, 5-26, 6-57, 7-87, 8-101

### गेंदबाजी :

दीपक चाहर 4-1-13-4
सैम करन 3-0-12-1
शारदुल ठाकुर 4-0-35-0
रविंद्र जडेजा 4-0-19-0
मोईन अली 3-0-17-1
ड्वेन ब्रावो 2-1-10-1

# अश्विन के कोटा के ओवर पूरे नहीं कराना संभवत: गलती थी : पोंटिंग

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में गुरुवार रात तीन विकेट से हार के बाद स्वीकार किया कि आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उनके कोटे के पूरे ओवर नहीं देना संभवत: गलती थी। अश्विन ने तीन ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और इस दौरान उनके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी। दिल्ली की टीम 148 रन के लक्ष्य का बचाव कर रही थी। क्रीज पर बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों डेविड मिलर (62) और राहुल तेवतिया (19) की मौजूदगी के बावजूद नए



कप्तान ऋषभ पंत ने 13वें ओवर में अश्विन को बरकरार रखने के बजाए मार्कस स्टोइनिस को गेंद थमा दी। स्टोइनिस के इस ओवर में तीन चौके सहित 15 रन बने जिससे रॉयल्स का स्कोर पांच विकेट पर 58 रन से पांच विकेट पर 73 रन हो गया और टीम लय हासिल करने में सफल रही। पोंटिंग ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जब मुझे टीम के साथ बैठकर बात करने का मौका मिलेगा निश्चित तौर पर हम इस बारे में बात करेंगे। उसने शानदार गेंदबाजी की। तीन ओवर में 14 रन। उसके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी।

उन्होंने कहा, पहला मैच उसके लिए निराशाजनक रहा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों में उसने कड़ी मेहनत की जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि वह चीजों से सामंजस्य बैठाए और मैच में चीजें सही करे। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि आज रात उसने शानदार गेंदबाजी की। संभवत: हमारी ओर से यह गलती थी और इस बारे में हम बात करेंगे।

# योजना बनाकर पृथ्वी को आउट करना संतोषजनक : उनादकट

**एजेंसी।** मुंबई

**राजस्थान** रॉयल्स के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बेहतरीन फॉर्म में चल रहे पृथ्वी साव को अपने जाल में उलझाकर आउट करके काफी संतुष्ट हैं। पृथ्वी के आउट होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और टीम इससे उबरने में नाकाम रही।

उनादकट ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने पृथ्वी के अलावा शिखर धवन और अजिंक्य रहाणे को भी आउट किया। पृथ्वी को आउट करने की रणनीति के बारे में पूछने पर उनादकट ने कहा, हमने पृथ्वी के लिए कुछ योजनाएं बनाई थी। वह पिछले मैच में काफी अच्छा खेला और आपको पता है कि वह सीधे शॉट काफी अधिक खेलना पसंद करता है। गेंद स्विंग हो रही थी और पृथ्वी ने आफ स्टंप के बाहर की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के बाहरी किनारे से लगकर बैकवर्ड प्वाइंट पर डेविड मिलर के हाथों में चली गई। उनादकट ने कहा, अगर आप सीधे शॉट को रोकने के लिए खिलाड़ी लगाओगे तो आपको पता है कि बल्लेबाज कुछ नया करने का प्रयास करेगा। वह पृथ्वी हो या कोई और, अगर गेंद मूव कर रही है तो फिर आप कुछ अलग शॉट खेलने का प्रयास करते हो जो मुझे लगता है कि उसने अंतत: किया और हम भाग्यशाली रहे कि हमें उसका विकेट मिला।

# अर्जेन्टीना के खिलाफ जीत से मनोबल बढ़ा, ओलंपिक में इस लय का इस्तेमाल करना चाहते हैं : पाठक

**एजेंसी।** ब्यूनस आयर्स

**अर्जेन्टीना** के खिलाफ भारत के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल युवा गोलकीपर कृष्ण पाठक ने कहा कि वह तोक्यो ओलंपिक के दौरान सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहना चाहते हैं और उनकी नजरें अगले महीने एफआईएच प्रो हॉकी लीग मैचों में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन करने पर टिकी हैं।

अर्जेन्टीना के खिलाफ भारत की ओर से 50 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाले तेइस साल के पाठक ने गत ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग में भारत की दोनों मुकाबले जीतने में अहम भूमिका निभाई। पाठक ने हॉकी



इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 50 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर मैं बेहद खुश हूं। इतने कम समय में इतना कुछ हो गया। मुझे बड़े टूर्नामेंटों में खेलने का मौका मिला और अपने सीनियर खिलाड़ियों से मैंने काफी कुछ सीखा। उन्होंने कहा, कोचों को हमेशा मेरी प्रतिभा पर भरोसा था। मैं कड़ी मेहनत जारी रखना चाहता हूं और भारत के लिए मैच जीतना चाहता हूं। इस उपलब्धि को हासिल करके मैं गौरवांवित हूं।

बुधवार को संपन्न अर्जेन्टीना दौरे के दौरान भारत ने मेजबान टीम को दो चरण के एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में हराया। पहले मैच में शूट आउट में भारत की जीत के दौरान पीआर श्रीजेश ने शानदार प्रदर्शन किया जबकि दूसरे मैच में भारत की 3-0 की जीत के दौरान पाठक छाए रहे। दूसरे प्रो लीग मुकाबले में कई शानदार बचाव करने के बाद मैन आफ द मैच बने पाठक ने कहा, मुझे अर्जेन्टीना दौरे से काफी कुछ सीखने को मिला। मुझे पता है कि जब भी मैं खेलूंगा तो मुझे गोलकीपर के रूप में अपनी अहमियत साबित करनी होगी। भारतीय टीम अब एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में आठ और नौ मई को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगी।

# विहारी का निराशाजनक काउंटी पदार्पण, ब्रॉड ने खाता खोले बिना आउट किया

**एजेंसी।** नाटिंघम

**भारत** के टेस्ट विशेषज्ञ हमुना विहारी का वारविकशर की ओर से इंग्लिश काउंटी पदार्पण निराशाजनक रहा जब वह यहां नाटिंघमशर के खिलाफ खाता खोलने में भी नाकाम रहे। बर्मिंघम स्थित काउंटी की ओर से कम से कम तीन मैच खेलने के तैयारी कर रहे विहारी को 40 मिनट क्रीज पर बिताने के दौरान इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ काफी जूझना पड़ा। नाटिंघमशर के 88 ओवर में 273 रन पर आउट होने के बाद विहारी को वारविकशर की पहली पारी के दूसरे ओवर में क्रीज पर आने का मौका मिला लेकिन वह खाता भी नहीं खोल पाए। क्षेत्ररक्षण के दौरान विहारी ने एक ओवर किया और 11 रन दिए। उन्होंने अपने कप्तान विल रोड्स की गेंद पर स्टीवन मुलानी का कैच भी लपका।



ट्रेंटब्रिज पर बल्लेबाजी के दौरान हालांकि विहारी ब्रॉड और जैक चैपल के सामने बिलकुल भी सहज नहीं दिखे। वह 22 गेंद तक जूझने के बाद ब्रॉड की गेंद पर हसीब हामिद को कैच देकर पवेलियन लौटे। वारविकशर ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 24 रन बनाए।

# एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में विनेश और आशु पहली बार खिताब जीतने के करीब



**एजेंसी।** अलमाटी

**ओलंपिक** टिकट हासिल कर चुकी विनेश फोगाट (53 किग्रा) और युवा अंशु मलिक (57 किग्रा) सहित तीन भारतीय पहलवानों ने शुक्रवार को एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में अपने-अपने मुकाबले में जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की। इस प्रतियोगिता में हालांकि कई बड़े नाम हिस्सा नहीं ले रहे हैं। चीन और जापान के प्रतिद्वंद्वियों की अनुपस्थिति में विनेश को आगे बढ़ने में कोई परेशानी नहीं हुई और वह प्रतियोगिता में बिना अंक गंवाए फाइनल में पहुंच गई। उनके पास इस चैम्पियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने का मौका है। उन्होंने इस चैम्पियनशिप में अब तक सात पदक हासिल किए हैं जिसमें तीन राजत पदक शामिल हैं। विनेश ने मंगोलिया की ओटगोंजरगल गनबातर और ताइपे की मेंग ह्सुआन हसिह के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जबकि सेमीफाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी की ह्युनयॉन्ग ओह चोट के कारण रिंग में नहीं उतरी। पिछले साल दिल्ली में आयोजित हुई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली विनेश फाइनल में हसिह से भिड़ेंगी। पिछले दिनों इसी स्थल पर ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंशु ने अपनी लय जारी रखते हुए फाइनल में जगह पक्की की। यह 19 साल की प्रतिभाशाली पहलवान ने शुरुआती दो बाउट में उज्बेकिस्तान की सेवारा इश्मुरतोवा और किर्गिस्तान की नाजिरा मार्सबेक कयजी को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर पटखनी देकर सेमीफाइनल में पहुंची। मंगोलिया की बत्सेत्सेग अल्टांसेटसेग से वह 9-1 से आगे चल रही थीं जब रेफरी ने इस भारतीय खिलाड़ी को विक्ट्री बाय कौशन (प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के जरूरत से ज्यादा आक्रामक रूख के कारण जीत) के कारण जीत प्रदान की। इससे पहले इस मंगोलियाई खिलाड़ी को तीन बार चेतावनी दी गई थी।



फाइनल में उनका सामना इसी मंगोलियाई खिलाड़ी से होगा। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गई। वह अपने चहेते 62 किग्रा वर्ग में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद 65 किग्रा वर्ग में हाथ आजमा रही है। पहले दो बाउट को तकनीकी श्रेष्ठता के जीतने के बाद साक्षी कोरिया की हैनबिट ली के खिलाफ 3-0 से आगे चल रही थी। कोरियाई खिलाड़ी को हालांकि घुटने में चोट लग गई और वह प्रतियोगिता से बाहर हो गई। फाइनल में उनका सामना मंगोलिया की बोलोटुंगालाग जोरिग्ट से होगा।

दिव्या काकरान भी यहां दमदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में पहुंच गई। उन्होंने इस दौरान 72 किग्रा भारवर्ग में एशियाई चैम्पियन कजाखस्तान की झामिला बाकबेर्गेनोवा को 8-5 से हराया।

# मां का पांचवां स्वरूप स्कंदमाता



**मंत्र**
या देवी सर्वभूतेषु मां
स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमो नमः।।

मां का पांचवा स्वरूप है स्कंदमाता। नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की जाती है। स्कंदमाता को सृष्टि की पहली प्रसूता स्त्री माना जाता है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। ये दाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बाईं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है। शास्त्रों में इसका काफी महत्व बताया गया है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। भक्त को मोक्ष मिलता है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांतिमय हो जाता है। अतः मन को एकाग्र रखकर और पवित्र रखकर इस देवी की आराधना करने वाले साधक या भक्त को भवसागर पार करने में कठिनाई नहीं आती है। माता की पूजा से मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है।

**चढ़ावा**

मां को केले का भोग अति प्रिय है। इन्हें केसर डालकर खीर का प्रसाद भी चढ़ाना चाहिए।

**पूजा**

मां के श्रृंगार के लिए खूबसूरत रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्कंदमाता और भगवान कार्तिकेय की पूजा विनम्रता के साथ करनी चाहिए। पूजा में कुमकुम, अक्षत से पूजा करें। चंदन लगाएं। तुलसी माता के सामने दीपक जलाएं। पीले रंग के कपड़ें पहनें।

**मनोकामना**

मां स्कंदमाता की पूजा पवित्र और एकाग्र मन से करनी चाहिए। स्कंदमाता की उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। इसके अलावा जिनके संतान नहीं हैं उन्हें संतान की प्राप्ति होती है।

## दुर्गा महिमा की पावन लोककथा

कौशल देश में सुशील नामक का एक निर्धन ब्राह्मण रहता था। प्रतिदिन मिलने वाली भिक्षा से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके कई बच्चे थे। प्रात:काल वह भिक्षा लेने घर से निकलता और सायंकाल लौट आता था। देवताओं, पितरों और अतिथियों की पूजा करने के बाद आश्रितजन को खिलाकर ही वह स्वयं भोजन ग्रहण करता था। इस प्रकार भिक्षा को वह भगवान का प्रसाद समझकर स्वीकार करता था।

इतना दु:खी होने पर भी वह दूसरों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहता था। यद्यपि उसके मन में अपार चिंता रहती थी, तथापि वह सदैव धर्म-कर्म में लगा रहता था। अपनी इंद्रियों पर उसका पूर्ण नियंत्रण था। वह सदाचारी, धर्मात्मा और सत्यवादी था। उसके हृदय में कभी क्रोध, अहंकार और ईर्ष्या जैसे तुच्छ विकार उत्पन्न नहीं होते थे। एक बार उसके घर के निकट सत्यव्रत नामक एक तेजस्वी ऋषि आकर ठहरे। वे एक प्रसिद्ध तपस्वी थे। मंत्रों और विद्याओं का ज्ञाता उनके समान आसपास दूसरा कोई नहीं था। शीघ्र ही अनेक व्यक्ति उनके दर्शनों को आने लगे। सुशील के हृदय में भी उनसे मिलने की इच्छा जागृत हुई और वह उनकी सेवा में उपस्थित हुआ। सत्यव्रत को प्रणाम कर वह बोला, 'ऋषिवर! आपकी बुद्धि अत्यंत विलक्षण है। आप अनेक शास्त्रों, विद्याओं और मंत्रों के ज्ञाता हैं। मैं एक निर्धन, दरिद्र और असहाय ब्राह्मण हूं। कृपया मुझे बताएं कि मेरी दरिद्रता किस प्रकार समाप्त हो सकती है?'सत्यव्रत ने आगे कहा कि, 'मुनिवर! आपसे यह पूछने का केवल इतना ही अभिप्राय है कि मुझ में कुटुम्ब का भरण-पोषण करने की शक्ति आ जाए। धनाभाव के कारण मैं उन्हें समुचित सुविधाएं और अन्य सुख नहीं दे पा रहा हूं। दयानिधान! तप, दान, व्रत, मंत्र अथवा जप-आप कोई ऐसा उपाय बताने का कष्ट करें, जिससे कि मैं अपने परिवार का यथोचित भरण-पोषण कर सकूं। मुझे केवल इतने ही धन का अभिलाषा है, जिससे कि मेरा परिवार सुखी हो जाए।'

सत्यव्रत ने सुशील को भगवती दुर्गा की महिमा बताते हुए नवरात्रि व्रत करने का परामर्श दिया। सुशील ने सत्यव्रत को अपना गुरु बनाकर उनसे मायाबीज नामक भुवनेश्वरी मंत्र की दीक्षा ली। तत्पश्चात नवरात्रि व्रत रखकर उस मंत्र का नियमित जप आरंभ कर दिया। उसने भगवती दुर्गा की श्रद्धा और भक्तिपूर्वक आराधना की। नौ वर्षों तक प्रत्येक नवरात्रि में वह भगवती दुर्गा के मायाबीज मंत्र का निरंतर जप करता रहा। सुशील की भक्ति से प्रसन्न होकर नौवें वर्ष की नवरात्रि में, अष्टमी की आधी रात को देवी भगवती साक्षात प्रकट हुईं और सुशील को उसका अभीष्ट वर प्रदान करते हुए उसे संसार का समस्त वैभव, ऐश्वर्य और मोक्ष प्रदान किया। इस प्रकार भगवती दुर्गा ने प्रसन्न होकर अपने भक्त सुशील के सभी कष्टों को दूर कर दिया और उसे अतुल धन-संपदा, मान-सम्मान और समृद्धि प्रदान की। इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि किसी भी कार्य को श्रद्धा, भक्ति और निष्ठा से करने पर उसका फल सदैव अनुकूल ही प्राप्त होता है।

## अगर नवरात्रि में कर रहे हो नए घर में प्रवेश, तो इन बातों का रखें ध्यान

**नवरात्रि** का हिंदू धर्म में काफी बड़ा महत्व माना जाता है। नवरात्रि में नौ दिनों तक देवी के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि में घट स्थापना करके भक्तजन नौ दिनों तक देवी की आराधना करते हैं। माता की पूजा से घर में सुख, यश, धन, वैभव और खुशियां आती हैं।

नवरात्रि के दौरान लोग अपने नए कार्यों का शुभारंभ करते हैं। इसका शास्त्रों में बड़ा खास महत्व बताया गया है। मनुष्य अपने जीवन को संवारने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। इस भागदौड़ वाली जिंदगी में सभी का सबसे बड़ा सपना 'अपना घर' होने का होता है। जब व्यक्ति अपने नए मकान में प्रवेश करता है तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। जब नए घर में प्रवेश करते है तो उससे पहले शुभ मुहूर्त दिखाया जाता है। शुभ मुहूर्त में ही गृह प्रवेश करना उचित रहता है। अगर गृह प्रवेश के समय व्यक्ति कोई गलती कर देता है तो उसके नए घर में प्रवेश के साथ घर क्लेश रहने लग जाता है। नवरात्रि में गृह प्रवेश करना काफी शुभ माना जाता है। लेकिन इसमें भी काफी बातों को ध्यान में रखना पड़ता है।



1. नवरात्रि में गृह प्रवेश करने से पहले किसी विद्वान ब्राह्मण से पूछकर घर में प्रवेश का मुहूर्त के समय और तिथि का निर्धारण करना पड़ता है।
2. मंगल कलश के साथ नए घर में प्रवेश करना चाहिए। उसमें आम या अशोक के पेड़ की पत्तियां साथ में रखें। इसके अलावा मंगल कलश पर स्वास्तिक का निशान ज़रुर बनाएं।
3. गृह प्रवेश करते समय पति दाहिना पैर और पत्नी बायां पैर आगे रखें। मंगल गीतों के साथ ही गृह प्रवेश करें। ऐसा करना शास्त्रों में काफी लाभदायक बताया गया। इससे गृह क्लेश की समस्या से छुटकारा मिलता है।
4. घर में प्रवेश के बाद भगवान गणेश का ध्यान करते हुए मंगल कलश को घर के ईशान कोण में या फिर पूजा घर में स्थापित करें। इसके बाद रसोई घर में भी पूजा करनी चाहिए। चूल्हे, पानी रखने के स्थान और स्टोर आदि में धूप, कुमकुम, हल्दी और चावल आदि से पूजन कर स्वास्तिक चिन्ह बनाना चाहिए।
5. रसोई में पहले दिन नए चूल्हे पर गुड़ और हरी सब्जियां रखना शुभ माना जाता है। चूल्हे को जलाकर सबसे पहले उस पर दूध उफानना चाहिए, इसके बाद उस पर भगवान के लिए प्रसाद बनाकर उसका भोग लगाना चाहिए।
6. इसके बाद नई रसोई घर में सभी जनों के लिए भोजन बनाए। उस भोजन में से पहले गाय के लिए रोटी अलग से निकाल कर फिर सभी को भोजन करवाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख, शांति व समृद्धि आती है व हर प्रकार के दोष दूर हो जाते हैं।

## मां स्कंदमाता का मंत्र

मां स्कंदमाता का वाहन सिंह है। इस मंत्र के उच्चारण के साथ मां की आराधना की जाती है।

*सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥*
*ॐ देवी स्कन्दमातायै नमः॥*

संतान प्राप्ति हेतु जपें स्कन्द माता का मंत्र

पंचमी तिथि की अधिष्ठात्री देवी स्कंद माता हैं। जिन व्यक्तियों को संतानाभाव हो, वे माता की पूजन-अर्चन तथा मंत्र जप कर लाभ उठा सकते हैं। मंत्र अत्यंत सरल है।

*ॐ स्कंदमात्रै नमः।।*

निश्चित लाभ होगा।

इसके अतिरिक्त इस मंत्र से भी मां की आराधना की जाती है।

*या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कंदमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।*

स्कंद माता की उपासना से बालरूप स्कंद भगवान की उपासना स्वयं हो जाती है। मां स्कंद माता की उपासना से उपासक की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं।

वंदे वांछित कामर्थेचंद्रार्घकृतशेखराम्।
सिंहारूढाचतुर्भुजास्कंधमातायशस्वनीम्
धवलवर्णाविशुद्ध चक्रस्थितांपंचम दुर्गा
त्रिनेत्राम।
अभय पदमयुग्म करांदक्षिण उरूपुत्रधरामभजेम्
पटाम्बरपरिधानाकृदुहज्ञसयानानालंकारभूषिताम्।
मंजीर हार केयूर
किंकिणिरत्नकुण्डलधारिणीम।।
प्रभुल्लवंदनापल्लवाधरांकांत कपोलांपीन
पयोधराम्।

## ध्यान

कमनीयांलावण्यांजारूत्रिवलींनितम्बनीम्घ् स्तोत्र
नमामि स्कंधमातास्कंधधारिणीम्।
समग्रतत्वसागर अपरमपार पारगहराम्
शिप्रभांसमुल्वलांस्फुरच्छशागशेखराम्।
ललाटरत्नभास्कराजगतप्रदीप्तभास्कराम्
महेंद्रकश्यपाद्दचतांसनत्कुमारसंस्तुताम्।
सुरासेरेंद्रवन्दितांयथार्थनिर्मलादभुताम्
मुमुक्षुभिद्दवचिन्तितांविशेषतत्वमूचिताम्।
नानालंकारभूषितांकृगेंद्रवाहनाग्रताम्।।
सुशुद्धतत्वातोषणांत्रिवेदमारभषणाम्।
सुधाद्दमककौपकारिणीसुरेंद्रवैरिघातिनीम्
शुभांपुष्पमालिनीसुवर्णकल्पशाखिनीम्।
तमोअन्कारयामिनीशिवस्वभावकामिनीम्
सहस्त्रसूर्यराजिकांधनच्जयोग्रकारिकाम्।
सुशुद्धकाल कंदलांसुभृडकृन्दमच्जुलाम्
प्रजायिनीप्रजावती नमामिमातरंसतीम्।
स्वकर्मधारणेगतिंहरिप्रयच्छपार्वतीम्
इनन्तशक्तिकान्तिदांयशोथमुक्तिदाम्।
पुनरूपुनर्जगद्धितांनमाम्यहंसुराद्दचताम्
जयेश्वरित्रिलाचनेप्रसीददेवि पाहिमाम्

## कवच



ऐं बीजालिंकादेवी
पदयुग्मधरापरा।
हृदयंपातुसा देवी कातिकययुताघ्
श्रींहीं हुं ऐं देवी
पूर्वस्यांपातुसर्वदा।
सर्वांग में सदा पातुस्कन्धमातापुत्रप्रदाघ्
वाणवाणामृतेहुं फट् बीज समन्विता।
उत्तरस्यातथाग्नेचवारूणेनेत्रतेअवतुघ्
इन्द्राणी भैरवी चौवासितांगीचसंहारिणी।
सर्वदापातुमां देवी चान्यान्यासुहि दिक्षवैघ्

# नैतिक रूप से बनें अच्छे



**राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि सारी समस्याएं नैतिक या आध्यात्मिक मूल्यों को परखने की हमारी विफलता के कारण पैदा होती हैं**

हम में से ज्यादातर लोगों ने जब समस्या या किसी स्थिति से सामना किया तो स्वाभाविक तौर पर उसके प्रति भौतिक, मानसिक, जबानी, मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक या आध्यात्मिक प्रतिक्रिया व्यक्त की। यह स्वाभाविक है क्योंकि प्रत्येक भावनात्मक स्थिति एक उत्तेजना के रूप में काम करती है और एक जीवित व्यक्ति से किसी प्रकार की प्रतिक्रिया मांगती है। समस्या की प्रतिक्रिया राजनीतिक, आर्थिक, कानूनी, सामाजिक, सैन्यवादी, राजनयिक, तकनीकी या कोई अन्य हो सकती है। उदाहरण के लिए, एक कठिन परिस्थिति, देश के एक खास हिस्से में, लोगों के एक बड़े समूह द्वारा बनाई गई, जो किसी तरह की स्वायत्तता की मांग करते हैं, क्योंकि लंबे समय तक वे सत्तारूढ़ सरकार द्वारा उपेक्षित रहे हैं, जो कि अन्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देती आई है। अब, इस तरह की स्थितियों में, सरकार या तो राजनीतिक प्रतिक्रिया कर सकती है और संसद में एक अधिनियम पारित करके उन्हें कोई समाधान दे सकती है या वह यह आश्वासन देकर आर्थिक प्रतिक्रिया दे सकती है कि वे अब उनके भावी विकास के लिए एक बड़ी राशि खर्च करेंगे। इसी तरह, जब दो देशों के बीच संघर्ष होता है, तो वे स्वयं राजनीतिक, कूटनीतिक या सैन्य रूप से समस्या का समाधान कर सकते हैं।

इनके अलावा, कुछ ऐसा है जिसे 'आध्यात्मिक प्रतिक्रिया' कहा जाता है, जो वैचारिक, गुणात्मक और अनुभवात्मक रूप से इन सभी प्रकार की प्रतिक्रिया से बहुत अलग है। इस संदर्भ में, 'आध्यात्मिक' का तात्पर्य 'धार्मिक' नहीं है। यह इस समझ पर आधारित है कि हमारे शरीर में एक आत्मा बसती है यानी एक प्राणी, जो अपने मूल स्वभाव से, भौतिक, क्षणभंगुर, अल्पकालिक, अभूतपूर्व या विनाशकारी से पूर्णतया अलग है। यह प्रकाश बिंदु के रूप में है, जो अपने स्वभाव में भौतिक या सांसारिक नहीं है बल्कि दिव्य है। इस प्रकाश की एक अनिवार्य विशेषता यह है कि यह इस अर्थ में सचेत है कि यह सोचने, समझने, न्याय करने, महसूस करने, याद रखने, सीखने और नैतिक रूप से अच्छा या बुरा होने में सक्षम है। इसीलिए आध्यात्मिक प्रतिक्रिया, ऐसी प्रतिक्रिया दर्शाती है जो नैतिक अच्छाई, प्रेम, शांति और उद्देश्यों, विचारों और कार्यों की पवित्रता पर आधारित है।

इसे एक आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लिया गया है। यह मनुष्य के भाईचारे व भगवान के पितृत्व में विश्वास पर आधारित है। यह प्रतिक्रिया इस दृढ़ विश्वास पर टिकी है कि हमें अच्छा करना चाहिए और कभी भी बुरा नहीं करना चाहिए, क्योंकि कर्म का सिद्धांत अपरिहार्य है और हम अपने बुरे कार्यों के परिणामस्वरूप कष्ट भोगेंगे। इस प्रकार, आध्यात्मिक प्रतिक्रिया जागरुकता पर आधारित नैतिक प्रतिक्रिया है कि हम आत्माएं और भाई हैं। यह प्रतिक्रिया इस समझ पर आधारित है कि सभी समस्याएं नैतिक या आध्यात्मिक मूल्यों का पालन करने में हमारी विफलता के कारण उत्पन्न होती हैं और इसलिए, शब्द का सही अर्थों में - उन मूल्यों का अवलोकन करके हल किया जा सकता है।

आध्यात्मिक प्रतिक्रिया हमेशा या आमतौर पर किसी स्थिति की प्रतिक्रिया नहीं होती है। दूसरी ओर, यह एक क्रिया है। आध्यात्मिक प्रतिक्रिया करने वाला व्यक्ति 'दांत के लिए दांत और आंख के लिए आंख' नीति का पालन नहीं करता है। एक गुस्सैल व्यक्ति के प्रति उसका रवैया क्रोध या घृणा के कारण नहीं बनता है, बल्कि, वह शांति और प्रेम के अपने मूल, आध्यात्मिक स्वभाव में बसता है। इस तरह की प्रतिक्रिया, इसीलिए, शांति से, स्वभाव से, सौहार्दपूर्वक, निष्पक्ष रूप से और मानवीय रूप से दिव्य मदद की संभावना के साथ समस्याओं को हल करने की एक बड़ी क्षमता है। मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता के बारे में अब प्रेस व विभिन्न मंचों से लगातार उल्लेख किया जाता है। लेकिन यह महसूस नहीं किया जाता है कि आध्यात्मिकता के बिना मूल्यों में एक बहुत ही आवश्यक घटक की अभाव होता है और वे अधिक ताकत और दिव्यता के बगैर होते हैं। केवल उन नैतिक मूल्यों को याद रखें, जो सभी प्राणियों की आध्यात्मिक प्रकृति की जागरुकता से उत्पन्न होते हैं और जिनके पास सभी समस्याओं के अंतिम समाधान की ओर ले जाने वाली वो आध्यात्मिक सामग्री होती है।

दुनिया में आज भी ऐसे लाखों लोग हैं जो मानते हैं कि शरीर भौतिक है जबकि आत्मा अभौतिक, यानी आध्यात्मिक। लेकिन शायद ही कोई धार्मिक व्यक्ति इस मान्यता को जीता है। हम अक्सर यह देखते हैं कि व्यावहारिक जीवन में लिंग, नस्ल, राष्ट्रीयता, जातीयता, भाषा, आयु आदि के आधार पर लगभग हर व्यक्ति, एक - दूसरे के बीच भेदभाव करता है। जाहिर है, ये कारक शरीर-चेतना या सामग्री संबंधीं जागरुकता पर आधारित हैं। ये सत्य की दृढ़ जागरुकता पर आधारित नहीं हैं कि सभी प्राणी आत्माएं हैं। इस प्रकार, उनके विश्वास और व्यवहार के बीच भारी अंतर होता है। इसलिए, 'आध्यात्मिक प्रतिक्रिया' के संदर्भ में, यह समझा जाना चाहिए कि यह इस जागरुकता के आधार पर हमारी व्यावहारिक प्रतिक्रिया को संदर्भित करता है कि हम सभी आत्माएं और भाई हैं। आज, यह पहचान या जिसे 'पहचान-संकट' कहा जाता है, 'नैतिक संकट' या 'मूल्यों का संकट' सहित अनेक प्रकार के संकटों की जड़ में है' 'व्यवहार में आत्मा-चेतना' की पूरी अवधारणा सामान्य लग सकती है। लेकिन अगर हम इसकी गहराई, इसके पहुंच और नतीजों की जांच करें, तो हम पाएंगे कि यह एक क्रांतिकारी अवधारणा और एक उल्लेखनीय अभ्यास है जो व्यक्ति में दृष्टिकोण में मानक बदलाव लाएंगे। इसमें सभी प्रकार के भेदभाव और घृणा को समाप्त करने और भाईचारे वाला प्रेम और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने की बहुत अधिक क्षमता है। इस पर आधारित आध्यात्मिक प्रतिक्रिया हमारी सोच में एक महान गुणात्मक अंतर लाएगी और इससे हमारी समस्याओं को समाप्त करने और नए, मूल्य आधारित समाज की शुरुआत होगी।

